शवनिवार 13 जून 2026
ज्येष्ठ कृष्ण - 12

डाक संस्करण
रविवार 14 जून 2026

Email- dainiklokmaya@gmail.com

RNI No.-CHHHIN/2010/35328

डाक पंजीयन-छग/रायपुर संभाग/17/2026-2028

दैनिक अखबार संपूर्ण छत्तीसगढ़ के समाचार

# लोकमाया



रायपुर, वर्ष-17, अंक - 151 | रायपुर, भोपाल और दिल्ली से प्रकाशित | E paper-lokmaya.news | पृष्ठ- 12 | मूल्य- ₹ 2

## उपमुख्यमंत्री अरुण साव का बस्तर दौरा: विश्वास की बुनियाद पर विकास और संवाद की दस्तक

लोकमाया न्यूज।

विश्लेषण
आशीष मिश्रा
प्रबंध संपादक

**रायपुर।** लंबे समय तक नक्सलवाद, अवसंरचना की कमी और प्रशासनिक उपेक्षा की चुनौतियों से जूझते रहे बस्तर में अब बदलाव की स्पष्ट खनक है। ऐसे में, छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव के बस्तर संभाग के चार दिवसीय हालिया सघन दौरे को केवल एक प्रशासनिक या विभागीय मुखिया के नाते मैदानी हकीकत का आकलन मात्र नहीं माना जा सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की सोच और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अगुवाई मे बस्तर अब करवट बदल रहा है, ऐसे में उप मुख्यमंत्री का बस्तर प्रवास केंद्र और राज्य सरकार की सोच व संकल्प को जमीनी स्तर पर मजबूती देने के अटल इरादों को आलोकित करता है। वास्तव में यह बस्तर की दुर्गम पगडंडियों को विकास के मुख्य राह से जोड़ने और सुदूर वनांचल में पीढ़ियों से निवासरत अंतिम व्यक्ति को साफ पीने का पानी मुहैया कराने, उनके लिए सुविधाजनक सड़कें बनाने सहित हर जन कल्याणकारी योजना व कार्यक्रमों को जन सामान्य तक पहुंचाने की मानवीय एवं प्रशासनिक संवेदना का अक्स है।

उप मुख्यमंत्री अरुण साव के पास इस समय लोक निर्माण,लोक स्वास्थ्य अभियांत्रकीय, नगरीय प्रशासन, खेल एवं युवा कल्याण, विधि-विधायी जैसे महत्वपूर्ण विभाग है जो आम जनता से सीधे ताल्लुक वाले विभाग माने जाते हैं। ऐसे में इन विभागों के भार साधक मंत्री का बस्तर के सुदूर जिलों में तपिश भरी दोपहरी में निर्माण एजेंसियों और मातहतों को साइट पर बुलाकर योजनाओं की टाइम लाइन अनुरूप प्रगति की जानकारी लेते या फिर विलंब पर साक्ष्य मय दस्तावेजों को सामने रखकर गंभीर मगर सौम्य आचरण के साथ कड़क संदेश, अभिमत और निर्देश देते दिखे। विकासोन्मुखी लक्ष्य के लिए पूरे सिस्टम को एक जुट करना उनकी वह खूबी है जिसके लिए 'शालीनता से कठिन चुनौतियों को साधने वाले जन नेता' के तौर पर भाजपा के शीर्ष नेतृत्व और अपने संगठन द्वारा वो हमेशा सराहे जाते हैं ।

इस दौरे में उप मुख्यमंत्री ने बस्तर की फिजाँ में बदलाव के बीच विकास के रोड मैप पर अधिकारियों से गहन मंत्रणा की है। उनके इस दौरे की चर्चा इसलिए भी लाजमी है कि मैराथन बैठकों में सुने आंकड़ों की रफ्तार जाँचने वो बस्तर संभाग के गाँव, कस्बे, टोले, मोहल्ले की गलियों और राजमार्ग तक भी गए। बस्तर जिले के तोकापाल विकासखण्ड के दुगनपाल, कोंडागांव जिले के ग्राम बेड़मा, दंतेवाड़ा जिले के टेकनार की महिलाओं से सीधे संवाद कर जल जीवन मिशन और उससे जुड़े जल अर्पण कार्यक्रम की हकीकत को भी परखा और दौरा पूरा करते करते जहां




शिकायत मिली वहीं बड़े अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगने से भी नहीं चूके। सड़क पर उतरकर उन्होनें रायपुर-जगदलपुर मार्ग पर 308 करोड़ रुपए की लागत से प्रस्तावित बहुप्रतीक्षित केशकाल घाट फोरलेन बायपासरुट के निर्माण के लिए कार्यादेश के साथ इस प्रोजेक्ट को तेजी से पूरा करने के निर्देश मौके पर दिए। ऐसे ही राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर ही केशलूर-जगदलपुर मार्ग में किरंदुल-विशाखापट्टनम रेलवे लाइन के उपर 69 करोड़ 36 लाख रुपए की लागत से बन रहे फोरलेन रेलवे ओवरब्रिज का निरीक्षण भी उन्होंने किया और देरी पर अधिकारियों से सख्त सवाल पूछे।

उपमुख्यमंत्री अरुण साव का ये दौरा सोशल मीडिया के प्रचारात्मक शोर-शराबे से दूर पूरी तरह से बदलते बस्तर के अभिनंदन को समर्पित दिखा। अपने गाँव कोहड़िया की पगडंडियों में पले बढ़े अरुण गाँव की जरूरत, ग्रामीणों के माथे पर पड़ने वाले शिकन को बाल्यकाल से देखते और समझते आ रहे हैं। वो गाँव और शहर के सेतुबंध से जुड़े हर जरूरी फेक्टर से इसलिए भी वाकिफ हैं क्योंकि वो छत्तीसगढ़ के उस मुंगेली शहर से आते हैं जिसने कस्बे से शहर के रूप में रूपांतरण की प्रक्रिया को जीने की अब शुरुआत की है। उनका विधान सभा क्षेत्र लोरमी वनांचल में बसा वो इलाका है जहां निवासरत बैगा आदिम जनजातीय परिवारों का सहज भोलापन है, जिनके लिए अपने जीवन मूल्यों के बीच गुजरती जिंदगी, पगडंडियों की बजाए मजबूत सड़कें जिन्हें आज भी थकान का भाव देती है। यह समाज आज भी अपने अधिकारों को परिभाषित कर पाने या जानने से कोसों दूर हैं। ऐसे में अरुण साव उनकी सशक्त आवाज बनकर उन तक संसाधनों को खुद लेकर जाने की बड़ी जिम्मेदारी निभाए जा रहे हैं, उनका यही स्नेह अधिसूचित क्षेत्र बस्तर में भी बखूबी दिखा। उनकी कृषक पारिवारिक पृष्ठभूमि, एक छोटे कस्बे में रचा बसा अपनापन, वहाँ गुजारे दिन और मुंगेली सरस्वती शिशु मंदिर की ओजस्वी शिक्षा उनके सोच को पर्याप्त विहंगम बनाती है।

सत्तर-अस्सी के दशक में मुंगेली तहसील अविभाजित मध्यप्रदेश की राजनीति का पावर हाउस हुआ करता था। पूर्व सांसद निरंजन प्रसाद केशरवानी, पूर्व गृहमंत्री मनहरण लाल पाण्डेय, पूर्व स्वास्थ्य मंत्री डॉ भानु गुप्ता, फूलचंद जैन,वल्लभ सिंह केशर, अभय राम साव, डॉ. केशव मिश्रा, रामजी गुप्ता, ठाकुर केदार सिंह, केशवराव गोवर्धन उस दौर के वो शख्सियत रहे जिनके सामने अपना बचपन जीते हुए हलधर किसान छाप के बिल्ले को छाती पर टाँककर अरुण साव अब उस पीढ़ी से मशाल लेकर सबसे आगे चल रहे हैं। बतौर सांसद, भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष, और सबसे पहले जुझारू संकल्पित और सौम्य कार्यकर्ता के तौर पर अरुण हर जगह राजनीति का स्वर्ण कमल खिलाने की जिम्मेदारी निभाते आ रहे हैं। पैतृक गाँव लोहड़िया के ठेठ जीवन शैली को करीब से देखने की वजह से वो बस्तर के बेहतरी के सिद्धि-संकल्प की पूर्णता को पूरी प्राथमिकता देते हैं जिसकी झलक इस पूरे दौरे में दिखी।

बस्तर आज परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, पर्यटन और आजीविका के क्षेत्र में लगातार नए प्रयास हो रहे हैं। ऐसे समय में उपमुख्यमंत्री का स्वयं क्षेत्र में पहुंचकर योजनाओं की समीक्षा करना और स्थानीय जनप्रतिनिधियों तथा नागरिकों से संवाद प्रशासनिक जवाबदेही को मजबूत करता है। वन्य ग्रामों के साथ ही बस्तर में शहरीकरण ने भी जोर पकड़ा है। नए शहर तेजी से विकसित हो रहे हैं, उनकी आवश्यकताएं भी उसी अनुपात में बढ़ रही हैं। विशेष रूप से नगरीय निकायों की स्थिति, स्वच्छता, पेयजल आपूर्ति, आवास योजनाओं और आधारभूत सुविधाओं के विस्तार पर उपमुख्यमंत्री का जोर स्वागत योग्य है। बस्तर की पहचान अब संघर्ष की नहीं, बल्कि संभावनाओं की बन रही है। जनजातीय संस्कृति, वन संपदा और इको-टूरिज्म प्रदेश की नई विकास गाथा लिख रहे हैं। सरकार की नीतियां यदि स्थानीय युवाओं को रोजगार और उद्यमिता से जोड़ने में सफल होती हैं तो बस्तर देश में सुशासन की समृद्ध परिभाषा गढ़ने तैयार है। साव यह भी जानते हैं कि यदि प्राथमिकताओं को धरातल पर प्रभावी ढंग से लागू किया गया, तो बस्तर केवल छत्तीसगढ़ ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए समावेशी विकास, सुशासन और जन विकास का एक सफल मॉडल बन सकता है। ऐसे में अरुण साव का यह दौरा समग्र विकास की दिशा में एक सकारात्मक कदम हैं, जिसकी निरंतरता बनी रहनी चाहिए।

### संक्षिप्त समाचार

#### खराब मौसम के कारण रेवंत रेड्डी की उड़ान हैदराबाद के बजाय बेंगलुरु मुड़ी

**हैदराबाद।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी को लेकर हैदराबाद आ रही उड़ान को खराब मौसम के कारण बेंगलुरु की ओर मोड़ दिया गया।



तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के आसपास करीब दो घंटे तक तेज बारिश, गरज और बिजली चमकने का दौर जारी रहा। खराब मौसम और तेज हवाओं को देखते हुए एहतियातन हवाई अड्डे पर विमानों की लैंडिंग अस्थायी रूप से रोक दी गयी। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी दिल्ली में विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने के बाद शाम 6:30 बजे इंडिगो की उड़ान से रवाना हुए थे। उनका विमान रात 9:15 बजे शमशाबाद हवाई अड्डे पर उतरने वाला था।

#### ईडी ने नगरपालिका भर्ती घोटाले में तृणमूल विधायक मदन मित्रा के ठिकानों पर की छापेमारी

**नयी दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) नगरपालिका भर्ती घोटाले के सिलसिले में तृणमूल कांग्रेस के विधायक और पूर्व मंत्री मदन मित्रा से जुड़ी सात जगहों पर तलाशी ले रहा है।



सूत्रों के मुताबिक, जांच में पता चला है कि मित्रा ने कथित तौर पर बिचौलियों के ज़रिये नकद और सोने के रूप में रिश्वत ली थी। यह रिश्वत कामरहाटी नगरपालिका सहित कई नगरनिगम पदों पर अयोग्य उम्मीदवारों की नियुक्ति कराने के लिए ली गयी थी। ईडी ने मित्रा का संबंध ऐसी 125 से ज़्यादा कथित गैर-कानूनी नियुक्तियों से जोड़ा है।

## उत्तराखंड : राष्ट्रपति ने पहली बार किया नौ महिला कैडेट सहित 515 कैडेट की पासिंग आउट परेड का निरीक्षण

लोकमाया न्यूज।

**देहरादून।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को उत्तराखंड के देहरादून में स्थित भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए) में पासिंग आउट परेड (पीओपी) का निरीक्षण किया और कैडेट की सलामी ली।

आईएमए के चेटवुड हॉल के सामने ड्रिल स्क्वायर पर आयोजित 158वें सामान्य कोर्स एवं 141वें तकनीकी स्नातक कोर्स की परेड में 515 कैडेट पास आउट हुए। इनमें 481 भारतीय और 16 मित्र देशों के 34 अधिकारी कैडेट शामिल हैं। परेड



की खास बात यह रही कि आईएमए के 93 साल के इतिहास में पहली बार नौ महिला कैडेट पुरुष कैडेटों के साथ पास आउट हुईं और सेना में अधिकारी बनीं।

मुर्मू ने अपने संबोधन में युवा अधिकारियों से कर्तव्यनिष्ठा और देशसेवा को सर्वोपरि रखने का आह्वान किया। उन्होंने महिला अधिकारियों को विशेष बधाई दी और इसे नारी शक्ति का सम्मान बताया। इस अवसर पर राज्यपाल सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह भी उपस्थित रहे।

## ऑयल फैक्ट्री में भीषण आग कर्मचारियों के फंसे होने की आशंका

लोकमाया न्यूज।

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के उरला औद्योगिक क्षेत्र स्थित पोरवाल ऑयल फैक्ट्री में शनिवार सुबह भीषण आग लगने से अफरा-तफरी मच गयी।

घटना के बाद फैक्ट्री में कुछ कर्मचारियों के फंसे होने की आशंका जताई जा रही है, हालांकि अब तक किसी के हताहत होने की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस एवं प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार आग लगने के बाद फैक्ट्री परिसर और आसपास के क्षेत्र में धुएं का घना गुबार फैल गया। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का अभियान शुरू किया गया। एहतियात के तौर पर



पुलिस बल भी घटनास्थल पर तैनात किया गया है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, फैक्ट्री में टायरों को जलाकर डामर तैयार किया जाता है।

शनिवार सुबह काम के दौरान अचानक आग भड़क उठी। आग लगने के कारणों की अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। शुरुआती जांच में नमूने एकत्रित करने के दौरान वाल्व बंद नहीं होने के कारण गर्म पदार्थ के बाहर निकलकर ऑक्सीजन के संपर्क में आने से आग लगने की आशंका व्यक्त की जा रही है।

अधिकारियों ने बताया कि आग पर काबू पाने के प्रयास लगातार जारी हैं और स्थिति पर नजर रखी जा रही है।

आग पूरी तरह बुझने के बाद हादसे के कारणों की विस्तृत जांच कराई जाएगी तथा संपत्ति को हुए नुकसान का आकलन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि दो दिन पूर्व रायपुर के व्यस्त एमजी रोड स्थित मौदहापारा थाना के सामने जया ऑटोमोबाइल्स के भवन में भी आग लग गयी थी। उस घटना में आग भवन की दूसरी और तीसरी मंजिल तक फैल गयी थी तथा दमकल कर्मियों को करीब 11 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण मिला था।

## वायु सेना का ए न 32 मालवाहक विमान दुर्घटनाग्रस्त



**नयी दिल्ली।** वायु सेना का एक माल वाहक विमान ए एन 32 शनिवार को असम के जोरहाट वायु सेना स्टेशन में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। वायु सेना ने विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने की पुष्टि की है, हालांकि इसके अलावा अभी आधिकारिक रूप से कोई जानकारी नहीं दी है। वायु सेना ने कहा है कि दुर्घटना के बारे में जानकारी मिलने के बाद विस्तृत ब्योरा दिया जाएगा।

सूत्रों के अनुसार यह मालवाहक विमान जोरहाट वायु सेना स्टेशन पर उतरने के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हुआ।

सूत्रों ने बताया है कि विमान के उतरते समय इसमें आग लग गयी, जिससे यह दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस दुर्घटना में जान माल के नुकसान के बारे में अभी कोई जानकारी नहीं मिली है।

## भविष्य के युद्ध तकनीक, गति और नवाचार से लड़े जायेंगे : राजनाथ

**हैदराबाद।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को भारतीय वायु सेना के नये कमीशन प्राप्त अधिकारियों से उन्नत तकनीकों, नवाचार और त्वरित निर्णय लेने की क्षमता से संचालित युद्ध के बदलते स्वरूप के लिए तैयार रहने का आग्रह किया।

हैदराबाद के पास वायु सेना अकादमी में 217वें कोर्स की संयुक्त स्नातक परेड की समीक्षा करते हुए सिंह ने स्नातक कैडेटों को अपना प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने और अपने प्रतिष्ठित 'विंग्स' हासिल करने पर बधाई दी। परेड को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि स्नातक होने वाले इस बैच में 240 पायलट और ग्राउंड-ड्यूटी अधिकारी शामिल हैं। इनमें भारतीय वायु सेना, भारतीय नौसेना, भारतीय तटरक्षक बल और वियतनाम के प्रशिक्षु भी शामिल



हैं। उन्होंने कहा कि अकादमी में विभिन्न शाखाओं की यह विविधता, सशस्त्र बलों के थल, वायु और जल सेना के जुड़ाव तथा एकीकृत अभियानों पर दिये जा रहे बढ़ते जोर को दर्शाती है।

भारतीय वायु सेना की समृद्ध विरासत का जिक्र करते हुए सिंह ने कहा कि इस बल ने 1947-48 के कश्मीर संघर्ष के दौरान एयरलिफ्ट अभियानों से लेकर 1971 के युद्ध तक, देश के हितों की रक्षा में निर्णायक भूमिका निभायी है। उन्होंने आतंकवादी ठिकानों के खिलाफ हालिया अभियानों में वायु सेना के योगदान की भी सराहना की और कहा कि ऐसे अभियानों की सफलता इसके कर्मियों के साहस, अनुशासन और पेशेवर रुख के कारण ही संभव हो सकी, जिसे उन्नत डिजिटल प्लेटफॉर्म का भी पूरा सहयोग मिला।

रक्षा मंत्री ने कहा कि युद्ध के तौर-तरीकों में बुनियादी बदलाव आया है। सैनिकों और हथियारों वाले पारंपरिक संघर्षों के विपरीत, आधुनिक लड़ाइयां तेजी से उपग्रहों, ड्रोन, सेंसर, रोबोटिक्स और साइबर सिस्टम जैसी तकनीकों पर निर्भर होती जा रही है। उन्होंने सचेत किया कि भविष्य के संघर्षों में संचार नेटवर्क, निगरानी प्रणालियों और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे पर हमले शामिल हो सकते हैं। इसके लिए तकनीकी रूप से तैयार रहना बेहद जरूरी है।

## सूर्योदय से पहले अभिषेक बनर्जी के घर पहुंची पुलिस टीम, मकसद अस्पष्ट

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल पुलिस और कोलकाता पुलिस के एक बड़े दल ने शनिवार तड़के तृणमूल कांग्रेस महासचिव अभिषेक बनर्जी के कालीघाट स्थित आवास पर पहुंचकर



राजनीतिक हलकों में नयी अटकलों को जन्म दे दिया। यह कार्रवाई ऐसे समय हुई है, जब बनर्जी विभिन्न मामलों में चल रही जांचों का सामना कर रहे हैं।

स्थानीय सूत्रों के अनुसार पुलिस दल शनिवार तड़के करीब तीन बजे पतुआपाड़ा स्थित आवास पर पहुंचा। उनके साथ केंद्रीय बलों के जवान भी मौजूद थे, जिन्हें घर के बाहर तैनात रखा गया था।

सूत्रों ने बताया कि पुलिसकर्मियों ने काफी देर तक घर के लोगों को आवाज लगायी और इंतजार करने के बाद उन्हें परिसर में प्रवेश की अनुमति मिली। सूत्रों के अनुसार, दल में शालबनी थाने के अधिकारी भी शामिल थे। महिला पुलिसकर्मी भी पुलिस टीम का हिस्सा थीं।

पुलिस किस मामले के सिलसिले में बनर्जी के आवास पर पहुंची थी, यह अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। आवास के बाहर कई पुलिस वाहन खड़े रहे और अधिकारी चार घंटे से अधिक समय तक परिसर के भीतर मौजूद रहे। सुबह सात बजे के बाद कुछ अधिकारी बाहर निकले और आपस में चर्चा करने के बाद फिर आवास के भीतर चले गये। यह घटनाक्रम उस समय सामने आया है, जब दो दिन पहले ही पश्चिम बंगाल विधानसभा से जुड़े कथित फर्जी हस्ताक्षर मामले में अपराध जांच विभाग (सीआईडी) ने बनर्जी से भवानी भवन में साढ़े पांच घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की थी।

कलकत्ता उच्च न्यायालय के निर्देश पर वह गुरुवार शाम जांचकर्ताओं के समक्ष उपस्थित हुए थे। देर रात पूछताछ समाप्त होने के बाद बनर्जी कालीघाट स्थित पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के आवास गये थे।

### प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको के निमंत्रण पर मैं 13-18 जून तक फ्रांस और स्लोवाक गणराज्य की यात्रा करूंगा

## फ्रांस, स्लोवाकिया यात्राओं से यूरोप तथा जी-7 समूह के साथ भारत के संबंध और मजबूत होंगे: मोदी

लोकमाया न्यूज।

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्वास जताया है कि फ्रांस और स्लोवाकिया की उनकी यात्राओं से यूरोप और जी-7 समूह के साथ भारत के संबंध और मजबूत होंगे।

मोदी ने फ्रांस और स्लोवाकिया की छह दिन की यात्रा पर रवाना होने से पहले शनिवार को एक वक्तव्य में कहा कि उनकी ये यात्राएं यूरोपीय महाद्वीप और उससे आगे भी भारत की साझेदारियों का दायरा बढ़ाने की अटूट प्रतिबद्धता को भी बताती हैं।

मोदी ने कहा, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और स्लोवाक प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको के निमंत्रण पर मैं 13-18 जून तक फ्रांस और स्लोवाक गणराज्य की यात्रा करूंगा।

उन्होंने कहा, भारत के रणनीतिक दृष्टिकोण में फ्रांस का एक खास स्थान है। इस साल की शुरुआत में राष्ट्रपति मैक्रों ने भारत का दौरा किया था, तब हमने अपने संबंधों को 'विशेष वैश्विक रणनीतिक साझेदारी' के स्तर तक बढ़ाया था। जब मैं नीस में राष्ट्रपति मैक्रों से मिलूंगा, तो हम फरवरी के बाद हुई प्रगति की समीक्षा करेंगे और अपने सहयोग के अगले कदमों पर चर्चा करेंगे। मैं आपसी हित के अहम वैश्विक मुद्दों पर भी चर्चा करने के लिए उत्सुक हूं। मोदी ने कहा कि वह फ्रांसीसी शहर नीस में 14 जून को राष्ट्रपति मैक्रों के साथ 'भारत इनोवेट्स' प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे। 'भारत-फ्रांस नवाचार वर्ष' के तहत आयोजित होने वाला यह अहम कार्यक्रम भारत के सबसे होनहार



स्टार्टअप को वैश्विक निवेश से जोड़ेगा और भारत के उच्च शिक्षा इकोसिस्टम से निकलने वाले नवाचारों के लिए एक बड़े उत्प्रेरक के रूप में काम करेगा।

उन्होंने कहा कि इसके बाद वह 14-15 जून को राजकीय यात्रा के लिए स्लोवाकिया जाएंगे। वर्ष 1993 में स्लोवाकिया की आज़ादी के बाद से किसी भारतीय प्रधानमंत्री की यह पहली यात्रा होगी। यह ऐतिहासिक यात्रा द्विपक्षीय संबंधों में बनी मज़बूत गति को और आगे बढ़ाएगी।

उन्होंने कहा, मैं ब्रातिस्लावा में राष्ट्रपति पेलेग्रिनी और प्रधानमंत्री फिको के साथ चर्चा करने के लिए उत्सुक हूं। मुझे स्लोवाकिया के प्रमुख व्यापारियों के साथ बातचीत करने का मौका भी मिलेगा।

मोदी ने कहा कि भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते से संबंधों में आयी गति को आगे बढ़ाते हुए, यह यात्रा यूरोपीय संघ के साथ रणनीतिक साझेदारी को और मज़बूत करेगी। उन्होंने कहा कि वह स्लोवाकिया से वापस फ्रांस के शहर एवियन लौटेंगे और 16-17 जून को जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे।


उन्होंने कहा, जी-7 में भारत की मौजूदगी हमारे सहयोगियों के हम पर भरोसे और हमारी बढ़ती वैश्विक पहचान को दर्शाती है। यह लगातार आठवां जी-7 शिखर सम्मेलन है, जिसमें भारत को आमंत्रित किया गया है।

जी-7 में भारत न केवल अपनी बात रखेगा, बल्कि 'ग्लोबल साउथ' (विकासशील देशों) की आकांक्षाओं को भी आवाज़ देगा। मैं 18 जून को पेरिस में अपनी फ्रांस यात्रा का समापन करूंगा, जहां मैं राष्ट्रपति मैक्रों के साथ विवा टेक 2026 में शामिल होउंगा। विवा टेक तकनीक और नवाचार के क्षेत्र में यूरोप का सबसे बड़ा आयोजन है। इस बार इसमें भारत का सबसे बड़ा राष्ट्रीय पवेलियन होगा।

## ममता ने पुलिस पर अभिषेक के घर का ताला तोड़कर तलाशी लेने का लगाया आरोप

लोकमाया न्यूज।

**कोलकाता।** पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि पुलिस ने तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी के कालीघाट स्थित आवास का ताला तोड़कर घर की तलाशी ली।



आवास के बाहर पत्रकारों से बातचीत करते हुए बनर्जी ने कहा, पुलिस ने ताला तोड़ा और पूरे घर की तलाशी ली। यह अभूतपूर्व है। अदालत के निर्देशों के बावजूद वे अंदर घुसे और छापेमारी की। हम इस कार्रवाई की कड़े शब्दों में निंदा करते हैं।

यह आरोप तब सामने आया, जब शनिवार तड़के राज्य और कोलकाता पुलिस के जवानों की एक बड़ी टुकड़ी कालीघाट के पटुआपारा में बनर्जी के आवास पर पहुंची।

काफी देर तक अंदर मौजूद लोगों को आवाज देने के बाद पुलिस ताला तोड़कर परिसर में दाखिल हो गयी और व्यापक स्तर पर तलाशी अभियान चलाया।इस कार्रवाई के दौरान आवास के बाहर केंद्रीय सशस्त्र बलों के जवानों को तैनात किया गया था।

स्थानीय सूत्रों के अनुसार, पुलिस की टीम तड़के तीन बजे के तुरंत बाद पहुंची थी और उनके साथ केंद्रीय बल भी मौजूद थे। अधिकारियों ने जब घर के अंदर दाखिल होने का प्रयास किया, तब आवास के बाहर पुलिस की कई गाड़ियां खड़ी थीं।

## संक्षिप्त समाचार

### सीएम डॉ. यादव ने डॉ. पुरू दाधीच को दी बधाई

भोपाल( लोकमाया )। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कत्थक नृत्य की 'दाधीच शैली' के प्रवर्तक और 'पद्म श्री' से सम्मानित डॉ. पुरु दाधीच को 'संगीत नाटक अकादमी रत्न' से सम्मानित किए जाने पर हार्दिक बधाई दी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने संदेश में कहा कि डॉ. दाधीच ने भारत की शास्त्रीय नृत्य परंपरा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। उनके इस सम्मान से कला, साहित्य व संस्कृति की नगरी इंदौर सहित संपूर्ण मध्यप्रदेश की प्रतिष्ठा राष्ट्रीय स्तर पर और बढ़ी है।

### मुख्यमंत्री ने स्व. रूपाणी की पुण्यतिथि पर अर्पित की श्रद्धांजलि

भोपाल( लोकमाया )। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ नेता विजय रुपाणी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने संदेश में कहा कि शांत, सौम्य और कर्मनिष्ठ व्यक्तित्व के धनी पूर्व मुख्यमंत्री रुपाणी ने गुजरात की विकास यात्रा को नई ऊंचाइयां प्रदान कीं। उनका व्यक्तित्व और योगदान निःस्वार्थ भाव से देश और समाज की सेवा के लिए कार्यकर्ताओं को प्रेरित करता रहेगा।

### सीएम ने जसपाल राणा के निधन पर दुःख व्यक्त किया

भोपाल( लोकमाया )। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वर्ल्ड शूटिंग चैंपियनशिप और एशियन गेम्स के गोल्ड मेडलिस्ट, अंतर्राष्ट्रीय शूटर जसपाल राणा के निधन पर दुख व्यक्त किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने संदेश में कहा कि जसपाल राणा का निधन खेल जगत विशेषकर शूटिंग स्पर्धा के लिए अपूरणीय क्षति है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाबा महाकाल से दिवंगत आत्मा को शांति और शोकाकुल परिजन व प्रशंसकों को यह दुःख सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेशवासियों से किया आह्वान : बाल श्रम से मुक्त समाज का करें निर्माण

भोपाल( लोकमाया )। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 'विश्व बालश्रम निषेध दिवस' पर प्रदेशवासियों से बाल श्रम से मुक्त समाज बनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने संदेश में कहा कि बच्चों के माथे पर बोझ अच्छा नहीं लगता, बच्चों के हाथों में कलम-किताब ही शोभा देते हैं। खुशहाल बचपन और शिक्षा उनका अधिकार है। हमारी सरकार बच्चों के हितों और शिक्षा के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

### द्विवेदी बने भोपाल एयरपोर्ट अथॉरिटी एम्प्लॉइज यूनियन के अध्यक्ष




भोपाल( लोकमाया )। भोपाल एयरपोर्ट्स अथॉरिटी एम्प्लॉइज यूनियन के हाल ही में संपन्न चुनाव में कुछ पदों पर निर्विरोध निर्वाचन के बाद अभिषेक द्विवेदी को अध्यक्ष एवं मुंतजिर खान को उपाध्यक्ष चुना गया। सचिव पद पर शेख मकबूल को इस वर्ष भी सचिव पद पर निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। यूनियन के सदस्यों ने अभिषेक द्विवेदी और अन्य विजयी पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। अन्य निर्वाचित पदाधिकारियों में नवीन राय एवं फ़िरोज खान – सहायक शाखा सचिव, मनोज लाहौर – संगठन सचिव, मोहन सिंह कुशवाह – कोषाध्यक्ष, संतोष मालवीय व गौरी शंकर सेन – सदस्य निर्वाचित घोषित किये गये। नवनिर्वाचित अभिषेक द्विवेदी अध्यक्ष, सचिव शेख मकबूल ने सभी सदस्यों द्वारा व्यक्त विश्वास के लिए आभार प्रकट करते हुए कहा कि वे कर्मचारियों के हितों की रक्षा, संगठन की मजबूती तथा श्रमिक कल्याण से जुड़े मुद्दों के समाधान हेतु पूर्ण समर्पण और पारदर्शिता के साथ कार्य करेंगे। उन्होंने यूनियन की एकता, सहयोग और सकारात्मक संवाद को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता भी व्यक्त की। यूनियन के वरिष्ठ सदस्यों ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में संगठन कर्मचारियों की अपेक्षाओं पर खरा उतरेगा तथा एयरपोर्ट्स अथॉरिटी के कर्मचारियों के हितों को और अधिक प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाएगा।

### आईटीआई और पावनी ने विद्यार्थियों को सिखाया गीले कचरे का वैज्ञानिक प्रबंधन

भोपाल( लोकमाया )। आईटीआई गोविंदपुरा में 'प्रकृति आराधना वसुंधरा नवचेतना ट्रस्ट (पावनो)' एवं आईटीआई के संयुक्त तत्वावधान में विद्यार्थियों को गीले कचरे के वैज्ञानिक प्रबंधन की जानकारी दी गई। गृह कम्पोस्टिंग एवं




पर्यावरण जागरूकता विषय पर आयोजित कार्यक्रम में लगभग 400 विद्यार्थियों, आईटीआई अध्यक्ष उमा शर्मा और नगर निगम एंबेसडर अहमद इखलाक ने भाग लिया। पावनी की संस्थापक बिंदिया खर्ब ने गीले कचरे के वैज्ञानिक प्रबंधन और गृह कम्पोस्टिंग की जानकारी देते हुए इसका व्यावहारिक प्रदर्शन किया। उन्होंने विद्यार्थियों से तीन संकल्प लेने का आह्वान किया- अपनी बोतल साथ रखें, अपना थैला साथ रखें और डिस्पोजेबल सामान का उपयोग न करें। कार्यक्रम से प्रेरित होकर अनेक विद्यार्थियों ने घरों में कम्पोस्टिंग शुरू करने का संकल्प लिया। आईटीआई के प्राचार्य विजय सिंह ने संस्थान में प्लास्टिक बोतलों का उपयोग बंद करने की घोषणा की। कार्यक्रम का समापन पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छ, हरित भविष्य के सामूहिक संकल्प के साथ हुआ।

---

पीएम स्वनिधि योजना

# क्रेडिट कार्ड आवेदन संग्रहण में मध्यप्रदेश देश में द्वितीय स्थान पर

लोकमाया न्यूज।




- नगरीय निकायों में अभियान जारी
- तृतीय किश्त के ऋण के अतिरिक्त मिलेगी क्रेडिट कार्ड की सुविधा
- पात्रता एवं आवश्यक अभिलेखों के संबंध में दिशा-निर्देश जारी

**इंदौर, निप्र।** नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत पथ विक्रेताओं (स्ट्रीट वेंडर्स) के आर्थिक सुदृढ़ीकरण एवं वित्तीय समावेशन के लिए प्रदेश में प्रयास निरंतर जारी हैं। योजना के अंतर्गत क्रेडिट कार्ड के लिए आवेदन पत्र संग्रहण में मध्यप्रदेश ने देश में द्वितीय स्थान प्राप्त कर महत्वपूर्ण उपलब्धि अर्जित की है। प्रदेश में अब तक 10 हजार से अधिक क्रेडिट कार्ड आवेदन विभिन्न बैंकों को प्रेषित किए जा चुके हैं, जिनमें से बैंकों द्वारा 900 से अधिक आवेदनों का सफलता पूर्वक सत्यापन कर 500 से अधिक क्रेडिट कार्ड जारी किए जा चुके हैं।

योजना अंतर्गत क्रेडिट कार्ड सुविधा का लाभ प्राप्त करने के लिए विभाग द्वारा पात्रता मापदंड निर्धारित किए गए हैं। इसमें वे समस्त शहरी पथ विक्रेता पात्र होंगे, जिन्होंने अपने ऋण की द्वितीय किश्त का सफलतापूर्वक पुनर्भुगतान कर दिया है तथा वे तृतीय किश्त के लिए अर्हता रखते हैं। इसके अतिरिक्त, वे वेंडर्स भी इस सुविधा के पात्र होंगे जिन्होंने पूर्व में ही तृतीय किश्त का ऋण प्राप्त कर लिया है- उनका ऋण खाता वर्तमान में सक्रिय हो अथवा पूर्णतः जमा हो चुका हो। आवेदन की तिथि को आवेदक की आयु 21 से 65 वर्ष के मध्य होना अनिवार्य है। यह क्रेडिट कार्ड सुविधा तृतीय किश्त के ऋण के अतिरिक्त देय होगी, जिससे हितग्राही अपनी पात्रता एवं प्राथमिकता के आधार पर ऋण, क्रेडिट कार्ड अथवा दोनों सुविधाओं का संयुक्त लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

वित्तीय नियमों के अनुरूप, आवेदक का किसी भी वित्तीय संस्था में कोई निष्पादित परिसंपत्ति खाता नहीं होना चाहिए, यद्यपि एसएमए-0 श्रेणी के खातों पर बैंकों द्वारा विचार किया जा सकेगा तथा इसके लिए न्यूनतम क्रेडिट ब्यूरो स्कोर की कोई बाध्यता नहीं होगी।

क्रेडिट कार्ड सुविधा का लाभ प्राप्त करने के लिए आवेदकों को सक्षम स्तर पर निर्धारित अभिलेख एवं दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे। इसके अंतर्गत हितग्राहियों को अपने आवेदन के साथ आधार कार्ड, पैन कार्ड तथा सक्रिय बचत बैंक खाते का विवरण संलग्न करना अनिवार्य होगा।

पथ विक्रेता होने के प्रामाणिक साक्ष्य के रूप में शहरी स्थानीय निकायों (ULB) अथवा ब्लॉक कार्यालयों द्वारा निर्गत वेंडिंग सर्टिफिकेट (प्रमाण पत्र), सिफारिश पत्र (LOR) अथवा विभागीय पहचान पत्र मान्य किया जाएगा।

यदि आवेदक का वर्तमान निवास स्थान उसके आधार कार्ड में अंकित पते से भिन्न है, तो उसे वर्तमान पते का वैध साक्ष्य भी प्रस्तुत करना होगा। स्वनिधि महोत्सवों एवं विभिन्न मेलों के माध्यम से स्थानीय स्तर पर शिविर आयोजित कर पात्र हितग्राहियों के आवेदन पत्र बैंकों को प्रेषित करने तथा क्रेडिट कार्ड वितरण की प्रक्रिया को और अधिक तीव्र करने के निर्देश समस्त नगरीय निकायों को दिए गए हैं, जिससे अंतिम छोर के वेंडर्स को त्वरित आर्थिक लाभ मिल सके।

---

# द्वितीय परीक्षा : डॉ. यादव ने विद्यार्थियों को दी बधाई

लोकमाया न्यूज।



**भोपाल, निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हायर सेकेंडरी (कक्षा 12वीं) की द्वितीय अवसर की परीक्षा- 2026 में उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि माध्यमिक शिक्षा मंडल ने प्रदेश के विद्यार्थियों के हित में ऐतिहासिक पहल करते हुए इस वर्ष पहली बार पूरक परीक्षा के स्थान पर द्वितीय अवसर परीक्षा आयोजित की। अपेक्षित परीक्षा परिणाम प्राप्त न कर पाने पर विद्यार्थी इस अवसर का लाभ ले सकते हैं। श्रेणी सुधार के उद्देश्य से भी विद्यार्थी इस परीक्षा में सम्मिलित होते हैं। इसके अतिरिक्त गंभीर रूप से अस्वस्थ हो जाने या विभिन्न कारणों से मुख्य परीक्षा में शामिल न हो पाने वाले विद्यार्थी इस परीक्षा का लाभ लेने में सक्षम होते हैं। डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति- 2020' के अंतर्गत मध्यप्रदेश में विद्यार्थियों के हित में यह ऐतिहासिक पहल की गई है। इस पहल ने हजारों विद्यार्थियों के सपनों, आत्मविश्वास और भविष्य के लिए नया अवसर दिया है। डॉ. यादव ने कहा कि द्वितीय अवसर की परीक्षा में भाग लेने वाले कुल एक लाख 42 हजार विद्यार्थियों में से 84 हजार विद्यार्थियों को सफलता मिली है।

### हायर सेकंडरी द्वितीय परीक्षा में बेटियों ने मारी बाजी

माशिमं ने हायर सेकंडरी द्वितीय परीक्षा वर्ष 2026 का परिणाम घोषित किया

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा मध्यप्रदेश की हायर सेकंडरी द्वितीय परीक्षा वर्ष-2026 का नियमित एवं स्वाध्यायी विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम शुक्रवार को शाम 4 बजे घोषित कर दिया गया। इसमें बेटियों ने बाजी मारी है। इस परीक्षा में 62.31 प्रतिशत नियमित छात्राएं उत्तीर्ण हुई हैं, जबकि 57.36 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए हैं। विद्यार्थी परीक्षा परिणाम मंडल की आधिकारिक वेबसाइट mpbse.mponline. gov.in पर जाकर देख सकते हैं। हायर सेकंडरी की द्वितीय परीक्षा में प्रदेश से 1 लाख 42 हजार 468 नियमित विद्यार्थियों ने फॉर्म भरा था। इसमें से 1 लाख 42 हजार 467 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे। शुक्रवार 12 जून को घोषित हुए परीक्षा परिणाम में 84 हजार 871 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। हायर सेकंडरी की द्वितीय परीक्षा में 33 हजार 334 स्वाध्यायी विद्यार्थियों ने फॉर्म भरा था। परीक्षा में 33 हजार 315 विद्यार्थी शामिल हुए थे। इनमें 14 हजार 24 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। स्वाध्यायी विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम 42.10 प्रतिशत है। इसमें बेटियों के पास होने का प्रतिशत 44.7 है, जबकि छात्रों के उत्तीर्ण होने का प्रतिशत 40.53 हैं।

---

# कायस्थम के आंगन में आज होगा अध्यात्म का संगम

लोकमाया न्यूज।

**पूर्व आईएएस ओमप्रकाश श्रीवास्तव नर्मदा परिक्रमा के आध्यात्मिक अनुभव और नदियों के धार्मिक महत्व पर करेंगे चर्चा**

**भोपाल, निप्र।** पूर्व गृह सचिव एवं निवर्तमान आईएएस ओमप्रकाश श्रीवास्तव द्वारा 5 माह में की गई 3144 किमी की नर्मदा परिक्रमा के आध्यात्मिक अनुभवों को सुनने के लिए कायस्थम ने शनिवार 13 जून को दुष्यंत संग्राहालय में चर्चा का आयोजन किया है। कायस्थम के अध्यक्ष प्रलय श्रीवास्तव के अनुसार कार्यक्रम शाम 4.30 बजे से होगा, जिसमें राज्य निर्वाचन आयुक्त मनोज श्रीवास्तव, पत्रकार महेश श्रीवास्तव, ओम प्रकाश श्रीवास्तव के साथ नर्मदा परिक्रमा करने वाली उनकी धर्मपत्नी भारती श्रीवास्तव आदि विशिष्ट जन उपस्थित रहेंगे। श्रीवास्तव दंपति ने 10 दिसंबर 2025 से 5 मई 2026 तक नर्मदा पथ की यात्रा की है।

उनकी यह यात्रा सचिव गृह विभाग से सेवानिवृत्ति के तत्काल बाद शुरू हो गई थी। स्कूल शिक्षा विभाग में कार्यरत पत्नी भारती श्रीवास्तव ने भी उसी दौरान सेवानिवृत्ति ले ली थी। कायस्थम द्वारा नर्मदा परिक्रमा के धार्मिक महत्व और आध्यात्मिक अनुभव विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम में ओमप्रकाश श्रीवास्तव यात्रा के संस्मरण एवं अनुभव सुनाकर पुण्य सलिला मां नर्मदा के धार्मिक महत्व पर भी चर्चा करेंगे और प्रश्नों के उत्तर देंगे। प्रलय श्रीवास्तव ने सभी धर्म प्रेमियों और चित्रांश बंधुओं से कार्यक्रम में शामिल होने का अनुरोध किया है।

---

## पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल में दिनेश कुमार वर्मा ने ग्रहण किया टीआरओ का पद

लोकमाया न्यूज।



**रतलाम, निप्र।** भारतीय रेल विद्युत अभियंता सेवा (IRSEE) के 2016 बैच के अधिकारी दिनेश कुमार वर्मा ने पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल में वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (टीआरओ) का पदभार ग्रहण कर लिया है। श्री वर्मा एक ऊर्जावान एवं कुशल रेलवे अधिकारी हैं, जिनके पास विद्युत अनुरक्षण, परिचालन प्रबंधन तथा प्रशासनिक कार्यों का व्यापक अनुभव है। उन्होंने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT) रोपड़ से वर्ष 2015 में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में बी.टेक. की उपाधि प्राप्त की। इसके उपरांत उन्होंने भारतीय रेलवे विद्युत अभियांत्रिकी संस्थान, नासिक में प्रशिक्षण प्राप्त कर भारतीय रेल सेवा में अपना कार्यकाल प्रारंभ किया। अपने व्यावसायिक जीवन में वर्मा ने विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर कार्य करते हुए उत्कृष्ट कार्य निष्पादन का परिचय दिया है। उनकी प्रथम नियुक्ति फरवरी 2019 में पूर्व रेलवे के आसनसोल मंडल में सहायक विद्युत अभियंता के रूप में हुई। इसके पश्चात उन्होंने आसनसोल मंडल में मंडल विद्युत अभियंता प्रभारी के रूप में भी सफलतापूर्वक दायित्वों का निर्वहन किया। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने विद्युत परिसंपत्तियों के अनुरक्षण, ऊर्जा प्रबंधन तथा परिचालन दक्षता बढ़ाने हेतु उल्लेखनीय योगदान दिया। बाद में उन्होंने प. रेलवे के मुख्यालय, चर्चगेट (मुंबई) में उप मुख्य विद्युत अभियंता (मुख्यालय) के पद पर कार्य करते हुए विभिन्न महत्वपूर्ण परियोजनाओं, नीतिगत कार्यों एवं विद्युत विभाग से संबंधित प्रशासनिक दायित्वों का निर्वहन किया। अब दिनेश कुमार वर्मा ने पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल में टीआरओ के रूप में अपना वर्तमान दायित्व संभाला है। इस पद पर वे विद्युत परिचालन, विद्युत अनुरक्षण, ऊर्जा संरक्षण, विद्युत परिसंपत्तियों के कुशल प्रबंधन तथा विभागीय कार्यों के समन्वय से संबंधित महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगे।

---





भोपाल दक्षिण पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के वार्ड 24 में विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

# कार्यों की गुणवत्ता, समय सीमा का विशेष ध्यान रखें : सबनानी

लोकमाया न्यूज।

**भोपाल, निप्र। दक्षिण पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड 24 में विकास कार्यों के लिए विधायक भगवानदास सबनानी ने भूमि पूजन, क्षेत्र का निरीक्षण एवं पौधारोपण किया।**

विधायक भगवानदास सबनानी द्वारा शुक्रवार को क्षेत्र के वार्ड 24 में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत प्रोफेसर कॉलोनी के पार्क में पौधारोपण एवं क्षेत्र के प्रोफेसर कॉलोनी प्रताप नगर धर्मपुरी कृष्णा नगर गंगानगर रोशनपुरा असल का निरीक्षण कर नगर निगम पीडब्ल्यूडी एवं एमपीईबी के अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि जिन कार्यों को चिन्हित किया गया है, उन्हें प्राथमिकता के साथ किया जाए। प्रताप नगर स्थित मंदिर के पास सीसी रोड एवं अन्य विकास कार्यों के लिए भूमि पूजन भी किया गया।

इस अवसर पर सबनानी ने कहा कि योजनाबद्ध तरीके से क्षेत्र के विकास की रूपरेखा बनाई जाती है, कार्यों को गुणवत्ता के समय सीमा के अंदर किए जाने के विशेष निर्देश दिए गए हैं। क्षेत्र का विकास और नागरिक सुविधाओं का विस्तार हो इस लक्ष्य के साथ कार्य किये जा रहे है।

हमारी विधानसभा क्षेत्र हरियाली के कारण अपनी विशेष पहचान रखता है, मैं आप सभी से अपील करता हूं कि इस बारिश के मौसम में हर व्यक्ति को कम से कम पांच पौधे जरूर लगाना चाहिए, जो हमारे आने वाली पीढ़ियों को हमारे द्वारा दिया गया उपहार होगा, साथ ही उनके बड़े होने तक उनकी देखभाल करना भी हम सबका कर्तव्य है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष पारस नरवरिया, महामंत्री संदीप तोमर, धनराज, प्रफुल्ल मालवीय, शंकर शुकवारे, जयकुमार विश्वकर्मा, शब्बीर उल हक, राजू साल्के, अनुष्का सिंह रघुवंशी, आकांक्षा विश्वकर्मा, कमला अहिरवर, राधा यादव, विशाल, गयाप्रसाद, सरती, रामपाल, धर्मेंद्र, नामदेव, अर्जुन सिंह, कैलाश चंदेल, राजेश सैनी, ओम प्रकाश मीणा, महेश नामदेव, गणेश कटियार, आरती जैन, अजय गुप्ता, संतोष तिवारी, रेणुका रजक, सोनिया मोर सिंह, जितेंद्र मालवीय, रविंद जैन सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

---

राज्य मंत्री गौर ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में पत्रकार-वार्ता के दौरान कहा-

# नटराजन का नामांकन निरस्त होना कांग्रेस के महिला विरोधी चरित्र का प्रमाण

**भोपाल, (हि.स.)।** मध्य प्रदेश शासन की राज्य मंत्री कृष्णा गौर ने शुक्रवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में कांग्रेस पर महिला विरोधी राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का 'नारी सम्मान' केवल एक राजनीतिक नारा है, जबकि उसका आचरण हमेशा महिलाओं के प्रति उपेक्षापूर्ण और विरोधाभासी रहा है। कांग्रेस की राज्यसभा प्रत्याशी रहीं मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त होना इसी मानसिकता का परिणाम है।

कृष्णा गौर ने पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस अब मीनाक्षी नटराजन के नामांकन निरस्त होने को महिला सम्मान का मुद्दा बनाकर राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास कर रही है, जबकि वास्तविकता यह है कि नामांकन पत्र में आवश्यक जानकारी छिपाए जाने के कारण उनका नामांकन निरस्त हुआ। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस के ही कुछ नेता नहीं चाहते थे कि मीनाक्षी नटराजन राज्यसभा पहुंचें, इसलिए उनके नामांकन में महत्वपूर्ण तथ्यों को जानबूझकर शामिल नहीं किया गया।

**कांग्रेस ने दो महिलाओं के साथ अन्याय किया :** मंत्री कृष्णा गौर ने कहा कि कांग्रेस ने एक नहीं, बल्कि दो महिलाओं के साथ अन्याय किया है। पहली, तेलंगाना की वह महिला कार्यकर्ता, जिसने कांग्रेस के एक नेता पर गंभीर आरोप लगाए थे। दूसरी, स्वयं मीनाक्षी नटराजन, जिनका नामांकन कांग्रेस नेताओं की कथित लापरवाही और षड्यंत्र के कारण निरस्त हुआ। उन्होंने कहा कि तेलंगाना की महिला कार्यकर्ता द्वारा न्यायालय में दायर याचिका के आधार पर न्यायिक प्रक्रिया चली और संबंधित प्रकरण में मीनाक्षी नटराजन का नाम भी सामने आया। गौर ने दावा किया कि इस संबंध में जारी



न्यायालयीन प्रक्रिया की जानकारी नामांकन के दौरान शपथ-पत्र में नहीं दी गई, जिसके चलते उनका नामांकन निरस्त हुआ।

**कांग्रेस के भीतर की राजनीति का परिणाम :** कृष्णा गौर ने आरोप लगाया कि मध्य प्रदेश कांग्रेस के कुछ वरिष्ठ नेता मीनाक्षी नटराजन को राज्यसभा भेजे जाने के पक्ष में नहीं थे। इसी कारण नामांकन प्रक्रिया में आवश्यक जानकारी को छिपाया गया और अंततः उनका नामांकन निरस्त हो गया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अब अपनी आंतरिक राजनीति और चूक का दोष भाजपा पर मढ़ने का प्रयास कर रही है, जबकि निर्वाचन प्रक्रिया पूरी तरह संवैधानिक और निर्धारित नियमों के तहत संचालित होती है।

### महिला सम्मान पर कांग्रेस को जवाब देना चाहिए

कृष्णा गौर ने कहा कि कांग्रेस को महिला सम्मान के नाम पर राजनीति करने के बजाय यह स्पष्ट करना चाहिए कि महिलाओं की शिकायतों पर समय रहते कार्रवाई क्यों नहीं हुई और जवाबदेही क्यों तय नहीं की गई। उन्होंने कहा कि मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त होना केवल एक चुनावी प्रक्रिया का विषय नहीं, बल्कि कांग्रेस के दोहरे रवैये और महिला सम्मान के प्रति उसके वास्तविक दृष्टिकोण को उजागर करने वाली घटना है। पत्रकार वार्ता में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. नंदिता पाठक, प्रदेश मंत्री राजो मालवीय, प्रदेश प्रवक्ता मंजरी जैन, मीडिया पैनलिस्ट गुंजन चौकसे तथा नमिता अग्रवाल भी उपस्थित रहीं।

**भाजपा ने हमेशा संवैधानिक प्रक्रिया का पालन किया :** मंत्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा निर्वाचन आयोग और संविधान द्वारा निर्धारित प्रक्रियाओं का सम्मान करती रही है। भाजपा का मानना है कि चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता और जवाबदेही सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि नामांकन पत्र में तथ्यों को छिपाना गंभीर विषय है और इसी आधार पर संबंधित निर्णय लिया गया। इसे महिला सम्मान से जोड़ना जनता को गुमराह करने का प्रयास है।

**महिला सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है भाजपा :** कृष्णा गौर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्य प्रदेश सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने नारी शक्ति वंदन कानून का उल्लेख करते हुए कहा कि भाजपा ने महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने के लिए ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वह महिलाओं के अधिकारों की बात तो करती है, लेकिन व्यवहार में महिलाओं को उचित अवसर और न्याय देने में विफल रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### पेयजल संकट से राहत: ग्राम पंचायत टेमर में सिटेक्स टंकी स्थापित, ग्रामीणों को मिलेगी बेहतर जल सुविधा

**सक्ती।** ग्राम पंचायत टेमर में पेयजल समस्या के समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए 15वें




वित्त आयोग योजना के तहत सिटेक्स पानी टंकी स्थापित की गई है। इस व्यवस्था के शुरू होने से ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी तथा पानी की समस्या से काफी हद तक राहत मिलने की उम्मीद है। ग्राम पंचायत के सरपंच चन्द्र कुमार सोनी ने बताया कि पंचायत क्षेत्र में बढ़ती पेयजल आवश्यकता को देखते हुए नल-जल व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए यह कार्य कराया गया है। टंकी स्थापित होने से ग्रामीणों को नियमित रूप से पानी उपलब्ध कराने में सुविधा होगी। इस कार्य में पंचायत प्रतिनिधियों एवं पंचगणों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। पंचायत के कुलदीप पटेल, मोहन साहू, जमुना टंकेश पटेल, हेमलता पटेल एवं रामप्यारी जायसवाल ने ग्रामीणों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए योजना को सफल बनाने में सहयोग दिया। ग्रामीणों ने पंचायत की इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि लंबे समय से पेयजल की समस्या बनी हुई थी, जिसके समाधान के लिए किया गया यह प्रयास क्षेत्रवासियों के लिए बड़ी राहत साबित होगा।

### एनईआई ऑडिटोरियम में नई श्रम संहिताओं एवं नियमों पर कार्यशाला का आयोजन

**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मुख्यालय एवं बिलासपुर मंडल के संयुक्त तत्वावधान में बिलासपुर स्थित एनईआई ऑडिटोरियम में नई श्रम संहिताओं



एवं नियमों पर विभिन्न विभागों के टेंडर एवं संविदा कार्यों से जुड़े अधिकारियों/एवं ठेकेदारों के लिए कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य श्रम कानूनों में हुए नवीनतम प्रावधानों, नियमों तथा अनुपालन संबंधी आवश्यकताओं की विस्तृत जानकारी प्रदान करना था, जिससे श्रमिकों के हितों की सुरक्षा एवं कार्यस्थलों पर विधिसम्मत व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाया जा सके। कार्यशाला में भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के क्षेत्रीय श्रम आयुक्त (केंद्रीय), बिलासपुर श्री प्रवीण कुमार तथा श्रम प्रवर्तन अधिकारी (केंद्रीय), बिलासपुर श्री अभिषेक सिंह चौहान ने विशेषज्ञ वक्ता के रूप में भाग लिया। उन्होंने नई श्रम संहिताओं के विभिन्न प्रावधानों, ठेका श्रमिकों से संबंधित नियमों, सामाजिक सुरक्षा, वेतन भुगतान, औद्योगिक संबंधों तथा व्यावसायिक सुरक्षा एवं कार्यस्थल स्वास्थ्य संबंधी विषयों पर विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी को श्रम कानूनों के प्रभावी अनुपालन, रिकॉर्ड संधारण, श्रमिक कल्याण उपायों तथा नियामकीय आवश्यकताओं के संबंध में व्यावहारिक मार्गदर्शन भी दिया गया। विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की तथा श्रम कानूनों के पालन में पारदर्शिता एवं उत्तरदायित्व सुनिश्चित करने पर बल दिया। इस कार्यशाला में उप मुख्य कार्मिक अधिकारी श्री उदय भारती, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी डॉ अंशुमान मिश्रा के अलावा रेलवे के विभिन्न विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों, ठेकेदारों तथा संबंधित प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रतिभागियों ने इसे अत्यंत उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक बताते हुए श्रम कानूनों की बेहतर समझ विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया। कार्यक्रम के माध्यम से श्रम कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन, श्रमिक हितों के संरक्षण तथा सुरक्षित एवं समावेशी कार्य वातावरण के निर्माण के प्रति रेलवे की प्रतिबद्धता को और अधिक मजबूती मिली।

### 14 जून को ऑनलाइन योग सत्र में अधिकतम सहभागिता का लक्ष्य

**कोरिया।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 के तहत इस वर्ष श्स्वस्थ उम्र बढ़ने के लिए योगश् थीम के साथ देशभर में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। भारत सरकार के आयुष मंत्रालय के निर्देशानुसार 14 जून 2026 को प्रात: 6.15 बजे से 7.35 बजे तक ऑनलाइन योग सत्र के माध्यम से गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने का प्रयास किया जाएगा। इस अभियान में अधिकतम जनभागीदारी सुनिश्चित करने के लिए छत्तीसगढ़ शासन के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने सभी विभागों, कार्यालयों एवं संस्थाओं को व्यापक प्रचार-प्रसार एवं पंजीयन कराने के निर्देश दिए हैं। जिला प्रशासन ने भी जिले के नागरिकों, विद्यार्थियों, कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक संगठनों से अधिक से अधिक संख्या में जुड़ने की अपील की है। पंजीयन के लिए इच्छुक प्रतिभागियों को टोल फ्री नंबर 1800-315-7008 पर मिस्ड कॉल देना होगा। मिस्ड कॉल के बाद व्हाट्सएप पर प्राप्त लिंक के माध्यम से पंजीयन कर ऑनलाइन योग सत्र में शामिल हुआ जा सकेगा। प्रशासन का लक्ष्य जिले के अधिकतम मोबाइल नंबरों से पंजीयन कराकर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड प्रयास में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है। इसके साथ ही 21 जून 2026 को आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के लिए आयुष मंत्रालय द्वारा योग संगम पोर्टल-2026 प्रारंभ किया गया है, जिसमें विभिन्न विभाग, शैक्षणिक संस्थान, स्थानीय निकाय, सार्वजनिक उपक्रम एवं सामाजिक संगठन अपने कार्यक्रमों का पंजीयन कर सकेंगे तथा आयोजन उपरांत विवरण एवं छायाचित्र अपलोड करेंगे। जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे स्वस्थ जीवनशैली और योग के प्रति जागरूकता बढ़ाने के इस राष्ट्रीय अभियान से जुड़ें तथा 14 जून को आयोजित ऑनलाइन योग सत्र में भाग लेकर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने के प्रयास में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

## नपा. जांजगीर-नैला द्वारा स्वच्छता अभियान का आयोजन



(लोकमाया न्यूज)।

**जांजगीर-चाम्पा।** जांजगीर-नैला के वार्ड क्रमांक 3 स्थित नवापारा तालाब में नगर पालिका परिषद द्वारा विशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। अभियान के तहत नगर पालिका अध्यक्ष, पार्षदगण एवं कर्मचारियों ने तालाब के आसपास साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया तथा नागरिकों को स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व नेता प्रतिपक्ष भैया नारायण चंदेल, नगर पालिका अध्यक्ष रेखा गढ़वाल, नगर पालिका उपाध्यक्ष मोहन यादव, अजीत गढ़वाल, हितेश यादव, रघु कश्यप सहित समस्त पार्षदगण उपस्थित रहे। सभी जनप्रतिनिधियों एवं कर्मचारियों ने स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने का आह्वान करते हुए नगर को स्वच्छ, सुंदर एवं स्वस्थ बनाने का संकल्प लिया।इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने कहा कि स्वच्छता केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। सभी के सहयोग से ही स्वच्छ एवं सुंदर नगर का निर्माण संभव है।

# मजदूर की मौत 15 दिन बाद भी नहीं हो सकी एफआईआर दर्ज

## अमोदा में यादव परिवार द्वारा मकान निर्माण के दौरान 11 केवी लाइन बनी थी काल

### विद्युत विभाग ने कार्रवाई के लिए थाना को लिखा तथा पत्र

(लोकमाया न्यूज)।





**जांजगीर-चाम्पा।** एक गरीब मजदूर की मौत के बाद भी कार्रवाई का पहिया आगे नहीं बढ़ने से प्रशासन और पुलिस की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में आ गई है। जांजगीर-चांपा जिले के नवागढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम अमोदा में 11 केवी हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से मजदूर संतोष कुमार कर्ष 40 की मौत हो गई थी। घटना को 15 दिन से अधिक बीत चुके हैं, लेकिन अब तक किसी के खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं होने से परिजनों और ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। जानकारी के अनुसार हरदी निवासी संतोष कुमार कर्ष ग्राम अमोदा में एक सरकारी शिक्षक के निर्माणाधीन मकान में मजदूरी कर रहा था। निर्माण स्थल के ऊपर से 11 केवी बिजली लाइन गुजर रही थी। काम के दौरान वह हाईवोल्टेज लाइन की चपेट में आ गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में मातम पसर गया था। मृतक के परिजनों का आरोप है कि हादसा लापरवाही का परिणाम है। जिस स्थान पर निर्माण कार्य कराया जा रहा था, वहां सुरक्षा मानकों की अनदेखी की गई। यदि आवश्यक सावधानियां बरती जातीं तो मजदूर की जान बचाई जा सकती थी।घटना के बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की, लेकिन अब तक मामले में एफआईआर दर्ज नहीं की गई है। सूत्रों के मुताबिक विद्युत विभाग ने भी निर्माण कार्य से जुड़े जिम्मेदार व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई करने थाना को पत्र भेजा है। इसके बावजूद कानूनी कार्रवाई आगे नहीं बढ़ने से कई सवाल खड़े हो रहे हैं।

#### मामले को दबाने की चर्चा

ग्रामीणों का आरोप है कि प्रभावशाली लोगों के कारण मामले को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। गांव में यह चर्चा भी है कि निर्माणाधीन मकान और प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभ को लेकर भी जांच की जरूरत है। हालांकि इस संबंध में अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

#### सबसे बड़ा सवाल

एक मजदूर की मौत के 15 दिन बाद भी यदि जांच प्रारंभिक चरण में है तो आखिर जिमेदारों पर कार्रवाई कब होगी? यह सवाल अब केवल मृतक परिवार ही नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र के लोग पूछ रहे हैं।

#### क्या कहते हैं अधिकारी थाना प्रभारी

नवागढ़ थाना प्रभारी मणिकांत पांडेय ने बताया कि एक पक्ष का बयान लिया गया है। दोनों पक्षों के बयान और पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं जांच अधिकारी प्रेमलाल दिवाकर ने कहा कि उन्हें हाल ही में प्रकरण की डायरी प्राप्त हुई है और जांच जारी है।

## परीक्षा संबंधी सभी प्रोटोकॉल का पालन करें : जन्मेजय महोबे



### कलेक्टर ने ली नीट यूजी परीक्षा की तैयारियों को लेकर बैठक

(लोकमाया न्यूज)।

**जांजगीर-चाम्पा।** कलेक्टर ने आगामी नीट यूजी 2026 परीक्षा की सुचारु संचालन एवं तैयारियों को लेकर परीक्षा केन्द्र प्रभारियों की बैठक लेकर दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने सभी केंद्र अध्यक्षों से परीक्षा की तैयारी के संबंध में जानकारी ली एवं विभिन्न समस्याओं एवं उनके समाधान के लिए निर्देश दिए। कलेक्टर ने परीक्षा संबंधी सभी प्रोटोकॉल का पालन करें एवं समय सीमा में सभी तैयारी पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एनटीए के अनुसार इस बार परीक्षा अवधि दोपहर 2 बजे से 5:15 तक रहेगी। परीक्षा केंद्र में परीक्षार्थियों के लिए प्रवेश का समय प्रात: 11 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक रहेगा। परीक्षार्थियों एवं अभिभावकों से अपील की गयी कि एनटीए द्वारा पुन: जारी एडमिट कार्ड को डाउनलोड कर प्रिंट ले लेवें एवं आबंटित परीक्षा केंद्र में निर्धारित समय पर पहुँचें। बैठक में डिप्टी कलेक्टर शशि कुमार चौधरी, केंद्र अध्यक्ष, सिटी कोऑर्डिनेटर, आबसर्वर एवं नोडल प्रशासनिक अधिकारी उपस्थिति थे।

## मुख्यमंत्री साय जिले को देंगे विभिन्न विकास कार्यों की सौगात

### सत्य निज नाम सत्संग सम्मेलन में भी होंगे शामिल

(लोकमाया न्यूज)।



**जांजगीर-चाम्पा।** मुख्यमंत्री कल 14 जून को जिले के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे नवागढ़ विकासखंड के ग्राम पोंड़ी (राछा) के मैदान में आयोजित कार्यक्रम में जांजगीर-चांपा जिले में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे। इसके साथ ही मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सत्य निज नाम बोध संस्थान पोड़ी (राछा) में आयोजित सत्य निज नाम सत्संग सम्मलेन में भी शामिल होंगे। इस दौरान केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। कार्यक्रम में अतिविशिष्ट अतिथि जिले के प्रभारी एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी, स्वास्थय मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, विशिष्ट अतिथि छ.ग. विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, सांसद जांजगीर-चांपा श्रीमती कमलेश जांगड़े, विधायक जांजगीर-चांपा ब्यास कश्यप, विधायक अकलतरा राघवेन्द्र कुमार सिंह, विधायक पामगढ़ श्रीमती शेषराज हरबंश, विधायक जैजैपुर बालेश्वर साहू, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, अध्यक्ष छ.ग. खनिज विकास निगम सौरभ सिंह, पूर्व संसदीय सचिव अम्बेश जांगड़े, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सत्यलता आनंद मिरी, उपाध्यक्ष जिला पंचायत गगन जयपुरिया, अध्यक्ष जनपद पंचायत नवागढ़ श्रीमती कांता कश्यप, ग्राम पंचायत पोड़ी सरपंच श्रीमती सरोजनी आशिकर होंगे।

## 16 वीं छत्तीसगढ़ सीनियर स्टेट नेटबॉल प्रतियोगिता का हुआ आगाज



### 17 जिलों के 440 खिलाड़ी दिखाएंगे अपनी प्रतिभा

(लोकमाया न्यूज)।

**जांजगीर-चाम्पा।** नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ एवं नेटबॉल एसोसिएशन ऑफ जांजगीर-चाम्पा के संयुक्त तत्वावधान में 13 जून से जांजगीर के हाई स्कूल मैदान पर 2 दिवसीय 5 वीं छत्तीसगढ़ सीनियर नेटबॉल प्रतियोगिता (पुरुष एवं महिला) का भव्य आयोजन होने जा रहा है। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रदेश के 17 जिलों के 440 खिलाड़ी अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। आयोजन समिति से मिली जानकारी के अनुसार, प्रतियोगिता में दुर्ग, बिलासपुर, रायगढ़, गरियाबंद, सक्ती, कांकेर, सरगुजा, बलौदा बाजार-भाटापारा, मेजबान जांजगीर-चाम्पा, जशपुर, मुंगेली, राजनांदगांव, कोरबा, बेमेतरा, रायपुर, धमतरी और सूरजपुर की टीमें भाग ले रही हैं। खिलाड़ियों के साथ ही लगभग 56 कोच, मैनेजर और तकनीकी अधिकारी इस आयोजन में अपनी भूमिका निभाएंगे।प्रतियोगिता का औपचारिक उद्घाटन 13 जून को शाम 6 बजे होगा। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष रेखा देवा गढेवाल,

नगर पालिका उपाध्यक्ष मोहन यादव, जिला पंचायत सदस्य लोकेश राठोर, सुब्रत प्रधान खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण विभाग जांजगीर-चांपा की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी।

#### राष्ट्रीय प्रतियोगिता में होगा चयन

नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के महासचिव राजेश राठौर ने बताया कि यह प्रतियोगिता खिलाड़ियों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है। इस आयोजन के प्रदर्शन के आधार पर छत्तीसगढ़ की संभावित टीम का चयन किया जाएगा। तत्पश्चात, एक विशेष प्रशिक्षण शिविर लगाकर अंतिम 12 पुरुष एवं 12 महिला खिलाड़ियों का चयन होगा, जो नेटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आगामी अगस्त माह में आयोजित होने वाली 44 वीं सीनियर नेशनल नेटबॉल प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## अग्रसेन चौक पर सघन वाहन जांच, नियम तोड़ने वालों पर यातायात विभाग की सख्ती



### यातायात प्रभारी वाई.एन. शर्मा ने अग्रसेन चौक पर एक बाइक में तीन सवारी बैठाकर चल रहे चालक को रोककर समझाइश

(लोकमाया न्यूज)।

**सक्ती।** सड़क सुरक्षा को लेकर यातायात विभाग द्वारा गौरव पथ-बुधवारी बाजार रोड स्थित अग्रसेन चौक पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान बिना हेलमेट वाहन चलाने, ट्रिपल राइडिंग करने तथा बिना सीट बेल्ट के वाहन चलाने वालों पर विशेष निगरानी रखी गई।

वाहन जांच के दौरान यातायात टीम ने वाहन चालकों को नियमों का पालन करने की समझाइश देते हुए सुरक्षित सफर के लिए हेलमेट एवं सीट बेल्ट के उपयोग की अनिवार्यता बताई। नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई भी की गई, जिससे क्षेत्र में हड़कंप की स्थिति रही।

#### अग्रसेन चौक में ट्रिपल राइडिंग पर कार्रवाई

अभियान के दौरान यातायात प्रभारी वाई.एन. शर्मा ने अग्रसेन चौक पर एक बाइक में तीन सवारी बैठाकर चल रहे चालक को रोककर समझाइश दी। उन्होंने कहा कि सुरक्षा सर्वोपरि है तथा ट्रिपल राइडिंग न केवल यातायात नियमों का उल्लंघन है, बल्कि दुर्घटना की स्थिति में जान का खतरा भी बढ़ा देती है। उन्होंने वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने और सुरक्षित यातायात व्यवस्था में सहयोग करने की अपील की। यातायात प्रभारी वाई.एन. शर्मा के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान में प्रधान आरक्षक संदीप साहू, आरक्षक रामानंद राठौर, विजय जोले, सुभाष सिदार एवं दिलेश्वर साहू ने सक्रिय भूमिका निभाते हुए यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने तथा सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने का कार्य किया।

यातायात विभाग ने स्पष्ट किया कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इस प्रकार के जांच अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे। वाहन चालकों से हेलमेट एवं सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने तथा ट्रिपल राइडिंग से बचने की अपील की गई है।

## बिलासपुर स्टेशन में 20 ट्रेनों की जाँच, 644 मामलों से 4 लाख 13 हजार रुपये से अधिक का जुर्माना वसूला गया

### बिलासपुर मंडल में नाका टिकट चेकिंग अभियान जारी कर

(लोकमाया न्यूज)।



**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर मंडल द्वारा यात्रियों को सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं बेहतर यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने तथा वैध टिकट लेकर यात्रा करने की संस्कृति को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से दिनांक 21 मई से 14 जून 2026 तक विशेष नाका टिकट चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान बिना टिकट एवं अनियमित यात्रा पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने के साथ-साथ रेलवे राजस्व में वृद्धि एवं अधिकृत टिकटधारी यात्रियों को बेहतर यात्रा वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

इस अभियान के तहत शुक्रवार को वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री अनुराग कुमार सिंह के मार्गदर्शन तथा मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री एस. भारतीयन, सहायक वाणिज्य प्रबंधक श्री डी एस चौहान के नेतृत्व में बिलासपुर स्टेशन में नाका टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें वाणिज्य निरीक्षक, मुख्य टिकट निरीक्षक, टीटीई एवं आरपीएफ स्टाफ भी शामिल थे।

इस विशेष जांच अभियान के दौरान बिलासपुर स्टेशन एवं यहाँ से गुजरने वाली 20 ट्रेनों की सघन जांच कर कुल 644 मामलों से कुल 4,13,970 रुपये का जुर्माना वसूला गया। जिसमें बिना टिकट यात्रा के 380 मामलों से 02 लाख 87 हजार 515 रुपये, अनियमित टिकट के 245 मामलों से 01 लाख 24 हजार 555 रुपये तथा बिना बुक किए गए लगेज के 19 मामलों से 01 हजार 900 रुपये जुर्माना शामिल है।

# नया भारत अवसरों, उपलब्धियों और आकांक्षाओं का है




## सीजेरियन डिलीवरी

भारत में बीमा कवरेज बढ़ा है, जिसमें एक बड़ा हिस्सा सरकारी बीमा योजनाओं का है। संभवत: इसी कारण अस्पताल दंपत्तियों को अनिवार्य ना होने की स्थिति में भी सीजेरियन डिलीवरी पर राजी कर लेते हैं। भारत में अब 90 फीसदी बच्चों का जन्म अस्पताल में होता है। ये अच्छी खबर नेशनल फैमिली एंड हेल्थ सर्वे-6 एनएफएचएस-6) रिपोर्ट से आई है। उधर नई सैंपल रजिस्ट्रेशन सिस्टम स्टैस्टिकल रिपोर्ट के मुताबिक 2024 में कुल जितने बच्चों का जन्म हुआ, उनमें 66.4 प्रतिशत अपने माता-पिता की पहली संतान थे। लगभग 23 प्रतिशत दूसरी और 7.3 फीसदी तीसरी संतानों का जन्म हुआ। सिर्फ 3.5 प्रतिशत मामलों में चौथी या उसके बाद की संतानों का जन्म हुआ। ये आंकड़े स्वास्थ्य एवं परिवार नियोजन के लिए बढ़ी चेतना की तस्दीक करते हैं। एनएफएचएस-6 के मुताबिक भारत में टोटल फर्टिलिटी रेट (टीएफआर) 2.0 रह गया है, जो आदर्श 2.1 से थोड़ा कम है। फिलहाल, यह चिंता का विषय नहीं है, लेकिन टीएफआर और गिरा, तो भविष्य में एक नई चुनौती देश के सामने आ सकती है। बहरहाल, एनएफएचएस-6 से अभी गंभीर चिंता का कारण बन चुका एक रुझान सामने आया है। इसके मुताबिक 2023-24 में प्राइवेट अस्पतालों में 54 प्रतिशत डिलीवरी सीजेरियन हुई। पश्चिम बंगाल में तो ये संख्या 87.7 और तेलंगाना 84 प्रतिशत थी। उल्लेखनीय है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन सिर्फ 10 से 15 प्रतिशत मामलों में सीजेरियन डिलिवरी को स्वीकार्य सीमा में मानता है। अमेरिका में स्वास्थ्य सेवाओं के लगभग पूरी तरह बीमा आधारित होने के बावजूद सीजेरियन डिलीवरी की दर 32 प्रतिशत ही है। स्कैंडेनेवियन देशों में तो यह 16 से 19 फीसदी तक है। ये आंकड़े बताते हैं कि सीजेरियन डिलीवरी की जरूरत बहुत कम मामलों में पड़ती है। फिर भी भारत में प्राइवेट अस्पतालों में आधी से ज्यादा डिलीवरी इस तरीके से हो रही है, तो इसके पीछे मुख्य कारण मुनाफा कमाने की व्यापारिक मानसिकता को ही समझा जाएगा। एनएफएचएस-6 से सामने आया है कि भारत में बीमा कवरेज बढ़ा है, जिसमें बड़ा योगदान सरकारी बीमा योजनाओं का है। संभवत: इसी कारण अस्पताल दंपत्तियों को अनिवार्य ना होने की स्थिति में भी सीजेरियन डिलीवरी पर राजी कर लेते हैं। अगर ऐसा हो रहा है, तो इसकी पड़ताल की जरूरत है, क्योंकि सरकारी बीमा के तहत अस्पतालों को जो भुगतान होता है, वह करदाताओं की जेब से ही आता है।

**देवेश कुमार**

पिछले 12 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विकास, सुशासन और सांस्कृतिक पुनर्जागरण की दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं. इस दौरान देश ने आर्थिक प्रगति, डिजिटल क्रांति, आधारभूत ढांचे के विस्तार और वैश्विक स्तर पर बढ़ती प्रतिष्ठा का अनुभव किया. साथ ही काशी विश्वनाथ धाम, महाकाल लोक और अयोध्या में राम मंदिर जैसी परियोजनाओं के माध्यम से सांस्कृतिक विरासत को भी नई पहचान मिली. आत्मनिर्भर भारत, मेक इन इंडिया और स्टार्टअप इंडिया जैसे अभियानों ने देश में आत्मविश्वास और नवाचार की नई भावना जगाई, जिससे भारत विश्व मंच पर अधिक प्रभावशाली बनकर उभरा है.



भारत के लिए नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्रित्व काल का पिछला 12 वर्ष केवल शासन परिवर्तन का ही नहीं, युग परिवर्तन का कालखंड बन गया है. वर्ष 2014 में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आरंभ हुई यात्रा ने भारत को केवल आर्थिक प्रगति के पथ पर अग्रसर नहीं किया, बल्कि उसे अपनी सांस्कृतिक जड़ों, आध्यात्मिक मूल्यों और सभ्यतागत चेतना से पुन: जोड़ने का कार्य भी किया. इन वर्षों में भारत ने विकास और विरासत, आधुनिकता और परंपरा, विज्ञान और अध्यात्म के अद्भुत समन्वय का ऐसा उदाहरण प्रस्तुत किया है, जिसकी चर्चा आज पूरे विश्व में हो रही है. प्रधानमंत्री मोदी ने शासन की बागडोर संभालते समय एक ऐसे भारत की कल्पना प्रस्तुत की थी, जो आत्मविश्वासी, आत्मनिर्भर और अपनी जड़-जमीन की पहचान को लेकर गौरवान्वित हो. यह दृष्टि केवल नीतियों तक सीमित नहीं रही, बल्कि जनभागीदारी के माध्यम से एक राष्ट्रीय अभियान का रूप लेती चली गयी. परिणामस्वरूप, आज का भारत अवसरों, उपलब्धियों और आकांक्षाओं का नया भारत बनकर विश्व मंच पर अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित कर रहा है. मोदी के नेतृत्व में विकास को केवल आर्थिक सूचकांकों तक सीमित नहीं रखा गया, बल्कि विकास का मतलब आम नागरिकों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाना माना गया. गांव, गरीब, किसान, महिला, युवा और वंचित वर्ग को केंद्र में रखकर अनेक योजनाएं प्रारंभ की गयीं. जनधन योजना ने करोड़ों लोगों को बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ा, उज्ज्वला योजना ने गरीब महिलाओं को धुएं से मुक्ति दिलायी, आयुष्मान भारत ने स्वास्थ्य सुरक्षा का कवच प्रदान किया और प्रधानमंत्री आवास योजना ने लाखों परिवारों को सम्मानजनक जीवन का आधार दिया. इसी प्रकार, स्वच्छ भारत अभियान ने राष्ट्रव्यापी जन आंदोलन का स्वरूप ग्रहण किया. जल-जीवन मिशन के माध्यम से गांव-गांव तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने का प्रयास हुआ.

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने आधारभूत संरचना के क्षेत्र में भी अभूतपूर्व प्रगति की है. आधुनिक राजमार्ग, एक्सप्रेस-वे, रेलवे का तीव्र विस्तार, वंदे भारत जैसी आधुनिक रेल सेवाएं, नये हवाई अड्डे और डिजिटल कनेक्टिविटी ने देश के विकास को नयी गति दी. जो क्षेत्र कभी विकास की मुख्यधारा से दूर माने जाते थे, वे आज राष्ट्रीय प्रगति के महत्वपूर्ण केंद्र बन रहे हैं. डिजिटल इंडिया अभियान से शासन व्यवस्था में क्रांतिकारी परिवर्तन आया. भारत आज विश्व का अग्रणी डिजिटल भुगतान वाला राष्ट्र बन चुका है. तकनीक के माध्यम से भ्रष्टाचार पर नियंत्रण और योजनाओं के लाभ का सीधा हस्तांतरण सुनिश्चित हुआ है. यदि इन 12 वर्षों की उपलब्धियों को एक वाक्य में व्यक्त करना हो, तो कहा जा सकता है कि भारत ने आत्मनिर्भरता की दिशा में निर्णायक कदम बढ़ाये हैं. 'आत्मनिर्भर भारत' का मंत्र केवल आर्थिक नीति नहीं, बल्कि राष्ट्रीय आत्मविश्वास की अभिव्यक्ति है. 'मेक इन इंडिया', 'स्टार्ट-अप इंडिया', 'स्किल इंडिया' और नवाचार को प्रोत्साहन देने वाली नीतियों ने युवाओं को नये अवसर प्रदान किये हैं. आज भारत वैश्विक विनिर्माण, डिजिटल तकनीक, अंतरिक्ष अनुसंधान और स्टार्ट-अप इकोसिस्टम के क्षेत्र में महत्वपूर्ण शक्ति के रूप में उभर रहा है. विश्व मंच पर भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा भी इन 12 वर्षों की उल्लेखनीय उपलब्धि है. जी-20 की सफल अध्यक्षता, जलवायु परिवर्तन पर नेतृत्वकारी भूमिका, वैश्विक दक्षिण की आवाज को मुखर करना तथा विश्व के प्रमुख देशों के साथ मजबूत संबंध स्थापित करना भारत की बढ़ती शक्ति के प्रमाण हैं.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की विशेषता केवल विकास नहीं, भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना का पुनर्जागरण भी है. स्वतंत्रता के बाद लंबे समय तक विकास और विरासत को परस्पर विरोधी माना जाता रहा, किंतु बीते 12 वर्षों में यह स्थापित हुआ कि अपनी जड़ों से जुड़कर भी आधुनिकता की ऊंचाइयों को प्राप्त किया जा सकता है. 'काशी विश्वनाथ धाम' का पुनर्विकास इस सोच का उत्कृष्ट उदाहरण है. सदियों पुरानी आस्था को आधुनिक सुविधाओं के साथ जोड़ते हुए काशी को नयी गरिमा प्रदान की गयी. उज्जैन में 'महाकाल लोक', 'केदारनाथ धाम' का पुनर्निर्माण, 'सोमनाथ' और अन्य तीर्थ स्थलों का विकास भारतीय सांस्कृतिक चेतना को नये आयाम प्रदान करता है. इन परियोजनाओं ने न केवल धार्मिक आस्था को सम्मान दिया, बल्कि पर्यटन, रोजगार और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी नयी शक्ति प्रदान की. अयोध्या में भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर के निर्माण को इस कालखंड की सबसे महत्वपूर्ण सांस्कृतिक उपलब्धियों में गिना जायेगा. यह केवल एक मंदिर का निर्माण नहीं, भारत की सभ्यतागत स्मृति, सांस्कृतिक अस्मिता और राष्ट्रीय आत्मविश्वास के पुनर्जागरण का प्रतीक है.

भारत की आध्यात्मिक परंपरा को वैश्विक पहचान दिलाने में भी प्रधानमंत्री मोदी की भूमिका उल्लेखनीय रही है. संयुक्त राष्ट्र द्वारा 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया जाना भारतीय संस्कृति की वैश्विक स्वीकार्यता का अभूतपूर्व उदाहरण है. प्रधानमंत्री ने बार-बार प्रतिपादित किया है कि भारत का विकास केवल भौतिक समृद्धि तक सीमित नहीं हो सकता. भारत की आत्मा उसकी संस्कृति, अध्यात्म, परिवार व्यवस्था, मानवता और 'वसुधैव कुटुंबकम' की भावना में निहित है. यही कारण है कि आधुनिक विज्ञान और तकनीक के साथ-साथ भारतीय ज्ञान परंपरा, योग, आयुर्वेद एवं सांस्कृतिक मूल्यों को भी समान महत्व दिया गया. इन 12 वर्षों में भारत के नागरिकों के मन में एक नये आत्मविश्वास का संचार हुआ है. चंद्रयान की सफलता, अंतरिक्ष क्षेत्र में उपलब्धियां, खेलों में बढ़ती प्रतिष्ठा, रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता व वैश्विक मंचों पर भारत की प्रभावशाली उपस्थिति ने देशवासियों में गौरव की भावना को मजबूत किया है. प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व के 12 वर्ष केवल प्रशासनिक उपलब्धियों के विवरण नहीं हैं, बल्कि राष्ट्रीय पुनर्जागरण की गाथा हैं. यह कालखंड उस भारत के उदय का प्रतीक है जो विकास की नयी ऊंचाइयों को छूते हुए अपनी सांस्कृतिक विरासत और आध्यात्मिक मूल्यों को समान गौरव के साथ आगे बढ़ा रहा है।

# महात्मा गांधी नरेगा से जल संरक्षण का महाअभियान, रोजगार और आजीविका को मिली नई ताकत


**जनप्रतिनिधियों, पंचायतों, स्वयं सहायता समूहों, युवाओं, सामाजिक संगठनों, गैर-सरकारी संस्थाओं और ग्रामीण समुदाय की सक्रिय भागीदारी से जल संरक्षण का यह अभियान जनआंदोलन का रूप ले चुका है। यापक जनजागरूकता कार्यक्रमों, ग्राम सभाओं और संवाद कार्यक्रमों के माध्यम से जल संरक्षण को लोगों के दैनिक व्यवहार का हिस्सा बनाने का प्रयास किया गया है। जल संरक्षण, रोजगार, महिला सशक्तिकरण, तकनीकी नवाचार का अभिनव मॉडल छत्तीसगढ़ का 'मोर गांव-मोर पानी' अभियान आज 'सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास' की अवधारणा को धरातल पर साकार करता दिखाई दे रहा है। जल संरक्षण, रोजगार, महिला सशक्तिकरण, तकनीकी नवाचार, पारदर्शिता और अभिसरण का यह मॉडल राज्य को भागीदारी से साझेदारी की दिशा में आगे बढ़ाते हुए पर्यावरण संरक्षण और ग्रामीण समृद्धि का नया अध्याय लिख रहा है।**

जलवायु परिवर्तन और बढ़ते जल संकट के बीच छत्तीसगढ़ ने जल संरक्षण को जनभागीदारी से जोड़कर विकास का नया मॉडल प्रस्तुत किया है। 24 अप्रैल 2025 से प्रारंभ 'मोर गांव-मोर पानी' महाअभियान के माध्यम से महात्मा गांधी नरेगा के तहत प्रदेशभर में जल संरक्षण, रोजगार सृजन और आजीविका संवर्धन को एक साथ आगे बढ़ाया जा रहा है।

अभियान के अंतर्गत लगभग 1610 करोड़ रुपये की लागत से एक लाख से अधिक जल संरक्षण एवं संवर्धन संबंधी स्थायी परिसंपत्तियों का निर्माण किया जा रहा है। इन कार्यों से जहां जल सुरक्षा मजबूत हो रही है, वहीं प्रदेश में प्रतिदिन 11 लाख से अधिक ग्रामीण श्रमिकों को रोजगार मिल रहा है, जिनमें 57 प्रतिशत महिलाएं हैं। जल संरक्षण और महिला सशक्तिकरण का यह संगम छत्तीसगढ़ को सतत ग्रामीण विकास की दिशा में नई पहचान दे रहा है।

***जल संरक्षण से आजीविका का सृजन***- राज्य सरकार ने जल संरक्षण को सीधे आजीविका से जोड़ते हुए कई अभिनव पहलें शुरू की हैं। वर्तमान में समाज के संवेदनशील एवं कमजोर वर्गों की निजी भूमियों पर 13,065 आजीविका डबरियों का निर्माण पूर्ण किया जा चुका है। इन परिसंपत्तियों के माध्यम से ग्रामीण परिवारों, विशेषकर महिलाओं को मत्स्य पालन, बागवानी और अन्य आयवर्धक गतिविधियों से जोड़कर अतिरिक्त आय के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

***नवा तरिया-आय के जरिया' के अंतर्गत विकसित हो रहे 624 सामुदायिक तालाब***- इसी प्रकार 'नवा तरिया-आय के जरिया' पहल के अंतर्गत 624 सामुदायिक तालाब विकसित किए जा रहे हैं। क्लस्टर स्तर पर स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को इन जल संरचनाओं से जोड़कर स्थायी आजीविका के अवसर सृजित किए जा रहे हैं। इससे जल संरक्षण केवल प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन तक सीमित न रहकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति देने का माध्यम भी बन रहा है। 1.50 लाख से अधिक आवासों में हितग्राहियों ने स्वेच्छा से लगाए वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम इसके साथ साथ अन्य जल संरक्षण, संवर्धन कार्य भी



व्यापक सामुदायिक भागीदारी से किए जा रहे है। प्रधान मंत्री आवास ग्रामीण अंतर्गत निर्मित 1.50 लाख से अधिक आवास में हितग्राहियों द्वारा अपने खर्च पर स्वेच्छा से वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाया गया है ।

***तकनीक से जल संरक्षण को मिली नई दिशा***- 'मोर गांव-मोर पानी' अभियान की विशेषता यह है कि इसमें आधुनिक तकनीकों का व्यापक उपयोग किया जा रहा है। जल संरक्षण कार्यों की वैज्ञानिक योजना और गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन के लिए जीआईएस आधारित युक्तधारा प्लानिंग, क्लार्ट एप के माध्यम से स्थल चयन तथा वाटरशेड सिद्धांतों का उपयोग किया जा रहा है।

***जलदूत प्रणाली से भू-जल स्तर की हो रही नियमित निगरानी***- भू-जल स्तर की नियमित निगरानी के लिए जलदूत प्रणाली लागू की गई है, जिसके माध्यम से खुले कुओं के जल स्तर का मापन किया जा रहा है। ग्राम पंचायत भवनों की दीवारों पर भू-जल स्तर का लेखन कर स्थानीय स्तर पर जल बजट तैयार करने की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है, जिससे जल प्रबंधन अधिक प्रभावी और समुदाय आधारित बन सके।

***पारदर्शिता का अभिनव मॉडल***- मनरेगा के क्रियान्वयन में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश ने तकनीक आधारित नवाचारों को अपनाया है। प्रत्येक ग्राम पंचायत में क्यूआर कोड प्रदर्शित किए गए हैं, जिनके माध्यम से ग्रामीण अपने गांव में स्वीकृत एवं पूर्ण कार्यों की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इसके साथ ही रोजगार दिवस, आवास दिवस, सामाजिक अंकेक्षण और जनसंवाद कार्यक्रमों के माध्यम से योजना में पारदर्शिता एवं जनविश्वास को और सुदृढ़ किया गया है।

***जनभागीदारी से भागीदारी से साझेदारी की ओर***- अभियान की सबसे बड़ी सफलता इसमें समाज के सभी वर्गों की सहभागिता है। जनप्रतिनिधियों, पंचायतों, स्वयं सहायता समूहों, युवाओं, सामाजिक संगठनों, गैर-सरकारी संस्थाओं और ग्रामीण समुदाय की सक्रिय भागीदारी से जल संरक्षण का यह अभियान जनआंदोलन का रूप ले चुका है।

# प्रधानमंत्री आवास योजना से जशपुर जिले में बदल रही हजारों लोगों की जिंदगी

**मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में जशपुर जिले के 93 हजार से अधिक परिवारों को मिला पक्का मकान**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली सुशासन में प्रधानमंत्री आवास योजना से राज्य सहित जशपुर जिले में हजारों लोगों की जिंदगी बदली रही है। पक्की छत के नीचे लाखों लोग सुकून से रह रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास और पीएम जनमन योजना ने गरीब और विशेष पिछड़ी जनजाति परिवारों को पक्का मकान से लाभांवित कर उनके जीवन में बदलाव लाया है।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री के मंशानुरूप आवास प्लस 2.0 के तहत् सर्वे कर छूटे हुए लोगों को भी शत् प्रतिशत आवास देने का लक्ष्य निर्धारित है। योजना के तहत पात्र परिवारों को पक्का घर प्रदान करना, ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल, बिजली, शौचालय और एलपीजी जैसी बुनियादी सुविधाओं से युक्त पक्का मकान का लाभ देने है। जिन लोगों को जीवन वर्षों तक संघर्ष और अभाव की छाया में बीता। कच्चे मकान की टूटी-फूटी दीवारें और छत उनके परिवार की मुश्किलों की गवाह थीं। बरसात के मौसम में तो हालत और भी विकट हो जाती थी। घर के भीतर पानी भर जाना, सामान भीग जाता और रातें जागते हुए काटनी पड़ती थीं। खुद के लिए एक पक्का घर बनाने का सपना, सपना ही बना रहता था।

छत्तीसगढ़ शासन की संवेदनशील सोच का परिणाम जिले के हजारो लोग लाभान्वित* प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत अब तक 1 लाख 26 हजार 18 जशपुर जिले में आवास स्वीकृत हुए हैं। इनमें 93 हजार 506 आवास पूर्ण हो चुके हैं। इन घरों में अपनों के साथ सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन जी रहे हैं। इसी प्रकार पीएम जनमन के तहत् जिले में 2023 से 2025 तक 2040



आवास स्वीकृत हुए हैं इनमें 1494 से अधिक आवास पूर्ण किया गया है। विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा के परिवार सभी सुविधाओं के साथ निवास कर रहें हैं। पीएम-जनमन एक ऐसी योजना है जिसका उद्देश्य जनजातीय समुदायों को मुख्यधारा में लाना है। इसमें पीएम-आवास योजना के तहत सुरक्षित आवास, स्वच्छ पेयजल तक पहुँच, बेहतर स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा, पोषण, सड़क एवं दूरसंचार कनेक्टिविटी के साथ-साथ स्थायी आजीविका के अवसर सहित विभिन्न क्षेत्र शामिल हैं। जिले में आवास प्लस 2.0 सर्वे के तहत् छूट हुए 102371 परिवारों को पुन: सर्वे किया गया है और इन्हें पात्रतानुसार योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा।

# आज का राशिफल

**मेष राशि:** शनिवार का दिन सामान्य रहेगा, लेकिन कुछ छोटी-छोटी बातें आपका ध्यान बार-बार अपनी ओर खींच सकती हैं। सुबह किसी काम को लेकर जल्दबाजी करने का मन होगा।

**वृषभ राशि:** आज का दिन कुछ ऐसे बीत सकता है कि शाम तक आपको लगेगा, 卐अच्छा हुआ मैंने जल्दबाज़ी नहीं की।卐 सुबह किसी बात को लेकर मन थोड़ा उलझा रह सकता है।

**मिथुन राशि:** आज आपका मन एक जगह टिकने के मूड में नहीं रहेगा। सुबह से ही कई बातें एक साथ दिमाग में चलती रह सकती हैं। किसी से बात करते-करते अचानक किसी और काम की याद आ जाएगी।

**कर्क राशि:** आज आप बाहर से जितने शांत दिखेंगे, अंदर उतनी ही बातें चल रही होंगी। सुबह किसी पुरानी घटना, व्यक्ति या बातचीत की याद अचानक मन में आ सकती है। कुछ समय के लिए आप अपने ही विचारों में खोए रह सकते हैं।

**सिंह राशि:** आज का दिन उन दिनों में से हो सकता है जब लोग आपकी ओर किसी न किसी वजह से ध्यान दें। सुबह से ही कई छोटे-छोटे काम एक साथ सामने आ सकते हैं।

**कन्या राशि:** आज आप कई बातों को सामान्य से ज्यादा बारीकी से देख सकते हैं। कोई छोटा काम भी आपके लिए तब तक पूरा नहीं होगा, जब तक आपको संतुष्टि न मिल जाए।

**तुला राशि:** आज हर बात को तुरंत तय कर लेना आपके लिए आसान नहीं होगा। मन किसी एक फैसले पर पहुंचने से पहले उसके कई पहलुओं को देखना चाहेगा। हालांकि यह बदलाव नुकसानदेह नहीं रहेगा।

**वृश्चिक राशि:** आज आप कुछ बातों को अपने तक ही रखना पसंद करेंगे। हर विचार या योजना दूसरों के साथ साझा करने का मन नहीं होगा और यह बिल्कुल स्वाभाविक भी है।

**धनु राशि:** आज आपका मन घर की चारदीवारी से ज्यादा नई चीजों और नए विचारों की ओर आकर्षित हो सकता है। सुबह किसी योजना को लेकर उत्साह रहेगा, लेकिन दिन बढ़ने के साथ कुछ बदलाव भी करने पड़ सकते हैं।

**मकर राशि:** आज आप अपने आसपास की चीजों को सामान्य से ज्यादा गंभीरता से देख सकते हैं। कोई छोटी-सी बात भी आपके मन में देर तक चलती रह सकती है। सुबह किसी जिम्मेदारी को लेकर व्यस्तता बढ़ सकती है।

**कुंभ राशि:** आज का दिन कुछ ऐसे अनुभव दे सकता है जो देखने में साधारण लगें, लेकिन उनका असर आपके मन पर देर तक बना रहे। सुबह किसी बात को लेकर आप अपना मन बदल सकते हैं।

**मीन राशि:** शनिवार का दिन आपको थोड़ा धीमा चलने की सलाह दे रहा है। हर बात का जवाब तुरंत ढूंढने या हर समस्या को उसी समय सुलझाने की कोशिश करने के बजाय आज परिस्थितियों को जैसा है।


# शब्द कौतुक

## शब्द सामर्थ्य -068

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं :**
1. लज्जत, जायका 2. मुकाबला, भेंट, होड़ 5. बंदी, कैद की सजा पाने वाला व्यक्ति 7. खल-पात्र, नाटक फिल्म आदि का बुरा पात्र 9. कामी, व्याभिचारी 10. इज्जत जाना, बेइज्जती होना (उपमा)11. ऊटपटांग, विचित्र, कठिन 13. वैभव, ठाट-बाट 14. साथ, सहित 15. कामदेव की पत्नी, प्रेम 16. मैं का बहुवचन 17. दरवाजे-दरवाजे 20. एक राशि, मगर 22. नमी, सीड़, मुहर, ठप्पा 23. औषधालय, चिकित्सालय।

**ऊपर से नीचे**
1. आत्मनिर्भर, स्वालंबन भावना से युक्त, स्वाश्रित 2. वर्ष, बरस 3. राजी करना, रूठे हुए को खुश करना, प्रसन्न करना 4. नाटक फिल्म आदि का मुख्यपात्र 6. दीवानगी, पागलपन, 7. दो वस्तुओं के टकराने से उत्पन्न ध्वनि, बैर-विरोध, अनबन 8. खीरे की प्रजाति का एक फल 11. बेवकूफ, मूर्ख 12. बादल, मेघ 13. बहुत चालाक, होशियार 14. जिसका मत दूसरे से मिलता हो, 15. दांत, दंत 18. प्राप्ति, वस्तु आदि मिलने का प्रमाण पत्र 19. दंगा-फसाद, उपद्रव विप्लव 21. बचाव, सुरक्षा।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 067 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग | ल | त | | | | खा | म | खाँ |
| णे | | ल | | झ | प | की | | |
| श | र | ब | त | | रं | | | मि |
| | ज | गा | ना | | प | रा | का | ष्ठा |
| | नी | र | | वि | रा | ज | मा | न |
| ना | च | | | प | | | य | |
| म | र | णा | स | न्न | | पा | नी | |
| ची | | | प | | पा | | | भो |
| न | ज | रा | ना | | स | मा | चा | र |

# सुडुको

## सू- दोकू क्र.068

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | 1 | | 7 | | |
| 4 | | 6 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | 6 | | 8 | | 9 |
| | | 3 | | | 1 | | 6 | |
| 5 | | | 6 | | | 9 | | |
| | | 9 | | 5 | | | 3 | |
| 3 | | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | 3 | 9 | |
| 1 | | 4 | | | 8 | | 7 | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.067 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 7 |

स्वामी अशोक भटनागर, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक ब्यास मुनि द्विवेदी द्वारा असमा पब्लिशर्स इंडिया प्रा. लि. पीएनबी बैंक के सामने, जयस्तंभ चौक, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं एलआईजी 93 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, धनसुली, नरदहा, रायपुर छत्तीसगढ़ से प्रकाशित प्रबंध संपादक- आशीष मिश्रा (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) फोन नं. 0771-4000600

## संक्षिप्त समाचार

### जिले में स्वच्छ भारत मिशन के तहत फिकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट का प्रभावी संचालन

**दुर्ग।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत कलेक्टर अभिजीत सिंह के कुशल मार्गदर्शन में जिला प्रशासन ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता और स्वास्थ्य मानकों को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रहा है। जिले में निर्मित 05 फिकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट (एफएसटीपी) के माध्यम से अब ग्रामीणों को वैज्ञानिक पद्धति से सेप्टिक टैंक की सफाई की सुविधा मिल रही है। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने जिला प्रशासन की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा ग्रामीणों का स्वास्थ्य हमारी प्राथमिकता है। सेप्टिक टैंकों का असुरक्षित निष्पादन न केवल गंदगी फैलाता है, बल्कि बीमारियों का भी कारण बनता है। अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि प्रत्येक संयंत्र के माध्यम से प्रतिदिन न्यूनतम 02 ट्रिप डी-स्लजिंग (सफाई) का कार्य सुनिश्चित किया जाए। ग्रामवासियों से मेरी अपील है कि वे स्वयं जागरूक बनें और अपने घर के सेप्टिक टैंक प्रति 03 से 04 वर्षों में अनिवार्यत: खाली करवाएं। निजी वाहनों की मनमानी और अवैध डंपिंग को रोकने हेतु प्रशासन कठोर कार्रवाई कर रहा है, आप केवल अधिकृत शासकीय सेवाओं का ही लाभ लें।

### बाल श्रम नहीं, शिक्षा का अधिकार विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर दुर्ग में विशेष विधिक शिविर आयोजित

**दुर्ग।** विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग द्वारा किशोर न्याय बोर्ड दुर्ग में विशेष विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लीगल एंड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के दो काउंसलर विशेष रूप से उपस्थित रहे, जिन्होंने बच्चों को उनके अधिकारों एवं बाल संरक्षण से संबंधित महत्वपूर्ण कानूनी जानकारियाँ प्रदान की। शिविर के दौरान बच्चों को बाल श्रम की परिभाषा, उसके विभिन्न स्वरूपों तथा बाल श्रम उन्मूलन के महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। वक्ताओं ने बताया कि बाल श्रम बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं शैक्षणिक विकास में बाधा उत्पन्न करता है तथा उनके उज्ज्वल भविष्य को प्रभावित करता है। वक्ताओं ने बच्चों को बाल श्रम (निषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986, किशोर न्याय से संबंधित प्रावधानों तथा बाल संरक्षण के लिए बनाए गए विभिन्न भारतीय कानूनों की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में बच्चों को शासकीय पुनर्वास योजनाओं, शिक्षा के अधिकार तथा बाल संरक्षण तंत्र के बारे में भी अवगत कराया गया। साथ ही चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, गुड टच एवं बैड टच की जानकारी देकर उन्हें अपनी सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। बच्चों ने कार्यक्रम के दौरान उत्साहपूर्वक अनेक प्रश्न पूछे, जिनका काउंसलरों द्वारा सरल एवं सहज भाषा में उत्तर देकर समाधान किया गया।

### 'योगा फॉर हेल्दि ऐजिंग' थीम के तहत कल विशेष ऑनलाईन योग सत्र का आयोजन

**दुर्ग।** अंतर्राष्टीय योग दिवस 2026 के उपलक्ष्य में भारत सरकार के आयुष मंत्रालय द्वारा योगा फॉर हेल्दि ऐजिंग थीम के अंतर्गत 14 जून 2026 को प्रात: 06.15 से 07.35 बजे तक एक विशेष ऑनलाईन योग सत्र का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन के माध्यम से एक साथ सर्वाधिक लोगों की ऑनलाईन योग सहभागिता का गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड सत्यापित करने का प्रयास किया जायेगा। छत्तीसगढ शासन के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा प्राप्त निर्देशों के अनुसार इस ऐतिहासिक पहल में अधिकतम जनभागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सभी शासकीय एवं अशासकीय संस्थाओं, शैक्षणिक संस्थानों, समाजिक संगठनों, योग साधकों तथा आम नागरिकों से बढ़-चढ़ कर भाग लेने की अपील की गई है। कार्यक्रम में सहभागिता हेतु इच्छुक व्यक्तियों को टोल फ्री नं. 1800-315-7008 पर मिस्ड कॉल देकर पंजीयन कराना होगा। पंजीयन उपरांत प्रतिभागियों को व्हाट्सएप के माध्यम से कार्यक्रम का लिंक प्राप्त होगा। गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड के लिए प्रत्येक प्रतिभागी का अपने व्यक्तिगत मोबाईल, लेपटॉप अथवा डिजिटल उपकरण से अलग-अलग लॉगिन करना आवश्यक होगा।

### जिला स्तरीय रोजगार मेला 17 जून को, 2329 पदों पर होगी भर्ती

**दुर्ग।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दुर्ग और कृष्णा इंजीनियरिंग कॉलेज, खम्हरिया, भिलाई (जिला-दुर्ग) के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 17 जून 2026, दिन बुधवार को कृष्णा इंजीनियरिंग कॉलेज में जिला स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार कार्यालय के उप संचालक से मिली जानकारी के अनुसार इस जिला स्तरीय रोजगार मेले के लिए कक्षा 10वीं, 12वीं, स्नातक, स्नातकोत्तर, आईटीआई, डिप्लोमा इंजीनियरिंग, इंजीनियरिंग स्नातक, एमबीबीएस, बीएएमएस, नर्सिंग, जीएनएम, एएनएम, डिप्लोमा पैरामेडिकल एवं अन्य योग्यताधारी आवेदकों हेतु कुल 17 नियोजकों से 2329 तकनीकी एवं गैर तकनीकी रिक्तियाँ प्राप्त हो चुकी हैं।

## कन्हारपुरी की लक्ष्मी सादानी बनीं प्रदेश की बेस्ट मेकअप आर्टिस्ट, बॉलीवुड अभिनेत्री महक चहल ने किया पुरस्कृत

(लोकमाया न्यूज)।



**राजनांदगांव।** दुर्ग के होटल पृथ्वी पैलेस में मिरर सलोन एवं ब्यूटी एकेडमी तथा आशीष इन्फोटेक के संयुक्त तत्वावधान में भव्य ब्यूटी फेस्टिवल का आयोजन किया गया। इस गरिमामय समारोह में राजनांदगांव के कन्हारपुरी स्थित पंखुड़ी ब्यूटी पार्लर की संचालिका लक्ष्मी सादानी ने अपनी उत्कृष्ट कला और कौशल का परिचय देते हुए बेस्ट मेकअप आर्टिस्ट का प्रतिष्ठित खिताब अपने नाम किया। मुख्य अतिथि बॉलीवुड अभिनेत्री महक चहल ने उन्हें इस उपलब्धि के लिए मंच पर सम्मानित किया। लक्ष्मी सादानी की इस सफलता से राजनांदगांव के सौंदर्य एवं फैशन जगत में हर्ष का माहौल है।

कार्यक्रम की आयोजक व मिरर सलोन की संचालिका श्रीमती परी चंद्राकर एवं आशीष चंद्राकर ने बताया कि इस स्तर के भव्य आयोजन अमूमन मेट्रो शहरों तक ही सीमित रहते हैं। स्थानीय और ग्रामीण अंचल की प्रतिभाओं को एक उचित मंच प्रदान करने के उद्देश्य से पिछले दो महीनों के कड़े परिश्रम के बाद इस महोत्सव को साकार किया गया। आयोजकों ने सराहनीय पहल करते हुए प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी मेकअप आर्टिस्टों के लिए मॉडल और संपूर्ण मेकअप सामग्री की व्यवस्था अपनी ओर से निशुल्क उपलब्ध कराई थी।

श्रीमती परी चंद्राकर व आशीष चंद्राकर, कार्यक्रम आयोजक हमारा उद्देश्य छोटे क्षेत्रों की हुनरमंद महिलाओं और कलाकारों को आगे लाना है। इस तरह के मंच से उनका आत्मविश्वास बढ़ता है और वे उद्योग में अपनी नई पहचान बना सकती हैं। ब्यूटी फेस्टिवल में विशेष रूप से शामिल हुईं बॉलीवुड अभिनेत्री महक चहल ने प्रतिभागियों द्वारा तैयार किए गए मॉडल्स के लुक की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि आज सौंदर्य और फैशन उद्योग एक बड़े करियर के रूप में उभर रहा है, जिसमें निरंतर नवाचार (इन्नोवेशन) की आवश्यकता है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए प्रेरित किया। लक्ष्मी सादानी को यह शीर्ष सम्मान मिलने पर उनके शुभचिंतकों, ग्राहकों और क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### भिलाई निगम आयुक्त ने की समीक्षा बैठक

## लंबित आवेदनों एवं विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश

(लोकमाया न्यूज)।



**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने निगम के विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा बैठक लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में जनशिकायत, लंबित आवेदन, डिस्ट्रीब्यूशन पाइपलाइन, विकास कार्य, ई-ऑफिस, वृक्षारोपण, सीएम हेल्पलाइन, सफाई व्यवस्था सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। आयुक्त ने कहा कि सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनो का जल्द निराकरण किया जाए । पी एम ओ पोर्टल, मुख्यमंत्री शिकायत, कलेक्टर जनदर्शन, निदान 1100, जनशिकायत एवं अन्य शिकायतों का त्वरित निराकरण किया जाए जिससे आम नागरिकों को लाभ मिले । बैठक में आदर्श शहर योजना के अंतर्गत शहर के सौंदर्यीकरण, सड़क चौड़ीकरण, प्रकाश व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक अधोसंरचनात्मक कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर प्रस्ताव भेजने हेतु निर्देश दिए हैं। साथ ही शहर में स्थापित उद्यानों, सामुदायिक भवनों और इंडोर स्टेडियम के नामकरण संबंधी प्रस्ताव तैयार कर महापौर परिषद के समक्ष प्रस्तुत करने को कहा गया। पाइप लाइन में आवश्यक संधारण कार्य करने कहा गया है । बरसात पूर्व बड़े नाला नालियों की सफाई दुरुस्त करने कहा गया है, साथ ही निचली बस्तियों का निरीक्षण कर आवश्यक सुधार हेतु निर्देशित किए हैं। वर्षा ऋतु को देखते हुए प्रकाश व्यवस्था में आवश्यक सुधार हेतु निर्देशित किए हैं । अतिक्रमण एवं अवैध निर्माण में कार्रवाई करने कहे हैं । सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त आवेदनों में त्वरित कार्रवाई हेतु निर्देश दिए हैं । आयुक्त ने आगामी वृक्षारोपण अभियान को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त संख्या में पौधों की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा जोनों के माध्यम से उनके वितरण की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने शहर में हरियाली बढ़ाने के लिए व्यापक स्तर पर पौधारोपण करने पर जोर दिया। बरसात के मौसम को देखते हुए जलभराव प्रभावित निचली बस्तियों की पहचान कर आवश्यक कार्यवाही करने तथा जल निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए गए। बैठक में अपर आयुक्त राजेंद्र दोहरे, मुख्य अभियंता अजीत कुमार तिग्गा, उपायुक्त डी के कोसरिया, अधीक्षण अभियंता वेशराम सिंहा, सर्व जोन आयुक्त, कार्यपालन अभियंता, लेखाधिकारी, स्वास्थ्य अधिकारी, राजस्व अधिकारी, उद्यान अधिकारी, सर्व सहायक अभियंता, उप अभियंता एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पीएम स्वनिधि और सुशासन तिहार शिविर आयोजित

(लोकमाया न्यूज)।




**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम भिलाई के जोन-3, मदरटेरेसा वार्ड अंतर्गत डॉ भीमराव अम्बेडकर सर्व समाज मांगलिक भवन, बैकुण्ठधाम में पीएम स्वनिधि योजना एवं सुशासन तिहार 2026 के तहत एक भव्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में नागरिकों, स्ट्रीट वेंडरों एवं हितग्राहियों ने भाग लिया। इस अवसर पर पीएम स्वनिधि योजना के लाभार्थियों को योजना की जानकारी प्रदान करते हुए स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए उपलब्ध कराए जा रहे कम ब्याज ऋण की जानकारी दी गई, वहीं सुशासन तिहार के तहत प्राप्त मांग एवं शिकायतों पर की गई कार्रवाई से नागरिकों को अवगत कराया गया। कार्यक्रम में दुर्ग सांसद विजय बघेल, वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पांडेय, रायपुर उत्तर के विधायक पुरन्दर मिश्रा, नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा, जोन अध्यक्ष जालंधर सिंह, नोडल अधिकारी अनिल कुमार सिंह तथा नगर निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय की विशेष उपस्थिति रही। जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की प्रतिबद्धता दोहराई। सांसद विजय बघेल ने कहा कि केंद्र सरकार की पीएम स्वनिधि योजना छोटे व्यापारियों और स्ट्रीट वेंडरों के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस योजना के माध्यम से हजारों वेंडरों को बिना किसी जटिल प्रक्रिया के कम ब्याज पर ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे वे अपने व्यवसाय का विस्तार कर आत्मनिर्भर बन सकें। विधायक रिकेश सेन ने कहा कि सुशासन तिहार का उद्देश्य शासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है। उन्होंने बताया कि नागरिकों द्वारा शिविरों में प्रस्तुत मांग एवं शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जा रहा है, जिससे आम नागरिकों को लाभ मिल रहा है।

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडेय ने कहा है कि पी एम स्वनिधि योजना देश के उन सभी लोगों को राहत देने का कार्य कर रहा है जिनका आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। रेलवे के आसपास ठेला, फल या सब्जी बेचने वाले छोटे व्यवसायी इसका फायदा ले सकते हैं।

नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा ने शासन के इस महत्वपूर्ण प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दिए और नागरिकों से अपील किया कि इसका लाभ लें। इस कार्यक्रम में पार्षद विनोद सिंह, जालन्धर सिंह, वीणा चंद्राकर, गिरजा बंछोर, लक्ष्मी दीवाकर भारती, शैलजा धनराजू, प्रियंका भोला साहू, लक्ष्मी साहू, सत्या देवी जायसवाल, स्मिता दौड़के, चंदेश्वरी बांधे, नोहर वर्मा, संजय सिंह, मुकेश अग्रवाल, विनोद चेलक, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह, अपर आयुक्त राजेंद्र कुमार दोहरे, उपायुक्त नरेंद्र बंजारे, डी के कोसरिया, जोन आयुक्त ऐशा लहरे, अमरनाथ दुबे, कुलदीप गुप्ता, अजय गौर, कार्यपालन अभियंता अनिल सिंह, अरविंद शर्मा एवं अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

## सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु ब्लैक एवं ग्रे स्पॉट क्षेत्रों में विशेष चेकिंग अभियान

### 74 माल वाहक वाहनों पर कार्यवाही

(लोकमाया न्यूज)।




**भिलाई।** यातायात पुलिस दुर्ग द्वारा जिले में सड़क दुर्घटनाओं को कम करने एवं आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत शहरी क्षेत्रों में हेलमेट एवं सीट बेल्ट का उपयोग नहीं करने वाले वाहन चालकों पर नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में दुर्घटना संभावित ब्लैक स्पॉट एवं ग्रे स्पॉट स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है।

प्रतिदिन प्रात: 06ः00 बजे से ग्रामीण क्षेत्रों में फिक्स चेकिंग पॉइंट स्थापित कर दोपहिया एवं चारपहिया वाहन चालकों की जांच की जा रही है। वाहन चालकों को हेलमेट एवं सीट बेल्ट के महत्व की जानकारी देकर यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया जा रहा है।

इसके अतिरिक्त माल वाहक वाहनों में अवैध रूप से सवारी परिवहन करने वाले वाहन चालकों पर विशेष निगरानी रखते हुए मोटरयान अधिनियम के तहत कार्यवाही की जा रही है। ऐसे वाहनों में सवारी परिवहन किए जाने से गंभीर सड़क दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है, जिसके दृष्टिगत सख्त कार्रवाई की जा रही है। विगत एक सप्ताह में कुल 74 माल वाहक वाहनों पर कार्यवाही की गई। यातायात पुलिस द्वारा ब्रेथ एनालाइजर मशीन के माध्यम से वाहन चालकों की जांच भी की जा रही है। जांच के दौरान शराब सेवन कर वाहन चलाते पाए जाने वाले चालकों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। नशे की स्थिति में वाहन संचालन सड़क दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण है, जिसे रोकने हेतु अभियान निरंतर जारी रहेगा।

## विधायक रिकेश का प्रयास : वैशाली नगर में 5.25 करोड़ के विकास कार्यों को मिली मंजूरी

(लोकमाया न्यूज)।

**भिलाई नगर।** वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र के विकास को नई गति देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। क्षेत्रीय विधायक रिकेश सेन के लगातार प्रयासों और जनहित से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाने का परिणाम अब धरातल पर दिखाई देने लगा है। राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री नगरीय स्लम स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत प्रियदर्शिनी परिसर पश्चिम क्षेत्र में विभिन्न आधारभूत विकास कार्यों के लिए 5 करोड़ 25 लाख 47 हजार रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की है। इस स्वीकृति से क्षेत्र के हजारों नागरिकों को बेहतर आवागमन, जल निकासी और मूलभूत सुविधाओं का लाभ मिलेगा।

### जनता की वर्षों पुरानी मांग होगी पूरी



स्वीकृत परियोजना के तहत प्रियदर्शिनी परिसर पश्चिम में पहुंच मार्ग निर्माण, नाली निर्माण और विद्युतीकरण जैसे महत्वपूर्ण कार्य कराए जाएंगे। लंबे समय से क्षेत्रवासी इन सुविधाओं की मांग कर रहे थे, जिसे विधायक रिकेश सेन ने लगातार शासन स्तर पर उठाया। अब स्वीकृति मिलने के बाद इन कार्यों के पूरा होने से स्थानीय लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी, जलभराव की समस्या में कमी आएगी और क्षेत्र की आधारभूत संरचना मजबूत होगी।

### विकास के लिए लगातार सक्रिय रहे विधायक

क्षेत्र के विकास को लेकर विधायक रिकेश सेन लगातार राज्य शासन और संबंधित विभागों के संपर्क में रहे। उन्होंने क्षेत्र की आवश्यकताओं को प्राथमिकता देते हुए प्रस्तावों को आगे बढ़ाया और शीघ्र स्वीकृति के लिए लगातार प्रयास किए। उनकी पहल पर ही विकास कार्यों के लिए आवश्यक प्रस्ताव शासन तक पहुंचे और अंतत: उन्हें मंजूरी मिल सकी।

### राज्य सरकार और मंत्री का जताया आभार

विकास कार्यों की स्वीकृति मिलने पर विधायक रिकेश सेन ने राज्य सरकार तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के मंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि सरकार की सकारात्मक सोच और जनहितकारी दृष्टिकोण के कारण वैशाली नगर क्षेत्र को यह महत्वपूर्ण सौगात मिली है। विधायक ने विश्वास जताया कि आगामी समय में भी क्षेत्र के विकास के लिए इसी तरह नई परियोजनाओं को स्वीकृति दिलाने का प्रयास जारी रहेगा।

### क्षेत्रवासियों को मिलेगा सीधा लाभ

इन कार्यों के पूर्ण होने के बाद क्षेत्र के नागरिकों को बेहतर और सुरक्षित पहुंच मार्ग, बरसात के दौरान जलभराव की समस्या में राहत, आधुनिक नाली व्यवस्था, बेहतर स्ट्रीट लाइट और विद्युतीकरण से क्षेत्र की सौंदर्यता और आधारभूत ढांचे में सुधार होगा। हालिया स्वीकृति को क्षेत्र के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।

## मोहारा शराब दुकान में उड़नदस्ते ने पकड़ा ओवर रेटिंग का खेल



### जोगी कांग्रेस बोली-आबकारी विभाग दबा रहा मामला, होगी उग्र तालाबंदी

(लोकमाया न्यूज)।

**राजनांदगांव।** अजीत जोगी युवा मोर्चा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष शमसुल आलम के आदेश पर आज जोगी कांग्रेस ने शराब दुकान में चल रहे भ्रष्टाचार के खिलाफ कलेक्ट्रेट का घेराव किया। युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष बिलाल सोलिन खान के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने मोहारा स्थित शराब दुकान में चल रही ओवर रेटिंग और अवैध वसूली को लेकर डिप्टी कलेक्टर अभिषेक तिवारी को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। जोगी कांग्रेस ने कल शाम की दुकान की सीसीटीवी फुटेज जांचने और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। जिलाध्यक्ष बिलाल सोलिन खान ने बताया कि कल शाम मोहारा शराब दुकान में उड़नदस्ता की टीम ने दबिश दी थी। टीम ने सेल्समैन को तय कीमत से अधिक पैसे (ओवर रेटिंग) वसूलते और ऊपर से एक्स्ट्रा पैसे लेकर नियमों के खिलाफ ज्यादा मात्रा में शराब की बोतलें बेचते हुए रंगे हाथों पकड़ा था। बिलाल का आरोप है कि इतनी बड़ी गड़बड़ी पकड़े जाने के बाद भी आबकारी विभाग के बड़े अफसर इस पूरे मामले को दबाने और रफा-दफा करने में जुटे हुए हैं। जोगी कांग्रेस युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष बिलाल सोलिन खान ने कहा कि जब पूरे प्रदेश के अलग.अलग जिलों में ओवर रेटिंग मिलने पर आबकारी इंस्पेक्टरों पर गाज गिर रही है, तो राजनांदगांव में उड़नदस्ते के रंगे हाथों पकड़ने के बाद भी चुप्पी क्यों साधी गई है? हमारी मांग है कि सिर्फ सेल्समैन नहीं, बल्कि मिलीभगत करने वाले आबकारी इंस्पेक्टर, लोकेशन ऑफिसर और सुपरवाइजर पर भी तत्काल कार्रवाई की जाए। कलेक्ट्रेट पहुंचे प्रतिनिधिमंडल को डिप्टी कलेक्टर अभिषेक तिवारी ने भरोसा दिलाया है कि मामले की पूरी जांच कर जल्द ही उचित वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। इधर, जोगी कांग्रेस ने प्रशासन को दो टूक चेतावनी दी है कि अगर तय समय में जिम्मेदार अधिकारियों पर गाज नहीं गिरी, तो शराब दुकान के सामने उग्र प्रदर्शन और चक्काजाम किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

## कर्मचारियों ने लंबित मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन, महंगाई भत्ता सहित कई मुद्दों पर की कार्रवाई की मांग

(लोकमाया न्यूज)।



**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के प्रदेशाध्यक्ष पवन शर्मा के निर्देश पर कर्मचारियों की विभिन्न लंबित मांगों के निराकरण को लेकर बुधवार को कलेक्टोरेट में ज्ञापन सौंपा गया। संघ के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम संबोधित ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर विश्वास कुमार को सौंपकर शीघ्र कार्रवाई की मांग की।

संघ के प्रदेश महामंत्री विजय लहरे, दुर्ग संभाग अध्यक्ष एवं सचिव आनंद कुमार श्रीवास्तव तथा जिला अध्यक्ष अरुण कुमार देवांगन के मार्गदर्शन में सौंपे गए ज्ञापन में 1 जनवरी 2026 से राज्य के लगभग 4.5 लाख कर्मचारियों एवं पेंशनरों को 2 प्रतिशत महंगाई भत्ता एरियर सहित प्रदान करने की मांग प्रमुख रूप से उठाई गई।

इसके अलावा कर्मचारियों के लिए कैशलेस चिकित्सा सुविधा लागू करने हेतु आवश्यक नियम-निर्देश जारी करने, अवकाश नगदीकरण की सीमा 240 दिनों से बढ़ाकर 300 दिन करने, संविदा एवं दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को नियमित कर सेवा सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा शिक्षक वर्ग (एलबी) की सेवा गणना प्रथम नियुक्ति तिथि से कर समस्त सेवा लाभ प्रदान करने की मांग भी की गई।

ज्ञापन में अनुकंपा नियुक्ति में लागू 10 प्रतिशत की सीमा समाप्त करने की मांग भी शामिल रही। संघ पदाधिकारियों ने कहा कि कर्मचारियों एवं पेंशनरों की लंबे समय से लंबित मांगों पर शासन को सकारात्मक निर्णय लेना चाहिए।

इस अवसर पर संघ के सुभाष तायवाड़े, कौशल खोब्रागढ़े, सविता माहेश्वरी, संध्या तारम, गायत्री ठाकुर, नजमा खान, विनीता नागेश, मानसिंह पवार, चित्रकांत वर्मा, नीतेश रंगारी, धीरेन्द्र रंगारी, छत्रपाल पंचारी, दीपेश कुमार, अंबरीश प्रजापति, टीकेश्वर साहू, मोहनीश उईके, प्रशांत सुखदेवे, आशीष भागड़कर, परमानंद ठाकुर सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ अधिकारी-कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन की जिला इकाई के राजकुमार महानदिया एवं बीके कडबे सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए कर्मचारियों की मांगों का समर्थन किया।

# तुम क्या हो.! कोई नेता हो.,औक़ात पर संग्राम.. सभापति और इंजीनियर भिड़े

## शहरी सरकार में उथल-पुथल, सत्तासीन सभापति ने अफसर को दो टूक शब्दों में कहा, नेतागिरी मत करो .. काम करना है तो करो., वरना ट्रांसफर ले लो ।

- सत्ताधारी सदस्य ने, ई ई को फटकारा ।
- पट्टिका से नाम हटाने पर हुई तीखी बहस।

लोकमाया न्यूज ।








**धमतरी ( सुनील शर्मा )।** निगम में शुक्रवार को माहौल गर्मा उठा ।शिलालेख से नाम को हटाने को लेकर एमआईसी मेंबर व लोककर्म प्रभारी ने अफ़सर (ई ई) पर सवाल उठाए, और दोनों के बीच तीखी बहस शुरू हो गई। मुद्दे पर मिले जवाब से मामला पटाक्षेप होने के बजाए नोकझोंक बढ़ती चली गई और माहौल तनावपूर्ण हो गया ।बहस के दौरान तेज आवाज़ ने मौजूद लोगों को हैरत में डाल दिया..सभापति ने सख्त रुख अपना रखा था । अफसर को दो टूक शब्दों में कहा , नेतागिरी मत करो .. काम करना है तो करो., वरना ट्रांसफर ले लो ।बता दें ये वही ई ई हैं , जिन्हें जल जीवन मिशन में कोताही बरतने पर एक वीडियो कांफ्रेसिंग (बैठक)के दौरान डिप्टी सीएम अरुण साव ने सस्पेंड कर दिया था। बावजूद निलंबन वे स्थानीय सियासतदानों के कृपापात्र बने रहे.. कार्यरत भी ।फ़िलहाल इस हंगामें से निगम में सियासी हलचल और बढ़ गई है।

गौरतलब है कि लोककर्म सभापति विजय ,निगम के प्रभारी ई ई महेन्द्र जगत पर भड़क गए ।मेयर जगदीश रोहरा (रामू ) के चेंबर के सामने उन्होंने ई ई को जमकर खरी-खोटी सुनाई। यह घटना शुक्रवार दोपहर 12 बजे निगम में हुई। मोटवानी ने कहा कि अफसर हैं, अफसर जैसा काम करें। नेता न बनेने की कोशिश न करें। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री वाले कार्यक्रम (17मई) में एक दिन पहले रात 10 बजे तक शिलालेखों पर लोककर्म सभापति के नाते उनका नाम दर्ज था। बाद में नाम हटा दिया गया।

### बहस..'औकात' तक जुबानी जंग

सभापति विजय मोटवानी और ई ई महेंद्र जगत , मेयर कक्ष के बाहर आमने-सामने आ गए। दोनों के बीच तीखी बहस हुई। विजय ने ई ई से कहा, तुम क्या हो, कोई नेता हो, अफ़सर हैं तो अपना काम करें ..वरन तबादला ले लें बहस के दौरान दोनों ओर से 'औकात' दिखाने देने तक की बातें कही सुनी गईं। जिस पर ई ई सफ़ाई देते रहे , आला अफ़सर के निर्देश पर शिलापट्टिका से नाम हटाया गया है। इस पर सभापति मोटवानी की त्यौरियां.. और चढ़ गईं । कहा निगम में मनमानी नहीं चलेगी । जनप्रतिनिधि हैं.. हम ! यहाँ जनता की सेवा के लिए बैठे हैं । उन्होंने यह भी कहा कि नेता ! मत बनो .. तबादला करवा दूंगा ।

### बेलगाम हो गए हैं ..नौकरशाह-

दरअसल, सभापति मोटवानी ने आरोप लगाया कि निगम में बेलगाम हो गई है,नौकरशाही .! विकास कार्यों का भूमिपूजन और शिलान्यास हुए हैं ।एक दिन पहले शिलालेखों पर उनका नाम लिखा रहता है। लेकिन जिस दिन लोकार्पण होता है, उससे पूर्व (रात को ) उनका नाम शिलालेख से हटा दिया जाता है। यह कारनामा निगम के जिम्मेदार अफसरों का है। उन्होंने कहा लोककर्म विभाग के वे प्रभारी हैं। शहर विकास की योजनाओं का दारोमदार है। रातों रात शिलापट्टिका से नाम हटाना ओछी मानसिकता का परिचायक है। मेयर के समक्ष आपत्ति जताई हैं ।

### कहीं ये सारा खेल .. वर्चस्व का तो नहीं

उल्लेखनीय रहे कि मौसम में बदलाव आने वाला है.. पारा (गर्मी )भले ही डाउन हो रहा है, मगर उसके उल्ट नगर निगम का सियासी पारा चढ़ने लगा है।।निगम में पक्षपात, भ्रष्टाचार के मुद्दे हावी हैं। विपक्ष (कांग्रेस )विकास कार्यों में भेदभाव का आरोप लगाते हुए विरोध जताने में मुखर है। कहने को एकजुट हैं,सत्तानशीं ! लेकिन रार , इनमें भी हैं ।हालांकि इस संबंध में कोई भी पार्षद खुलकर बात करने को तैयार नहीं है। पर गाहेबगाहे अपनी ही सत्ता व सत्ताधीशों से नाराज़ चल रहे हैं ।विकास कार्यों के लिए संघर्ष भी कर रहे । ऐसे पार्षदों का अपना एक संगठन भी खड़ा हो गया है, जहां रणनीति बनती-बिगड़ती हैं। निगम सरकार का तख्ता पलटने की कोशिशें भी चलते रही हैं । ऐसे में यक्ष सवाल यह है कि पट्टिका से नाम हटना..सियासी वर्चस्व की परिणिति तो नहीं है ।बहरहाल मुख्यमंत्री के हाथों लोकार्पित निगम के अलग-अलग निर्माण कार्यों के शिलालेख से नाम हटाने का मामला गर्मा गया है। नौकरशाही ने निगम का सिस्टम बिगाड़ा हुआ है ।विपक्ष ही नहीं.. सत्ताधारी भी कहते हैं,सुनते नहीं हमारी ।फ़िलहाल विकास कार्य ढप हैं, बस सियासत के बहाने तलाशे जा रहे हैं।

### यह गंभीर मामला है ...

मेयर रोहरा ने कहा विकास कार्यों के शिलापट्टिका से सभापति विजय का नाम मिटाने की शिकायत मिली है। ये गंभीर मसला है। ऐसा क्यों व किसके कहने से किया गया है,कमिश्नर से जवाब माँगा जाएगा। पूरे मामले की जांच भी कराएंगे ,जो दोषी होगा, उसके खिलाफ कार्रवाई भी होगी।

### दायरे में रहें, अफ़सर

लोककर्म सभापति मोटवानी का कहना है कि निगम में अफसरशाही चल रही है। जनप्रतिनिधि होने के नाते विकास कार्यों के शिलालेख में नाम लिखे गए थे। जिसे दुर्भावना वश मिटा दिया गया। मनमानी ठीक नहीं है, अफसरों को अपने दायरे में रहना चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रयास आवासीय विद्यालयों की कक्षा 9वीं प्रवेश परीक्षा का संशोधित मॉडल उत्तर जारी

''**महासमुंद।** मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना अंतर्गत प्रदेश में संचालित प्रयास बालक एवं कन्या आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु आयोजित प्राक्कयन परीक्षा का संशोधित मॉडल उत्तर जारी किया गया है।

सहायक आयुक्त आदिवासी विकास श्रीमती शिल्पा साय ने बताया कि प्रवेश परीक्षा का आयोजन 10 मई 2026 को किया गया था। परीक्षा के पश्चात 20 मई 2026 को विभाग द्वारा मॉडल उत्तर जारी करते हुए अभ्यर्थियों से दावा-आपत्ति आमंत्रित की गई थी। दावा-आपत्ति प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 30 मई 2026 निर्धारित की गई थी। निर्धारित समयावधि में प्राप्त सभी दावा-आपत्तियों का परीक्षण एवं निराकरण करने के उपरांत विभाग द्वारा संशोधित मॉडल उत्तर जारी किया गया है। अभ्यर्थी संशोधित मॉडल उत्तर विभागीय वेबसाइट https://eklavya.cg.nic.in पर अवलोकन कर सकते है।

### तीन दिवसीय वृहद पंजीकरण शिविर 18 से 20 जून तक

**बलौदाबाजार.।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के 12 वर्ष के कार्यकाल के उपलक्ष्य में संपूर्ण प्रदेश में विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के कार्यकग के अंतर्गत केंद्र एवं राज्य सरकार की समस्त स्त जनकल्याणकारी एवं हितग्राहीमूलक योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा राजस्व अनुविभाग स्तर पर 3 दिवसीय वृहद पंजीकरण शिविरों का आयोजन किया जाएगा ।शिविर 18 जून से से 20 जून 2026 तक चलेगा। बृहद पंजीकरण शिविर अंतर्गत आयुष्मान भारत, आयुष्मान वय वंदना, पीएम सूर्यघर, पीएम स्वनिधि, प्रधानमंत्री आवास योजना, जलजीवन मिशन, पीएम कौशल विकास योजना, पेंशन योजनाएं इत्यादि के अंतर्गत पंजीयन तथा सुविधा लाभ दिए जाने की कार्यवाही की जाएगी।

### विधायक रोहित साहू निक्षय मित्र बनकर 5 टीबी मरीजों को लिया गोद

**गरियाबंद( लोकमाया )।** राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू के जन्मदिन पर गायत्री मंदिर परिसर पाण्डुका में रक्तदान एवं स्वास्थ्य शिविर लगाकर मनाया गया। इस अवसर पर विधायक श्री साहू ने प्रधानमंत्री टी.बी. मुक्त भारत अभियान के तहत निक्षय मित्र बनकर जिले के 05 टी.बी. मरीजों को गोद लेकर अतिरिक्त पोषण आहार कीट वितरण किया गया। श्री साहू ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री टी.बी. मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने के लिए जनप्रतिनिधियों को अधिक से अधिक संख्या में निक्षय मित्र बनकर टी.बी. मरीजों की सहयोग करने की अपील की।

# वाहन खरीदी, कांग्रेस ने की शिकायत, जांच की मांग



### 17 जुलाई तक घर-घर पहुंचकर 0 से 18 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों का किया जाएगा चिन्हांकन

लोकमाया न्यूज ।

**धमतरी** ।नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग में वाहन और सामग्री खरीद में कथित भ्रष्टाचार की शिकायत लेकर कांग्रेस पार्षद शुक्रवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे। निगम के नेता प्रतिपक्ष दीपक सोनकर, उप-नेता प्रतिपक्ष विशु देवांगन का आरोप है कि भाजपा के महापौर-सभापति के आने के बाद भ्रष्टाचार चरम पर है।

कांग्रेस ने दावा किया , देश का पहला नगर निगम है, जहां पल्सर बाइक में डीजल डलवाया जाता है। सफाई के लिए खरीदी गई टिप्पर बाजार दर से ज्यादा कीमत पर ली गई। इन वाहनों का आरटीओ पंजीयन नहीं है। बीमा भी नहीं है। इसके बाद भी इन्हें सड़कों पर चलाया जा रहा है। लाखों रुपए की लागत से नालों की सफाई के लिए चेन माउंटेन मशीन खरीदी गई है। इसका भी आरटीओ पंजीयन नहीं है। बीमा नहीं है। जेसीबी और वैक्यूम क्लीनर वाहन खरीदा गया। उसका भी बीमा नहीं है। आरटीओ पंजीयन नहीं है।

कांग्रेस पार्षदों ने कहा ,मणिकंचन केंद्र में कचरा प्रबंधन के लिए बेलिंग मशीन खरीदी गई है। नियम-शर्तों के मुताबिक फर्म को 10 एचपी डबल सिलेंडर मशीन देनी थी। सप्लाई 7.5 एचपी सिंगल सिलेंडर मशीन की की गई। इसे निविदा शर्तों का खुला उल्लंघन बताया गया ।कलेक्टर से विशेष जांच दल गठित मांग की है ।कहा है,7 दिनों में जांच कर दोषियों पर एफआईआर दर्ज हो। वसूली की जाए ।वाहनों को तत्काल जब्त किया जाए। कार्रवाई नहीं होने पर कलेक्टोरेट का घेराव करने की चेतावनी दी है।

# सीएम हेल्प लाइन से लोगों की समस्याओं का त्वरित निराकरण शुरू

- मेकरी के जय पटेल को मिला जन्म प्रमाण पत्र, छेरकापुर के किसान मोहित कुमार का सम्मान निधि हेतु सत्यापन पूरा
- सुशासन, पारदर्शिता और जवाबदेही को मिल रही नई मजबूती

लोकमाया न्यूज ।

**बलौदाबाजार।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर लोगों की समस्याओ का समयबद्ध निराकरण के साथ ही जनभागीदारी को सशक्त बनने के उद्देश्य से सीएम हेल्पलाइन टोल फ्री नंबर 1076 शुरू की गई है। इस हेल्पलाइन के माध्यम से लोगों की समस्याओं का त्वरित निराकरण जिले में प्रारम्भ हो गया है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन में सीएम हेल्पलाइन पोर्टल में प्राप्त आवेदनों का सम्बंधित विभाग द्वारा समय पर निराकरण कर आवेदक को फ़ोन पर सूचित भी किया जा रहा है।

इस हेल्पलाइन की मदद से जिले के ग्राम मेकरी निवासी धनेंद्र कुमार के बच्चे का सालभर से अटका जन्म प्रमाण पत्र महज कुछ ही समय में बनकर तैयार हो गया। इसीतरह विकासखण्ड पलारी के ग्राम छेरकापुर के किसान मोहित कुमार कन्नौजे का पीएम किसान सम्मान निधि योजना के लाभ हेतु भौतिक सत्यापन कर सक्रिय कर दिया गया है। दोनों ही आवेदको को निराकरण की सूचना दी गई और आवेदक पूर्णतः संतुष्ट है।

धनेंद्र के बच्चे जय पटेल का जन्म 21 अप्रैल 2025 को उप स्वास्थ्य केंद्र केसला में हुआ था, जिसके बाद वे लगभग एक साल से जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के लिए परेशान हो रहे थे। उन्होंने अपनी समस्या को सीएम हेल्पलाइन 1076 पर दर्ज कराया। शिकायत मिलते ही जिला प्रशासन द्वारा इस पर त्वरित कार्रवाई की गई और विभाग ने तत्काल प्रक्रिया पूरी करते हुए नन्हे जय पटेल का जन्म प्रमाण पत्र बनाकर उनके परिजनों को सौंप दिया ।लंबे समय से लंबित इस कार्य के चुटकियों में हल हो जाने पर धनेंद्र पटेल और उनके परिवार ने गहरी राहत की सांस ली है। सरकार की इस त्वरित कार्यप्रणाली से अभिभूत होकर धनेंद्र कुमार ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी का सहृदय आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी द्वारा शुरू की गई यह टोलफ्री नंबर सेवा वास्तव में आम लोगों के लिए वरदान साबित हो रही है।

# सड़कों से सुरक्षित भविष्य की ओर बढ़ेंगे बच्चे, जिले में विशेष अभियान शुरू



लोकमाया न्यूज ।

**बलौदाबाजार।** राज्य शासन द्वारा सड़क जैसी परिस्थितियों में जीवनयापन कर रहे बच्चों को सुरक्षित बचपन, शिक्षा और सम्मानजनक जीवन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिले में बाल सक्षम नीति-2022 के प्रभावी क्रियान्वयन के तहत 1 जून से 30 जून 2026 तक विशेष सघन अभियान चलाया जा रहा है।

कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने 9 जून को महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक लेकर अधिकारियों को सड़क पर रहने वाले, भिक्षावृत्ति, बाल श्रम तथा अपशिष्ट संग्रहण में लगे बच्चों की पहचान कर उनका रेस्क्यू, पुनर्वास और मुख्यधारा से जोड़ने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री शर्मा के निर्देश के बाद जिला कार्यक्रम अधिकारी अतुल परिहार के मार्गदर्शन और जिला बाल संरक्षण अधिकारी प्रकाश दास के नेतृत्व में जिला बाल संरक्षण इकाई, श्रम विभाग, चाइल्ड लाइन और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने गुरुवार एवं शुक्रवार को सिमगा विकासखंड के चिन्हित हॉटस्पॉट क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाया। इस दौरान होटल, ढाबों और मिलों के संचालकों को 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों से बाल श्रम नहीं कराने की सख्त हिदायत भी दी गई। जिला बाल संरक्षण अधिकारी प्रकाश दास ने बताया कि रेस्क्यू किए गए बच्चों को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को, योगा फॉर एजिंग थीम पर मनाया जाएगा

**बलौदाबाजार।** आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के.निर्देशानुसार अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 21 जून को योगा फॉर एजिंग थीम पर मनाया जाएगा ।इसके साथ ही 14 जून 2026 को प्रातः 6.15 बजे से 7.35 बजे तक ऑनलाइन योग सत्र के माध्यम से गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने का प्रयास किया जाएगा जिसमें अधिकतम लोगों की सहभागिता के लिए पंजीकरण किया जाएगा।

कार्यक्रम में सहभागिता बढ़ाये जाने हेतु प्रतिभागियों को टोल-फ्री नंबर 1800-315-7008 पर मिस्ड कॉल देकर पंजीयन के लिए प्रोत्साहित करते हुए उक्त कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा ।इसके अतिरिक्त, आयुष मंत्रालय द्वारा %योग संगम पोर्टल-2026% प्रारंभ किया गया है।

एनएमडीसी
NMDC
एन एम डी सी लिमिटेड
NMDC Limited
बैलाडीला लौह अयस्क खदान : बचेली कॉम्पलेक्स
Bailadila Iron Ore Mine: Bacheli Complex
Distt.-S.B.Dantewada, Chhattisgarh, PIN- 494553
Corporate Identity Number : L13100TG1958GOI001674
Great Place To Work® Certified DEC 2025-DEC 2026 INDIA

दिनांक-13.06.2026

सार्वजनिक सूचना


एनएमडीसी प्रबंधन के संज्ञान में यह आया है कि श्री अनूप कुमार कुंडू (मोबाइल नंबर: 8085281291, ईमेल आईडी: anupkunduyv@gmail.com) नामक व्यक्ति खुद को झूठे तौर पर एक संपर्क एजेंट (Liasoning Agent - एनएमडीसी बचेली / किरंदुल) के रूप में पेश कर रहा है। वह लौह अयस्क (iron ore) की आपूर्ति के संबंध में खरीदारों/ग्राहकों आदि को प्रभावित करने के लिए अपने विजिटिंग कार्ड पर एनएमडीसी के नाम और प्रतीक चिन्ह (Logo) का अनधिकृत रूप से उपयोग कर रहा है।

सर्वसाधारण को यह स्पष्ट करना चाहते हैं कि एनएमडीसी द्वारा ऐसे किसी भी लेनदेन के लिए न तो श्री अनूप कुमार कुंडू और न ही किसी अन्य व्यक्ति को नियुक्त किया गया है। यदि कोई भी व्यक्ति उनके या किसी अन्य अनधिकृत व्यक्ति के साथ लेनदेन करता है, तो वह अपने जोखिम पर ऐसा करेगा और ऐसे लेनदेन के कारण होने वाले किसी भी नुकसान/क्षति के लिए एनएमडीसी उत्तरदायी नहीं होगा।

एनएमडीसी लिमिटेड

# कुष्ठ रोग के 117 मरीज़ ,हाई बर्डन जोन में धमतरी

लोकमाया न्यूज ।



**धमतरी।** देशभर में बढ़ते कुष्ठ के मामले को लेकर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार ने पहचान कर लगातार मॉनिटरिंग करने कहा है। भारत देश में 121 जिले कुष्ठ से प्रभावित हैं। इन जिलों में कुष्ठ के ज्यादा मरीज है। इसे हाई बर्डन जोन में रखा है। इसमें छत्तीसगढ़ के 22 जिले भी शामिल हैं, जिसमें धमतरी जिला भी हाई बर्डन जोन हैं।धमतरी में 117 कुष्ठ के मरीज हैं, जिनका उपचार चल रहा है। जिले के कुरूद ब्लाक में ही सबसे ज्यादा 51 कुष्ठ के मरीज की पुष्टि हुई है। फिलहाल मरीजों का उपचार हो रहा है।

जिले को कुष्ठ रोग से मुक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इसके बावजूद जिले में हर महीने नए मरीज सामने आ रहे हैं। मई महीने में ही 27 नए मरीजों की पहचान हुई है। इनमें 10 पीबी और 17 एमबी श्रेणी के मरीज शामिल हैं। जिले में 117 कुष्ठ मरीज हैं। इनमें 28 मरीज पीबी और 89 मरीज एमबी श्रेणी के हैं। एमबी श्रेणी के मरीजों में रोग की पहचान कई मामलों में देरी से हो रही है। जबकि पीबी श्रेणी के मरीजों की पहचान जल्द हो जाती है। कुरूद ब्लाक में ही सबसे ज्यादा 51 मरीज दर्ज हैं। इनमें 13 पीबी और 38 एमबी मरीज शामिल हैं।

मगरलोड में 23, नगरी में 20, गुजरा ग्रामीण में 20 मरीज एवं धमतरी शहरी क्षेत्र में 3 मरीज हैं, जिनका उपचार जारी है। रोग प्रसार दर के मामले में भी कुरूद ब्लाक सबसे आगे है। यहां प्रति 10 हजार आबादी पर 2.15 मरीज दर्ज किए गए हैं। जिले का औसत दर 1.21 है। मगरलोड में यह दर 1.57, गुजरा ग्रामीण में 0.93, नगरी में 0.91 एवं धमतरी शहरी क्षेत्र में 0.21 दर्ज की गई है।

### ये हैं लक्षण

- ♦त्वचा में उभरे हुए धब्बे, रंगहीन, पीले, लाल, मोटे, सख्त, सूजे हुए या सुन्न हो सकते हैं।
- ♦लाल या बैंगनी रंग की गांठें, उभार ।
- ♦पैरों के तलवों पर दर्द रहित छाले या घाव।
- ♦बढ़ी हुई नसें,कमजोरी ।
- ♦भौहों या पलकों का झड़ना ।
- ♦दृष्टि हानि या अन्य नेत्र समस्याएं ।

### चलेगा जागरूकता अभियान

राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत सघन कुष्ठ रोग जांच खोज अभियान 2026 शुरू किया गया है। यह अभियान 15 जून से 15 जुलाई तक चलेगा। इसके लिए जिले के चारों ब्लाक में प्रशिक्षण कार्यक्रम होगा। शुक्रवार को सीएमएचओ कार्यालय धमतरी में कुरूद, गुजरा, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र धमतरी के एमटी का प्रशिक्षण हुआ। यह प्रशिक्षण 25 जून तक चलेगा। प्रशिक्षण सुबह 10.30 बजे से होगा।

भारतीय डाक विभाग कार्यालय-अधीक्षक डाकघर बस्तर संभाग जगदलपुर-494001

//ईश्तहार//

एतद् द्वारा नारायणपुर तहसील व जिला नारायणपुर के समस्त निवासियों को सूचित किया जाता है कि न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा0) नारायणपुर, जिला नारायणपुर (छ.ग.) के रा.मा.क्र. 202510170500001/अ-20(3)/2024-25 के तहत नारायणपुर जिले में भारतीय डाक विभाग के निरंतर विस्तार एवं आम जन के बढ़ते उपयोग को ध्यान में रखते हुए डाक विभाग को उपडाकघर नारायणपुर, इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक, शाखा नारायणपुर, उपसंभागीय (डाकघर) नारायणपुर कार्यालय संचालन/भवन निर्माण हेतु 10,000 वर्गफुट एवं कर्मचारियों के आवास हेतु 10,000 वर्गफुट भू-खंड का आबंटन ग्राम नारायणपुर प.ह.न. 17 स्थित भूमि 16/03 रकबा 4.1280 में से रकबा 0.184 हे. / 20000 वर्गफुट भूमि चयनित कर प्रस्तावित किया गया है।

इस संबंध में प्रकरण कलेक्टर महोदया जिला नारायणपुर के माध्यम से जाँच हेतु प्रतिवेदनार्थ न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा0) नारायणपुर, जिला नारायणपुर (छ.ग.) को प्राप्त है, जिसकी सुनवाई दिनांक 22.06.2026 को उक्त न्यायालय में नियत है।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था से दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से आगामी सुनवाई तिथि को या इसके पूर्व न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा0) नारायणपुर, जिला नारायणपुर (छ.ग.) में प्रस्तुत कर सकते है, नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अधीक्षक डाकधर
बस्तर संभाग, जगदलपुर-494001

कार्यालय अधीक्षण अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग ( छत्तीसगढ़ )

दुर्ग, दिनांक 08.06.2026

( ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना )
( प्रथम आमंत्रण )

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से ऑनलाईन निविदायें प्रपत्र "अ" में प्रतिशत दर पर दिनांक 30.06.2026 तक आमंत्रित की जाती है:-

| निविदा आमंत्रण सू.क्र. / सि. क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (राशि लाख में) |
|---|---|---|
| 127/192844 | उपसंभाग क्र. 03 दुर्ग के अंतर्गत जुनवानी सेक्शन में गैर आवासीय भवनों में वाईट वाशिंग, कलर वाशिंग, डिस्टेम्परिंग एवं पेंटिंग कार्य (जोनल एजेन्सी) | 13.26 |
| 128/192845 | उपसंभाग पाटन के अंतर्गत गैर आवासीय भवनों में वाईट वाशिंग, कलर वाशिंग, डिस्टेम्परिंग एवं पेंटिग कार्य (जोनल एजेन्सी) | 31.72 |
| 129/192846 | उपसंभाग क्र. 01 दुर्ग के अंतर्गत गैर आवासीय भवनों में वाईट वाशिंग, कलर वाशिंग, डिस्टेम्परिंग एवं पेंटिग कार्य (जोनल एजेन्सी) | 22.00 |
| 130/192848 | उपसंभाग क्र. 03 दुर्ग के अंतर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में विशेष मरम्मत एवं एम.ओ.डब्ल्यू, कार्य (जोनल एजेन्सी) | 40.00 |
| 131/192849 | उपसंभाग क्र. 02 दुर्ग के अंतर्गत में गैर आवासीय भवनों में वाईट वाशिंग, कलर वाशिंग, डिस्टेम्परिंग एवं पेंटिग कार्य (जोनल एजेन्सी) | 29.57 |
| 132/192850 | उपसंभाग क्र. 02 दुर्ग के अंतर्गत आवासीय भवनों में वाईट वाशिंग, कलर वाशिंग, डिस्टेम्परिंग एवं पेंटिग कार्य (जोनल एजेन्सी) | 10.76 |
| 133/192851 | उपसंभाग क्र. 02 दुर्ग के अंतर्गत आवासीय भवनों में वाईट वाशिंग, कलर वाशिंग, डिस्टेम्परिंग एवं पेंटिग कार्य (जोनल एजेन्सी) | 16.67 |
| 134/192852 | उपसंभाग क्र. 01 दुर्ग के अंतर्गत आवासीय भवनों में वाईट वाशिंग, कलर वाशिंग, डिस्टेम्परिंग एवं पेंटिंग कार्य (जोनल एजेन्सी) | 20.00 |
| 135/192853 | उपसंभाग क्र. 03 दुर्ग एवं पाटन के अंतर्गत विभिन्न मार्गो में इमल्शन सहित डब्ल्यू.एम.एम एवं पेंच रिपेयर कार्य (जोनल एजेन्सी) | 25.00 |
| 136/192855 | उपसंभाग क्र. 01 एवं 02 दुर्ग के अंतर्गत विभिन्न मार्गों में इमल्शन सहित डब्ल्यू.एम.एम एवं पेंच रिपेयर कार्य (जोनल एजेन्सी) | 24.99 |
| 137/192856 | कवर्धा संभाग के अंतर्गत विभिन्न मार्गों में इमल्शन सहित डब्ल्यू.एम.एम एवं पेंच रिपेयर कार्य (जोनल एजेन्सी) | 49.97 |
| 138/192857 | उपसंभाग क्र. 02 राजनांदगांव के अंतर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में एवं एम.ओ. डब्ल्यू कार्य (जोनल एजेन्सी) | 30.00 |

टीप
1. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब portal एवं विभागीय वेबसाइट http://eproc.cgstate.gov.in से डाऊनलोड की जा सकती है ।
2. पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय में भेजे जाने वाले लिफाफे के ऊपर एन.आई.टी. क्रमांक एवं कार्य का नाम अनिवार्य रूप से अंकित किया जायें ।

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग

## संक्षिप्त समाचार

### जगदलपुर में 16 जून को मेगा प्लेसमेंट कैम्प, 385 पदों पर होगी सीधी भर्ती

**जगदलपुर।** रोजगार की तलाश कर रहे बस्तर जिले के युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण खबर है। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र आड़ावाल जगदलपुर द्वारा मंगलवार 16 जून को एक विशाल प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय जगदलपुर के पास स्थित इस केंद्र में सुबह 11 बजे से दोपहर 4 बजे तक निजी क्षेत्र के तीन बड़े नियोक्ताओं द्वारा कुल 385 पदों पर भर्ती के लिए सीधे साक्षात्कार लिए जाएंगे। यह आयोजन पूरी तरह से नि:शुल्क है, जिसमें बस्तर संभाग के 10 वीं पास से लेकर स्नातक कर चुके योग्य युवाओं के लिए करियर बनाने का बेहतरीन अवसर उपलब्ध कराया गया है। इस मेगा प्लेसमेंट कैम्प में विभिन्न प्रकार के तकनीकी और गैर-तकनीकी पदों के लिए युवाओं का चयन किया जाएगा। पदों के विवरण के अनुसार, इलेक्ट्रिक मीटर टेक्निशियन के पद के लिए 10 वीं, 12 वीं, आईटीआई या स्नातक उत्तीर्ण अभ्यर्थी पात्र होंगे। इसके साथ ही कन्स्ट्रक्शन सुपरवाइजर के पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता स्नातक रखी गई है, जबकि सिक्योरिटी गार्ड के पदों पर भर्ती के लिए न्यूनतम योग्यता 10 वीं पास होना अनिवार्य है। इस तरह अलग-अलग शैक्षणिक पृष्ठभूमि वाले युवाओं के लिए रोजगार के कई विकल्प एक ही छत के नीचे मौजूद रहेंगे। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र से मिली जानकारी के अनुसार इच्छुक आवेदक जो इस साक्षात्कार प्रक्रिया का लाभ उठाना चाहते हैं, उन्हें आयोजन में शामिल होने से पहले एक अनिवार्य प्रक्रिया पूरी करनी होगी। अभ्यर्थियों को रोजगार विभाग के आधिकारिक पोर्टल पर जाकर रोजगार मेला ऑप्शन के अंतर्गत आगामी रोजगार मेला में ऑनलाइन पंजीकरण कराना आवश्यक है। यदि किसी अभ्यर्थी को ऑनलाइन पोर्टल पर पंजीकरण करने में किसी प्रकार की तकनीकी दिक्कत आती है, वे कार्यालयीन समय के भीतर सीधे जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र आड़ावाल जगदलपुर में उपस्थित होकर अपनी समस्या का समाधान पा सकते हैं और वहां से विस्तृत जानकारी भी प्राप्त कर सकते हैं। साक्षात्कार के दिन आवेदक अपने साथ अपनी समस्त शैक्षणिक योग्यताओं से जुड़े दस्तावेजों की मूल प्रतियां (ओरिजिनल सर्टिफिकेट्स), उनका एक पूरा छायाप्रति सेट (फोटोकॉपी) और एक नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ लेकर अवश्य उपस्थित हो सकते हैं।

### बचपन को सड़क नहीं, सुरक्षित भविष्य चाहिए: बीजापुर में शुरू हुआ बच्चों के पुनर्वास का विशेष अभियान




**बीजापुर।** विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग एवं श्रम विभाग के संयुक्त तत्वावधान में बीजापुर जिले में सड़क और सार्वजनिक स्थानों पर जीवन यापन करने को मजबूर बच्चों के संरक्षण एवं पुनर्वास के लिए विशेष पहल शुरू की गई है। कलेक्टर के निर्देशन में जिले में 1 जून से 30 जून 2026 तक Children in Street Situation (CiSS) विशेष पुनर्वास अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य बाल श्रम, भिक्षावृत्ति, कचरा बीनने तथा परिवार से बिछड़े बच्चों की पहचान कर उन्हें तत्काल रेस्क्यू करते हुए सुरक्षा, शिक्षा और सम्मानजनक जीवन से जोड़ना है। ''बचपन को सड़क नहीं, सुरक्षित भविष्य चाहिए'' थीम पर आधारित इस अभियान के तहत बच्चों को मुख्यधारा में लाने के लिए व्यापक कार्ययोजना बनाई गई है। अभियान के अंतर्गत सड़क जैसी परिस्थितियों में रहने वाले बच्चों की पहचान कर उन्हें बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। रेस्क्यू किए गए बच्चों को बालगृह एवं आश्रय गृहों में प्रवेश, नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच, शिक्षा तथा मनोवैज्ञानिक परामर्श जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। जहां संभव होगा, बच्चों का परिवार से पुनर्मिलन कराया जाएगा, अन्यथा उनके दीर्घकालिक पुनर्वास की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि अभियान की सफलता के लिए पंचायत सचिव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, शिक्षक तथा बीजादूतिर स्वयंसेवकों को मिलाकर 'चिन्हांकन की पंचशक्ति' का गठन किया गया है। यह टीम गांव-गांव सर्वेक्षण कर ऐसे बच्चों की पहचान करेगी जो सड़क पर घूमते, अकेले रहते या भिक्षावृत्ति जैसी गतिविधियों में संलग्न हैं। बाल श्रम, शोषण और मानव तस्करी की रोकथाम के लिए पुलिस, श्रम, शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग भी संयुक्त रूप से कार्रवाई करेंगे। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि यदि कोई बच्चा बस स्टैंड, बाजार या सड़क पर असुरक्षित स्थिति में दिखाई दे तो तत्काल चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 अथवा महिला हेल्पलाइन 181 पर सूचना दें। सूचना देने वाले की पहचान पूर्णत: गोपनीय रखी जाएगी। प्रशासन का कहना है कि 12 जून बाल श्रम निषेध दिवस हमें यह संदेश देता है कि कोई भी बच्चा मजदूर नहीं, बल्कि देश का भविष्य है। बीजापुर का यह अभियान हर बच्चे को उसका खोया हुआ बचपन लौटाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

### सूचना दें, जीवन बचाएं, चाइल्ड हेल्पलाइन: 1098 महिला हेल्पलाइन: 181

**बीजापुर।** भारतीय जीवन बीमा निगम में बीमा अभिकर्ता के पद पर रोजगार प्राप्त करने के इच्छुक समस्त 18 वर्ष से अधिक महिला आवेदकों को सूचित किया जाता है, कि उक्त प्लेसमेंट कैम्प के माध्यम से अर्हताधारी आवेदकों का चयन कर कुल 60 पदों पर भर्ती किया जाना है। कार्य करने के इच्छुक आवेदक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र बीजापुर में 18 जून 2026 दिन गुरूवार को प्रात: 11:00 बजे से दोपहर 3:30 बजे तक समस्त दस्तावेजों के साथ प्लेसमेंट कैम्प में सम्मिलित हो सकते हैं।

# एनएमडीसी सीएसआर की अनूठी पहल : 17 गांवों के 1300 बच्चे हुए शामिल, समर कैंप का समापन









### बुनियादी शिक्षा, खेल, कला, संस्कृति और व्यक्तित्व विकास से जुड़े शिविरों में बच्चों ने दिखाया हुनर, जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा ने की पहल की सराहना

लोकमाया न्यूज ।

**बचेली।** एनएमडीसी ने अपने सीएसआर पहलों के तहत वोस्का (WOSCA) के सहयोग से 20 मई से 12 जून 2026 तक दंतेवाड़ा जिले के 17 गांवों में समर कैंप आयोजित किए। इन शिविरों से लगभग 1,300 बच्चों को लाभ मिला, जिसमें बुनियादी शिक्षा, पढ़ने, खेल, कला और शिल्प (आर्ट एंड क्राफ्ट), सांस्कृतिक कार्यक्रमों, रचनात्मक शिक्षा और व्यक्तित्व विकास पर केंद्रित गतिविधियाँ शामिल थीं।

इन समर कैंपों के सफल समापन के उपलक्ष्य में 12 जून 2026 को मंगल भवन, एनएमडीसी, बचेली में एक समापन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जयंत नाहटा (मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, दंतेवाड़ा), टी. शिवा कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (उत्पादन) बचेली कॉम्प्लेक्स, महेश एस नायर, महाप्रबंधक (मानव संसाधन) बचेली कॉम्प्लेक्स और सौरभ कुमार, उप-महाप्रबंधक (मानव संसाधन) बचेली कॉम्प्लेक्स उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में एनएमडीसी के बचेली और किरंदुल परियोजना के अधिकारी, जिला पंचायत दंतेवाड़ा के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष, विभिन्न गांवों के सरपंच, समुदाय के प्रतिनिधि और अन्य हितधारक भी शामिल हुए।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन समारोह के साथ हुई, जिसके बाद प्रदर्शनियों का आयोजन किया गया जहाँ बच्चों ने समर कैंप के दौरान बनाई गई अपनी कलाकृतियों, शिल्पों और सीखे गए कौशल का प्रदर्शन किया। श्री जयंत नाहटा और एनएमडीसी के अधिकारियों ने बच्चों से बातचीत की, उनके प्रयासों की सराहना की और उन्हें शिविरों के दौरान सीखी गई बातों को अपनी नियमित स्कूली शिक्षा में आगे ले जाने के लिए प्रोत्साहित किया।

इसके बाद गणमान्य अतिथियों ने केंद्रीय विद्यालय मैदान का दौरा किया, जहाँ बच्चों ने टीम-आधारित फ्रिसबी प्रतियोगिताओं में पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। सभा को संबोधित करते हुए श्री जयंत नाहटा ने एनएमडीसी की इस पहल की सराहना की और उम्मीद जताई कि भविष्य में भी ऐसे शिविर आयोजित होंगे। उन्होंने बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन, टीम वर्क और समग्र व्यक्तित्व विकास के लिए एक माध्यम के रूप में खेलों के महत्व पर भी जोर दिया।

इन समर कैंपों के माध्यम से, एनएमडीसी ने ग्रामीण बच्चों के लिए छुट्टियों के दौरान सीखने, अपनी रचनात्मकता को तलाशने, खेलों में भाग लेने और आवश्यक कौशल विकसित करने के लिए एक सुरक्षित और आकर्षक मंच तैयार किया है, जिससे उनके समग्र विकास और सकारात्मक सामुदायिक जुड़ाव में योगदान मिला है।

## खेत बचाओ अभियान व जैविक कृषि मेला का आयोजन

# बस्तर को सिक्किम की तर्ज पर पूर्ण जैविक बनाने का आह्वान

लोकमाया न्यूज ।



**जगदलपुर।** खेत बचाओ अभियान तथा जैविक कृषि मेला का गरिमामय आयोजन कुम्हरावंड स्थित शहीद गुण्डाधुर कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र के सभागार में शुक्रवार को किया गया। इस कार्यक्रम में बस्तर जिले के भारी संख्या में प्रगतिशील किसानों, वैज्ञानिकों और जनप्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जगदलपुर के विधायक श्री किरण सिंह देव, जिला केंद्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष श्री दिनेश कश्यप और जगदलपुर के महापौर श्री संजय पांडे ने किसानों की उन्नति, भूमि संरक्षण और वैकल्पिक कृषि पद्धतियों को अपनाने पर विशेष बल दिया। अपने प्रेरणादायी उद्बोधन के दौरान विधायक श्री किरण सिंह देव ने आधुनिकता और जल्दी परिणाम पाने की होड़ में डीएपी और यूरिया जैसे रासायनिक ऊर्वरकों के बढ़ते उपयोग पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के खादों से हम अपनी धरती माता को कष्ट दे रहे हैं, जिससे भूमि की ऊर्वरा शक्ति लगातार कम होती जा रही है और यूरिया खेतों को उपजाऊ बनाने के बजाय उन्हें अंदर से जला रहा है। उन्होंने पुराने समय को याद करते हुए साझा किया कि पहले जब हमारे बुजुर्ग केवल गोबर खाद का इस्तेमाल करते थे, तब फसलों और अनाज की खुशबू से पूरा खलिहान और घर महक जाता था। आज इसी रासायनिक असंतुलन के कारण खान-पान और हवा-पानी सब प्रदूषित हो रहा है, जिसका दुष्परिणाम सीधे तौर पर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है और हार्ट, किडनी, लिवर व फेफड़ों जैसी गंभीर बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं।

इन समस्याओं से निपटने के लिए उन्होंने बस्तर के किसानों से वापस अपनी जड़ों की ओर लौटने और जैविक व प्राकृतिक खेती को अपनाने की पुरजोर अपील की, जो कि बस्तर की असली पहचान भी है। उन्होंने पूर्वोत्तर के छोटे से राज्य सिक्किम का उदाहरण देते हुए कहा कि क्षेत्रफल में हमारा बस्तर सिक्किम से भी बड़ा है और जब वह राज्य 100 प्रतिशत जैविक खेती अपनाकर देश का पहला पूर्ण जैविक राज्य बन सकता है, तो बस्तर भी यह मुकाम हासिल कर सकता है। जैविक खेती के आर्थिक और पर्यावरणीय लाभों को समझाते हुए उन्होंने बताया कि गोबर और जैविक खाद के उपयोग से कीटनाशकों और महंगी दवाइयों का खर्च पूरी तरह बच जाता है, जिससे लागत कम और मुनाफा अधिक होता है। इसके साथ ही प्रमाणित तौर पर जैविक पद्धति अपनाने से जमीन की जल सोखने की क्षमता सुधरती है और प्रति एकड़ पैदावार दोगुनी से तिगुनी तक बढ़ सकती है। चूंकि आज हर व्यक्ति को अपना स्वास्थ्य प्यारा है, इसलिए बाजार में रासायनिक अनाज के मुकाबले जैविक उत्पादों की मांग और कीमत दोनों बहुत अधिक मिल रही हैं। किसानों को आर्थिक संबल देने के उद्देश्य से कार्यक्रम में शासन की कल्याणकारी योजनाओं की भी विस्तार से जानकारी दी गई। विधायक ने बताया कि किसानों को केवल पारंपरिक धान की खेती पर निर्भर न रहकर वैकल्पिक फसलों जैसे कि दाल, तिलहन, कोदो-कुटकी और मक्का के साथ-साथ मौसमी सब्जियों के उत्पादन को भी अपनाना चाहिए, क्योंकि कोदो-कुटकी जैसे मोटे अनाजों की मांग आज समूचे विश्व में देखी जा रही है। केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को रेखांकित करते हुए उन्होंने बताया कि कृषक उन्नति योजना के तहत प्रति एकड़ किसानों को 15 हजार रूपए का अनुदान दिया जा रहा है ताकि उनकी जेब पर सीधा बोझ न पड़े। इसके अतिरिक्त छत्तीसगढ़ सरकार ने प्राकृतिक खेती करने वाले कृषकों के प्रोत्साहन के लिए बजट में 40 करोड़ रुपये का विशेष प्रावधान रखा है। उन्होंने बस्तर के अनुकूल मौसम का हवाला देते हुए किसानों को नारियल की खेती, सूकर पालन, मुर्गी पालन और मछली पालन जैसे संबद्ध क्षेत्रों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया, जिनमें सरकार द्वारा भारी सब्सिडी दी जा रही है। जिला केंद्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष दिनेश कश्यप ने कृषि और मिट्टी संरक्षण के गंभीर विषय पर गहन चर्चा की। उन्होंने मिट्टी संरक्षण को कृषि की रीढ़ बताते हुए सचेत किया कि रासायनिक खादों के उपयोग से भूमि की उपजाऊ क्षमता समाप्त हो रही है। उन्होंने किसानों से अधिक उपज की होड़ छोड़ टिकाऊ खेती पर ध्यान केंद्रित करने का आह्वान किया। इसके समाधान के रूप में उन्होंने किसानों को अनिवार्य रूप से वैज्ञानिक तरीके से मृदा परीक्षण (मिट्टी की जांच) कराने और रिपोर्ट के आधार पर ही संतुलित मात्रा में जैविक, हरी व गोबर खाद का उपयोग करने की सलाह दी, जिससे लागत घटेगी और फसलों की गुणवत्ता बेहतर होगी। इस अवसर पर जगदलपुर के महापौर श्री संजय पाण्डे ने किसानों को राष्ट्र का वास्तविक निर्माता और कृषि को शास्त्रों के अनुसार श्रेष्ठ कर्म बताया। रासायनिक खादों से पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य पर पड़ रहे हानिकारक प्रभावों पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने किसानों को जैविक खेती की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही उन्होंने केंद्र व राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं जैसे पीएम किसान सम्मान निधि और फसल बीमा की सराहना की और कृषि वैज्ञानिकों से अपील की कि वे आधुनिक तकनीकों तथा ज्ञान को सीधे खेत-खलिहानों तक पहुंचाएं ताकि किसान आत्मनिर्भर बन सकें। इस अवसर पर किसानों को मूंग और ढेंचा का बीज भी वितरित किया गया, ताकि खरीफ की बोआई और रोपाई के पहले इन्हें तैयार कर प्राकृतिक खाद के रूप में उपयोग किया जा सके। इसके साथ ही किसानों को रागी बीज का वितरण भी किया गया, ताकि किसान फसल विविधता के लिए प्रोत्साहित हो सकें। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष बलदेव मंडावी सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधिगण, शहीद गुण्डाधुर कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र के अधिष्ठाता डॉ आरएस नेताम, शहीद डेबरीधुर उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र के अधिष्ठाता डॉ गणेश नाग, कृषि विभाग के उपसंचालक राजीव श्रीवास्तव और विभागीय अधिकारीगण तथा बड़ी संख्या में कृषकगण उपस्थित थे।

## बस्तर आम महोत्सव 2026-अनूठी रंगत और स्वाद का महासंगम

### 13 और 14 जून को जगदलपुर में जुटेगा फलों के राजाओं का मेला

लोकमाया न्यूज ।



**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के बस्तर अंचल की समृद्ध जैव-विविधता और पारंपरिक कृषि संपदा को एक बड़ा वैश्विक मंच देने के लिए दो दिवसीय भव्य बस्तर आम महोत्सव 2026 का आयोजन होने जा रहा है। महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय (दुर्ग) तथा संचालनालय उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी, छत्तीसगढ़ शासन (रायपुर) के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित यह अनूठा महोत्सव आगामी 13 एवं 14 जून को आयोजित किया जाएगा, जिसका मुख्य केंद्र जगदलपुर स्थित क्रांतिकारी डेबरीधुर उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र का परिसर होगा। इस वृहद महोत्सव का औपचारिक उद्घाटन शनिवार, 13 जून को प्रात: 11 बजे किया जाएगा, जिसके मुख्य अतिथि वन एवं जलवायु परिवर्तन, परिवहन, सहकारिता एवं संसदीय कार्य विभाग मंत्री श्री केदार कश्यप होंगे। उनके साथ अति विशिष्ट अतिथियों के रूप में बस्तर लोकसभा क्षेत्र के सांसद श्री महेश कश्यप तथा जगदलपुर के विधायक श्री किरण सिंह देव मंच की शोभा बढ़ाएंगे। इसके अतिरिक्त विशिष्ट अतिथियों में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती वेदवती कश्यप, महापौर श्री संजय पांडेय और जिला पंचायत कृषि स्थायी समिति के अध्यक्ष श्री कामदेव बघेल शामिल रहेंगे, जबकि पूरे उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर रवि आर. सक्सेना करेंगे।

महोत्सव के दौरान आम उत्पादकों को प्रोत्साहित करने और आम जनता के मनोरंजन के लिए कई प्रतियोगिताओं तथा ज्ञानवर्धक सत्रों का खाका तैयार किया गया है। पहले दिन की शुरुआत प्रात: 09 बजे से प्रतियोगिताओं के लिए प्रतिभागियों के पंजीयन के साथ होगी, जिसके बाद दोपहर तीन बजे तक आम की विभिन्न किस्मों, आम से बने उत्पादों, रंगोली तथा पोस्टर मेकिंग जैसी रचनात्मक प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। दोपहर तीन बजे अतिथियों की उपस्थिति में भव्य उद्घाटन समारोह संपन्न होने के बाद, शाम पांच बजे से सात बजे तक बच्चों और स्थानीय कलाकारों के लिए आकर्षक फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, जबकि आम जनता के लिए प्रदर्शनी सुबह दस बजे से रात आठ बजे तक निरंतर खुली रहेगी।

महोत्सव के दूसरे दिन यानी 14 जून को प्रात: दस बजे से प्रतियोगिताओं के उत्कृष्ट प्रदर्शनों का अंतिम मूल्यांकन किया जाएगा। इसके तुरंत बाद प्रात: 11 बजे से विशेष वैज्ञानिक एवं किसान परिचर्चा शुरू होगी, जिसमें वैज्ञानिक आम की खेती में आने वाली प्रमुख समस्याओं और उनके समाधानों पर चर्चा करने के साथ-साथ वानस्पतिक प्रवर्धन विधि का जीवंत प्रदर्शन करेंगे। इसके बाद दोपहर बारह बजे से आयोजित होने वाली कृषक एवं उद्यमी परिचर्चा में बस्तर के आम और उससे जुड़े प्रसंस्कृत उत्पादों को बाजार प्रदान करने तथा नए उद्योगों को बढ़ावा देने पर गंभीर मंथन किया जाएगा। दूसरे दिन भी प्रदर्शनी आम नागरिकों के लिए रात आठ बजे तक खुली रहेगी और शाम पांच बजे से सात बजे के बीच पुरस्कार वितरण के साथ इस दो दिवसीय महोत्सव का भव्य समापन होगा।

## बैंकिंग सेवाओं के विस्तार और वित्तीय समावेशन पर जोर, जिला स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक संपन्न

लोकमाया न्यूज ।




**बीजापुर।** कलेक्टर विश्वदीप की अध्यक्षता में जिला स्तरीय परामर्शदात्री बैंकर्स समिति (डीएलसीसी) की समीक्षा बैठक गुरुवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न शासकीय योजनाओं की प्रगति, बैंकिंग सेवाओं के विस्तार, किसान क्रेडिट कार्ड वितरण तथा वित्तीय समावेशन से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

कलेक्टर श्री विश्वदीप ने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समयबद्ध और प्रभावी रूप से पहुंचाना सभी विभागों एवं बैंकों की संयुक्त जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार के कृषि मंत्रालय द्वारा 01 जून से 30 जून 2026 तक संचालित ''खेत बचाओ अभियान'' के अंतर्गत अधिक से अधिक नए किसान क्रेडिट कार्ड जारी करने पर विशेष ध्यान दिया जाए।

बैठक में जिले में बैंकिंग सेवाओं के विस्तार के लिए कुटरू एवं बासागुड़ा में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की नई शाखाएं खोलने का प्रस्ताव नोडल अधिकारी श्री छोटेलाल यादव द्वारा प्रस्तुत किया गया। साथ ही डिजिटल बैंकिंग धोखाधड़ी से बचाव, शिकायत निवारण, बैंकिंग जागरूकता अभियान तथा ग्राम पंचायत स्तर पर बैंकिंग सुविधाओं की उपलब्धता की समीक्षा भी की गई। बैठक के दौरान बैंक क्रेडिट लिंकेज, स्व-सहायता समूहों के बैंक खातों, समूह बीमा योजनाओं की प्रगति तथा दोहरी प्रमाणीकरण (टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन) की प्रक्रिया पर भी चर्चा हुई।

कलेक्टर ने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत लंबित ऋण प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी बैंक शाखा प्रबंधकों से निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप कार्य करने तथा अपने बैंकिंग संवाददाता (बीसी) स्टाफ को प्रत्येक बस्तर मुन्ने शिविर में उपस्थित रहने के निर्देश दिए, ताकि अधिक से अधिक लोगों के बचत खाते खोले जा सकें। इसके अलावा बैंक रहित ग्राम पंचायतों में बीसी केंद्र स्थापित करने के निर्देश भी दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विभागों एवं बैंकों के बीच समन्वय, सतत निगरानी और पारदर्शिता अत्यंत आवश्यक है।

बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती नम्रता चौबे, आरबीआई के एलडीओ श्री सतेन्द्र कुमार राठौर, नाबार्ड के डीडीएम श्री संतोष रामटेके, एलडीएम श्री अमृत कुमार एक्का सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं जिले के सभी बैंक शाखा प्रबंधक उपस्थित रहे।

## माओवाद के साए से विकास की राह पर बोड़गा पहली बार पहुंचे कलेक्टर और जिला पंचायत सीईओ

### ग्रामीणों से किया सीधा संवाद, धान खरीदी केंद्र, आवास, शिक्षा, आजीविका एवं स्वास्थ्य योजनाओं पर हुई चर्चा

लोकमाया न्यूज ।



**बीजापुर।** कभी माओवाद का गढ़ माने जाने वाले ग्राम पंचायत ईतामपार के आश्रित ग्राम बोड़गा में विकास की नई उम्मीद लेकर 11 जून को जिले के कलेक्टर श्री विश्वदीप एवं जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नम्रता चौबे सहित प्रशासनिक अधिकारियों का दल पहुंचा। इस दौरान एसडीएम एवं जनपद पंचायत सीईओ ने भी ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं और विकास संबंधी अपेक्षाओं को जाना।

गांव में आयोजित बस्तर मुन्ने शिविर का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे सैचुरेशन कार्यों की समीक्षा की। शिविर में शिक्षा, स्वास्थ्य, पंचायत एवं राजस्व विभाग के मैदानी अमले द्वारा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए कार्य किया जा रहा था। वहीं स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक उपचार एवं स्वास्थ्य संबंधी परामर्श भी प्रदान किया गया। कलेक्टर श्री विश्वदीप ने ग्रामीणों के साथ संवाद करते हुए शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी तथा उनके प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया। उन्होंने बस्तर मुन्ने के शिविर एवं रजिस्टर का अवलोकन कर इसकी उपयोगिता और महत्व के बारे में बताया तथा सभी पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से जोड़ते हुए शत-प्रतिशत सैचुरेशन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

ग्रामीणों की मांग पर धान विक्रय की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ग्राम पंचायत बैल में धान खरीदी केंद्र स्थापित करने के प्रस्ताव पर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के तहत आजीविका गतिविधियों को बढ़ावा देने, स्व-सहायता समूहों को सशक्त बनाने एवं स्वरोजगार के अवसरों की जानकारी ग्रामीणों को दी गई।

इस अवसर पर कलेक्टर ने गांव के युवाओं एवं विद्यार्थियों से शिक्षा की स्थिति पर चर्चा करते हुए शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने अभिभावकों से सभी बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने का आग्रह करते हुए कहा कि शिक्षा ही विकास, आत्मनिर्भरता और बेहतर भविष्य की सबसे मजबूत नींव है।

# इंग्लैंड ने जीता पहला मैच, 87 रन से श्रीलंका को हराया, डैनी-एमी के बाद चमकीं फ्रेया

## महिला टी20 विश्व कप की धमाकेदार शुरुआत, पहले ही मैच में टूटे रिकॉर्ड; इंग्लैंड का दिखा दबदबा

**एजबेस्टन (ए)।** महिला टी20 विश्व कप की धमाकेदार शुरुआत हुई है। पहले मैच में मेजबान इंग्लैंड ने श्रीलंका को एकतरफा अंदाज में हराया। इस मैच में पूरी तरह से इंग्लैंड का दबदबा देखने को मिला और डैनी वॉट हॉग ने पहले ही मैच में शतक भी लगाया। इंग्लैंड ने इस तरह टूर्नामेंट में विजयी शुरुआत की है, जबकि श्रीलंका को बड़ी हार का सामना करना पड़ा है।

***महिला टी20 विश्व कप का सबसे बड़ा स्कोर***- पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड ने 20 ओवर में सिर्फ एक विकेट खोकर 219 रन बनाए, जो महिला टी20 विश्व कप इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर भी है।

इंग्लैंड ने इस मुकाबले में श्रीलंका को 87 रनों से हराया।

इससे पहले, महिला टी20 विश्व कप में सबसे बड़ा स्कोर बनाने का रिकॉर्ड भी इंग्लैंड के नाम था।

टीम ने साल 2023 में पाकिस्तान के खिलाफ खेले गए मुकाबले में पांच विकेट खोकर 213 रन बनाए थे।




मैच की बात करें तो इंग्लैंड को एमी जोन्स और डैनी वॉट ने धमाकेदार शुरुआत दी। दोनों ने मिलकर सिर्फ 13.4 ओवर में 135 रन जोड़े। जोन्स ने 38 गेंदों में 53 रनों की दमदार पारी खेली, हालांकि जोन्स के आउट होने का ज्यादा फर्क वॉट पर नहीं पड़ा। उन्होंने दूसरे छोर से अपनी तूफानी बल्लेबाजी जारी रखी। वॉट 62 गेंदों में 105 रन बनाकर नाबाद रहीं।

169 की स्ट्राइक रेट से खेलते हुए उन्होंने अपनी शतकीय पारी में 13 चौके और एक छक्का लगाया। वहीं, कप्तान नैट साइवर ब्रंट ने भी अंत के ओवरों में आतिशी बल्लेबाजी करते हुए 22 गेंदों में नाबाद 46 रन बनाए। इस दौरान उनके बल्ले से छह चौके और एक छक्का निकला। 220 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका की पूरी टीम 132 रन बनाकर सिमट गई। टीम की तरफ से नीलाक्षी डी सिल्वा ने सर्वाधिक 39 रन बनाए, जबकि हर्षिता समरविक्रमा ने 29 रनों का योगदान दिया।

***वॉट ने हासिल की उपलब्धियां***- वॉट महिला टी20 विश्व कप में इंग्लैंड की ओर अब सर्वाधिक रन बनाने वाली तीसरी बल्लेबाज बन गई हैं। उन्होंने सारा टेलर को पीछे छोड़ दिया है। टेलर के नाम टी20 विश्व कप में 541 रन बनाने का रिकॉर्ड था, जबकि वॉट अब 593 रन बना चुकी हैं। इसके साथ ही उन्होंने महिला टी20 विश्व कप की चौथी और इंग्लैंड की तरफ से दूसरी सबसे बड़ी पारी खेली। इंग्लैंड की ओर से इस मेगा इवेंट में सबसे बड़ी पारी खेलने का रिकॉर्ड हीथर नाइट के नाम है, जिन्होंने 2020 में 108 रनों की नाबाद पारी खेली, जबकि ऑस्ट्रेलिया की पूर्व बल्लेबाज मेग लेनिंग (126 रन) ने टी20 विश्व कप में सबसे बड़ी पारी खेली है। वॉट महिला टी20 विश्व कप में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाली संयुक्त रूप से दूसरी बल्लेबाज बन गई हैं। वह टी20 विश्व कप में अब तक तीन शतक लगा चुकी हैं। वहीं, महिला टी20 विश्व कप में सबसे ज्यादा शतक लगाने का रिकॉर्ड यूएई की बल्लेबाज ईशा ओजा (पांच) के नाम है।

### डेब्यू पर चमकीं फ्रेया केम्प

टी20 विश्व कप 2026 के पहले मुकाबले में दोनों टीमों की ओर से कुल 351 रन बने, जो टी20 विश्व कप में दोनों पारियों को मिलकर दूसरा सबसे बड़ा टोटल है। साल 2018 में महिला टी20 विश्व कप में भारत और इंग्लैंड के बीच हुए मुकाबले में दोनों टीमों ने सबसे ज्यादा रन बनाए थे। इस मैच में कुल 354 रन बने थे। इंग्लैंड की ओर से गेंदबाजी में फ्रेया केम्प ने शानदार प्रदर्शन करते हुए महज 22 रन देकर चार विकेट चटकाए। वह टी20 विश्व कप के डेब्यू मुकाबले में चार विकेट लेने वाली महज तीसरी गेंदबाज बनीं। वहीं, सोफी एक्लेस्टोन और चार्ली डीन ने दो-दो अपने नाम किए। लॉरेन बेल और लिन्से स्मिथ ने एक-एक विकेट चटकाया।

# मोरक्को के खिलाफ मैच से पहले ब्राजील को लगा झटका, पहले मुकाबले में नहीं खेल सकेंगे नेमार

**नई दिल्ली (ए)।** फीफा विश्व कप 2026 में मोरक्को के खिलाफ होने वाले अपने पहले मुकाबले में ब्राजील फुटबॉल टीम स्टार खिलाड़ी नेमार के बिना खेलेगी। टीम के कोच कार्लो एंसेलोटी के अनुसार, पिंडली की चोट से उबर रहे नेमार पूरे ग्रुप स्टेज में शायद चयन के लिए उपलब्ध नहीं हो पाएंगे। कतर में हुए फीफा विश्व कप 2022 में सेमीफाइनल तक का सफर तय करने वाली मोरक्को टीम के खिलाफ मुकाबले से पहले कोच एंसेलोटी ने कहा कि नेमार की फिटनेस में सुधार हो रहा है, लेकिन वह अभी वापसी के लिए तैयार नहीं हैं। एंसेलोटी ने कहा, वह जल्द से जल्द फिट होने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। हमें उम्मीद है कि वह अगले हफ्ते पूरी ट्रेनिंग पर लौट पाएंगे।

क्या पूरे ग्रुप चरण से बाहर होंगे नेमार

मोरक्को से पहले मैच में भिड़ने के बाद ब्राजील का ग्रुप एफ में 19 जून को हैती और 24 जून को स्कॉटलैंड से सामना होना है। हालांकि कोच ने किसी भी मैच के लिए नेमार के उपलब्ध होने की गारंटी नहीं दी। 34 साल के सैंटोस स्ट्राइकर शुक्रवार को फिर से ट्रेनिंग से गायब नजर आए। नेमार चोट के कारण पनामा और मिस्र के खिलाफ ब्राजील के वार्म अप मैच भी नहीं खेल पाए थे। उनकी फिटनेस को लेकर चिंताओं के बावजूद एंसेलोटी ने बताया कि उन्होंने इस अनुभवी खिलाड़ी को अपनी विश्व कप टीम में क्यों शामिल किया।

उन्होंने कहा कि वह हमारी टीम के युवा खिलाड़ियों के लिए एक अच्छा उदाहरण हो



सकते हैं। ब्राजील के कोच कार्लो एंसेलोटी का मानना है कि नेमार सिर्फ अपने खेल से ही नहीं, बल्कि अपने अनुभव और नेतृत्व से भी टीम के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। एंसेलोटी ने कहा कि नेमार का अनुभव टीम को रिकॉर्ड छठा विश्व कप खिताब जीतने की कोशिश में काफी मदद कर सकता है।

विनिसियस जूनियर को नेमार के जल्द मैदान पर उतरने की उम्मीद

ब्राजील के स्टार खिलाड़ी विनिसियस जूनियर ने भी नेमार की तारीफ की। उन्होंने कहा, नेमार मुझे प्रेरित करते हैं। मैं चाहता हूं कि वह जल्द फिट होकर मैदान पर वापसी करें। हम सभी उनके वापस खेलने का इंतजार कर रहे हैं। हालांकि मोरक्को की टीम का कहना है कि नेमार की गैरमौजूदगी से उनकी रणनीति पर कोई असर नहीं पड़ेगा। मोरक्को के कोच मोहम्मद ओआहबी ने कहा कि उनकी टीम ने दोनों परिस्थितियों के लिए तैयारी की थी, चाहे नेमार खेलें या न खेलें। ओआहबी ने कहा, हमने नेमार के साथ और बिना नेमार के

## जसपाल राणा के निधन से टूटीं मनु भाकर

# कोच को श्रद्धांजलि देते वक्त हुईं भावुक पोस्ट कर लिखा- अपूरणीय क्षति





**नई दिल्ली (ए)।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता निशानेबाज मनु भाकर अपने कोच जसपाल राणा के अचानक हुए निधन से पूरी तरह टूटी नजर आईं। मनु ने देहरादून स्थित जसपाल के घर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी और इस बार वह अपने आंसू नहीं रोक सकीं। भारत के दिग्गज निशानेबाज और कोच जसपाल का शुक्रवार को निधन हो गया था। वह 49 वर्ष के थे। मनु के ओलंपिक पदक जीतने में राणा की अहम भूमिका रही थी।

***फ्लाइट में बिगड़ी थी तबीयत***-जर्मनी से लौटने के बाद अचानक ही राणा की तबीयत बिगड़ गई थी और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनका निधन हृदय की बीमारी के इलाज के दौरान हुआ। राणा म्यूनिख में आईएसएसएफ विश्व कप के बाद जर्मनी से लौटे थे। वह फिलहाल भारतीय पिस्टल निशानेबाजों के हाई परफॉर्मेंस कोच के रूप में कार्य कर रहे थे। एनआरएआई ने उन्हें आधिकारिक तौर पर 25 मीटर पिस्टल इवेंट के लिए हाई-परफॉर्मेंस कोच नियुक्त किया था।

***मनु की सफलता के पीछे था जसपाल का जुनून***- भारत के पूर्व पिस्टल निशानेबाज जसपाल राणा ने असाधारण प्रतिभा के तौर पर सुर्खियों में आने के बाद जूनियर रिकॉर्ड तोड़ा और कई अंतरराष्ट्रीय पदक जीते और उनकी इस यात्रा में उनका निशानेबाजी के प्रति जुनून और इसके प्रति समर्पण उनकी पहचान रही है।

ओलंपिक पदक उनकी कैबिनेट में शामिल नहीं हो सका, लेकिन जब पेरिस ओलंपिक 2024 में मनु भाकर पोडियम पर खड़ी हुईं तो उनका सपना साकार हो गया था। जब पोडियम पर कांस्य पदक मनु के गर्दन में दमक रहा था तो जसपाल स्टैंड में तालियां बजा रहे थे।

***राणा के साथ तस्वीरें की पोस्ट***- मनु भाकर ने शनिवार को कोच राणा के साथ अपनी कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की है। इस दौरान मनु ने कैप्शन में लिखा, अपूरणीय क्षति। इतना ही नहीं इस पोस्ट के साथ मनु ने दिल टूटने वाला इमोजी भी पोस्ट किया है। मनु ने वो तस्वीर भी साझा की जब ये दोनों पेरिस ओलंपिक में शामिल हुए थे।

***पार्थिव शरीर को देखकर फूट-फूट कर रोईं मनु***-मनु अपने कोच के इस तरह दुनिया से जाने से पूरी तरह टूटीं नजर आईं। जब वह राणा को श्रद्धांजलि देने उनके घर गईं तो अपने कोच का पार्थिव शरीर देखकर खुद को संभाल नहीं सकीं। मनु राणा के परिजनों से मिलते वक्त भी फूट-फूट कर रोईं। मनु जितनी देर वहां रहीं, उनके आंख से आंसू गिरते रहे। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी राणा को श्रद्धांजलि दी।

# इंग्लैंड दौरे के बीच विलियमसन ने किया संन्यास का एलान, न्यूजीलैंड के लिए बनाए हैं सर्वाधिक रन




| प्रारूप | मैच | रन | स्ट्राइक रेट | शतक | अर्धशतक |
|---|---|---|---|---|---|
| टेस्ट | 110 | 9515 | 51.97 | 33 | 38 |
| वनडे | 175 | 7256 | 81.59 | 15 | 47 |
| टी20 अंतरराष्ट्रीय | 93 | 2575 | 123.08 | 0 | 18 |

**लंदन।** इंग्लैंड दौरे के बीच न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान केन विलियमसन ने बड़ा एलान किया। विलियमसन ने तत्काल प्रभाव से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहने की घोषणा कर दी है। इसके साथ ही विलियमसन के 16 साल के अंतरराष्ट्रीय करियर का अंत हो गया है। इसके साथ ही न्यूजीलैंड क्रिकेट में तीनों प्रारूपों में एक युग का अंत हो गया। विलियमसन ने 2025 में ही टी20 प्रारूप से संन्यास ले लिया था। 35 साल के विलियमसन न्यूजीलैंड के लिए सर्वाधिक अंतरराष्ट्रीय रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। उन्होंने अपने करियर में 378 मैचों में 19346 रन बनाए हैं जिसमें 48 शतक और छह दोहरे शतक शामिल हैं। 2010 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू करने वाले केन विलियमसन ने बहुत जल्द ही दुनिया को अपनी तकनीक, धैर्य और क्लास का मुरीद बना दिया था।

उनकी बल्लेबाजी में आक्रामकता कम, लेकिन प्रभाव और निरंतरता ज्यादा दिखाई दी। विलियमसन उस दौर में न्यूजीलैंड क्रिकेट में अपनी पहचान बनाने में सफल हुए जब कीवी टीम की गिनती दुनिया की सबसे मजबूत टीमों में होती है। केन विलियमसन लंबे समय तक न्यूजीलैंड के कप्तान रहे और उनके नेतृत्व में ही न्यूजीलैंड ने भारत को हराकर पहला विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का खिताब जीता था। यह जीत न्यूजीलैंड और विलियमसन के लिए व्यक्तिगत रूप से बहुत विशेष थी क्योंकि 2019 में टीम वनडे विश्व कप का खिताब जीतने से चूक गई थी। विलियमसन का मैदान पर व्यवहार भी फैंस का दिल जीतता रहा। यही वजह है कि विरोधी खिलाड़ी भी हमेशा उनका सम्मान करते दिखाई दिए।

# दोहा डायमंड लीग में नहीं उतरेंगे नीरज चोपड़ा स्विट्जरलैंड में कर रहे चोट से उबरने की तैयारी



**नई दिल्ली (ए)।** भारत के स्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा 19 जून को होने वाली दोहा डायमंड लीग में हिस्सा नहीं लेंगे। ओलंपिक स्वर्ण और रजत पदक विजेता नीरज फिलहाल पीठ की चोट से उबर रहे हैं और इसी वजह से उन्होंने इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता से दूरी बनाई है।

### स्विट्जरलैंड में चल रहा ट्रेनिंग कैंप

28 वर्षीय नीरज चोपड़ा इन दिनों स्विट्जरलैंड के बिएन में 47 दिन के ऑफ-सीजन ट्रेनिंग कैंप में हैं। उनके साथ लंबे समय से जुड़े फिजियोथेरेपिस्ट ईशान मारवाह और कोच जय चौधरी भी मौजूद हैं। नीरज आगामी कॉमनवेल्थ गेम्स और एशियाई खेलों को ध्यान में रखते हुए अपनी फिटनेस पर काम कर रहे हैं।

### पिछले साल दोहा में बनाया था राष्ट्रीय रिकॉर्ड

नीरज ने पिछले साल दोहा डायमंड लीग में अपने करियर का पहला 90 मीटर से अधिक का थ्रो करते हुए 90.23 मीटर का राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया था। हालांकि, जर्मनी के जूलियन वीबर ने अंतिम प्रयास में 91.06 मीटर का थ्रो कर प्रतियोगिता अपने नाम कर ली थी।

### स्टार खिलाड़ियों से सजा होगा मुकाबला

नीरज की गैरमौजूदगी के बावजूद दोहा डायमंड लीग का पुरुष भाला फेंक मुकाबला बेहद रोमांचक रहने की उम्मीद है। इसमें श्रीलंका के विश्व लीडर रुमेश थरंगा पथिरागे, पाकिस्तान के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता अरशद नदीम और त्रिनिदाद एवं टोबैगो के विश्व चैंपियन केशॉर्न वॉलकॉट प्रमुख आकर्षण होंगे। इसके अलावा ग्रेनाडा के पूर्व विश्व चैंपियन एंडर्सन पीटर्स, अमेरिका के विश्व कांस्य पदक विजेता कर्टिस थॉम्पसन, केन्या के अनुभवी जूलियस यीगो और चेक गणराज्य के जैकब भी मैदान में उतरेंगे।

### पहली बार दोहा में उतरेंगे पथिरागे

23 वर्षीय श्रीलंकाई खिलाड़ी रूमेश थरंगा पथिरागे हाल ही में रोम डायमंड लीग में 92.62 मीटर का राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाकर सुर्खियों में आए थे। पूर्व क्रिकेटर रहे पथिरागे पहली बार दोहा डायमंड लीग में हिस्सा लेंगे। उन्होंने कहा कि दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा करना उनके लिए सपने के सच होने जैसा है और दोहा की परिस्थितियां भाला फेंक खिलाड़ियों के लिए बेहद अनुकूल हैं।

### डायमंड लीग का सातवां चरण

दोहा में होने वाली माजराती दोहा मीट 2026 वांडा डायमंड लीग का सातवां चरण होगी। 15 प्रतियोगिताओं वाली इस प्रतिष्ठित श्रृंखला की शुरुआत 16 मई को शंघाई/केकियाओ में हुई थी। इसका समापन सितंबर में ब्रुसेल्स में आयोजित होने वाले फाइनल के साथ होगा।

# टोरंटो में सजी रंगारंग ओपनिंग सेरेमनी, नोरा फतेही की परफॉर्मेंस ने लूटी महफिल



**टोरंटो।** फीफा विश्व कप 2026 की दूसरी ओपनिंग सेरेमनी शुक्रवार को कनाडा के टोरंटो स्थित बीएमओ फील्ड में भव्य अंदाज में आयोजित की गई। सितारों से सजी इस रंगारंग प्रस्तुति ने विश्व कप के कनाडाई चरण का शानदार स्वागत किया। समारोह में बॉलीवुड अभिनेत्री और अंतरराष्ट्रीय कलाकार नोरा फतेही ने अपने नए गाने 'Siir Siir' पर दमदार प्रस्तुति देकर दर्शकों का दिल जीत लिया।

***अलानिस मॉरिसेट और विल अर्नेट ने भी बांधा समां***- ओपनिंग सेरेमनी में कनाडा की सांस्कृतिक विविधता को भव्य अंदाज में प्रदर्शित किया गया। विश्व कप ट्रॉफी की विशाल मोजेक-शैली की प्रस्तुति ने स्टेडियम में मौजूद हजारों दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के दौरान मशहूर गायिका अलानिस मॉरिसेट ने कनाडा का राष्ट्रगान प्रस्तुत किया, जबकि हॉलीवुड अभिनेता विल अर्नेट ने दुनिया भर के फुटबॉल प्रशंसकों का स्वागत किया।

***नोरा की खूबसूरती पर फिदा हुए प्रशंसक***- नोरा फतेही ने संगीत निर्माता संजॉय और फ्रांसीसी गायक वेगेड्रीम के साथ मिलकर तैयार किए गए आधिकारिक फीफा विश्व कप 2026 गीत 'Siir Siir' पर शानदार प्रस्तुति दी। यह गीत टूर्नामेंट के आधिकारिक म्यूजिक प्रोजेक्ट का हिस्सा है और विश्व कप के आधिकारिक एल्बम में भी शामिल किया गया है।

नोरा के मंच पर आते ही स्टेडियम तालियों और उत्साह से गूंज उठा। उनकी ऊर्जा और आकर्षक डांस मूव्स ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। समारोह में माइकल बब्ले, एलेसिया कारा, जेसी रेयेज, एलियाना, विलियम प्रिंस समेत कई अंतरराष्ट्रीय कलाकारों ने भी प्रस्तुति दी और माहौल को यादगार बना दिया। इन प्रस्तुतियों ने मेजबान कनाडा और विश्व कप के जश्न को और भी खास बना दिया।

# प्राइवेट जेट में भी नहीं छूटा क्रिकेट का जुनून: सारा ने लपका कैच तो सचिन बोले- तुम मुझे कभी आउट नहीं कर पाओगी



**नई दिल्ली।** क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले पूर्व भारतीय बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने एक बार फिर साबित कर दिया कि क्रिकेट उनके जीवन का अभिन्न हिस्सा है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के कई साल बाद भी उनका खेल के प्रति जुनून कम नहीं हुआ है। हाल ही में उन्होंने सोशल मीडिया पर एक मजेदार वीडियो साझा किया, जिसमें वह अपने परिवार के साथ प्राइवेट जेट के अंदर क्रिकेट खेलते नजर आए। सचिन द्वारा शेयर किया गया यह वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में उनके परिवार के साथ बिताए गए हल्के-फुल्के और मनोरंजक पल देखने को मिलते हैं, जिन्हें फैंस काफी पसंद कर रहे हैं।

***प्राइवेट जेट बना क्रिकेट का मैदान***- वीडियो में सचिन तेंदुलकर प्राइवेट जेट के केबिन के भीतर बल्ला थामे बल्लेबाजी करते दिखाई दे रहे हैं। उनके सामने सॉफ्ट रेड बॉल से गेंदबाजी उनकी बहू सानिया चांदोक कर रही हैं, जबकि बेटी सारा तेंदुलकर फील्डिंग करती नजर आती हैं। वीडियो शेयर करते हुए सचिन ने कैप्शन में लिखा, ऊंचाई चाहे कितनी भी हो, जुनून और जज्बा नहीं बदलना चाहिए।

***सारा ने की विकेट की अपील, सचिन ने दिया मजेदार जवाब***- वीडियो के दौरान एक गेंद पर सारा मजाकिया अंदाज में सचिन को आउट देने की अपील करती हैं। इस पर सचिन मुस्कुराते हुए कहते हैं, तुम मुझे कभी आउट नहीं कर पाओगी।

# अमेरिका ने पराग्वे को हराकर विश्व कप में जीत से की शुरुआत, फोलारिन ने दागे दो गोल

**लॉस एंजिलिस (ए)।** सह- मेजबान अमेरिका ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फीफा विश्व कप के अपने पहले मैच में पराग्वे को एकतरफा अंदाज में 4-1 से हराया। अमेरिका के लिए फोलारिन बालोगुन ने दमदार प्रदर्शन करते हुए दो गोल दागे। टीम ने शुरुआत से लेकर अंत कर दबदबा बनाए रखा और एकतरफा अंदाज में जीत दर्ज की। पराग्वे की टीम अमेरिका को चुनौती नहीं दे सकी और उसे हार का सामना करना पड़ा। अमेरिका ने इस मैच में विश्व कप के इतिहास का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

***पहले हॉफ में बनाया दबदबा***- अमेरिका ने इस मैच के पहले हॉफ में ही दबदबा बना लिया था। सातवें मिनट में ही डेमियन बोबाडिला ने गोल दागकर अमेरिका को 1-0 की बढ़त दिलाई। इसके बाद फोलारिन ने अपना कमाल दिखाया। उन्होंने पहले 31वें मिनट में पराग्वे के गोल पोस्ट को भेदा और फिर पहले हॉफ के इंजुरी समय में गोल दागा। इस तरह अमेरिका ने पहले हॉफ तक 3-0 की बढ़त अपने नाम कर ली थी। पहले हॉफ में पूरी तरह अमेरिका का दबदबा देखने को मिला और पराग्वे की टीम एक भी गोल नहीं कर सकी।

***दूसरे हॉफ में पराग्वे ने की वापसी की कोशिश***- पहले हॉफ में बुरी तरह पिछड़ने के बाद पराग्वे के लिए मॉरिसियो ने गोल का खाता खोला। मॉरिसियो ने 73वें मिनट में गोल दागा जिससे स्कोर 3-1 हो गया। अमेरिका ने इस बाद आक्रामकता बढ़ाई और एक बार फिर पराग्वे के डिफेंस को भेदने की कोशिश की। निर्धारित 90 मिनट पूरे होने के बाद सात मिनट तक अतिरिक्त समय जोड़ा गया। इसमें पराग्वे



की कोशिश किसी तरह बराबरी हासिल करने की थी, लेकिन अमेरिका ने भी उम्मीद नहीं छोड़ा। अमेरिका ने लगातार हमले जारी रखे और पराग्वे के डिफेंस को भेदने में सफल रहा। अमेरिका के लिए गियोवानी रेयना ने अंतिम सीटी बजने से चंद सेकेंड पहले गोल दागा और टीम को 4-1 से आगे कर दिया। इस तरह अमेरिका ने इस मैच में दमदार जीत दर्ज की।

***ग्रुप डी में शीर्ष पर अमेरिका***- अमेरिका ग्रुप डी में शामिल है और पहले मैच जीत से उसे पूरे तीन अंक मिले हैं। अमेरिका फिलहाल अपने ग्रुप में शीर्ष पर है, जबकि पराग्वे चौथे स्थान पर है। इस ग्रुप में तुर्किये और ऑस्ट्रेलिया की टीमें भी शामिल हैं जिन्होंने अब तक फीफा विश्व कप में अपने अभियान की शुरुआत नहीं की है।

# सरसों की फसल में लगने वाले मुख्य कीट एवं उनका नियंत्रण



**देश में रबी फसलों में सरसों की खेती बड़े पैमाने पर की जाती है, सोयाबीन, मूंगफली के बाद सरसों की खेती देश भर में सबसे ज्यादा होती है। खाद्य तेल के रूप में सरसों की मांग अधिक रहने के कारण पिछले कुछ वर्षों से किसानों को सरसों की खेती से अच्छा मुनाफा हो रहा है। सरसों का अच्छा उत्पादन कई कारणों पर निर्भर करता है जैसे मिट्टी, जलवायु, बीज, रोग तथा कीट। कीट एवं रोगों का प्रभाव सीधे सरसों के उत्पादन पर होता है इसलिए किसानों को समय पर इनकी पहचान कर उन पर नियंत्रण पाना आवश्यक है।**

सरसों की फसल में समय-समय पर विभिन्न कीट एवं रोग काफी नुकसान पहुंचाते हैं, जिससे उपज में कमी आती है। यदि समय रहते इन रोगों एवं कीटों का नियंत्रण कर लिया जाए तो सरसों के उत्पादन में बढ़ोतरी की जा सकती है। चेंपा या माहू, आरामक्खी, चितकबरा कीट, मटर का पर्ण सुरंगक कीट आदि सरसों के मुख्य कीट हैं।

## सरसों का माहूं (चैपा /मोयला /एफिडा) कीट

सरसों का माहू छोटा, लंबा व कोमल शरीर वाला कीट है। प्रौढ़ माहूं दो अवस्थाओं में पाया जाता है-पहला पंखरहित और दूसरा पंखसहित। पंखरहित प्रौढ़ 2 मि.मी. लंबे, गोलाकार व हरे रंग के या हल्के हरे पीले रंग के होते है। पंखसहित प्रौढ़ पीले उदर वाले व पंख पारदर्शी होते हैं। शिशु पंखरहित अवस्था के समान होते हैं, परन्तु आकार में छोटे होते हैं। दो नलीनुमा संरचनाएं (कोर्निक्ल्स) उदर के अंतिम भाग में उपस्थित होती है।

## हानि के लक्षण

ये कीट प्राय- दिसम्बर के अन्तिम सप्ताह में प्रकट होते हैं और मार्च के अंत तक सक्रिय रहते हैं और मार्च के अंत तक विभिन्न भागों जैसे - पुष्पक्रम, पत्ती, तना, टहनी व फलियों से रस चूसकर नुक्सान पहुंचाते हैं। ये कीट समूहों में रहते हैं व तीव्रता से वंशवृद्धि करते हैं। माहूं पहले फसल की वानस्पतिक कलिका पर प्रकट होते हैं व धीरे-धीरे पुरे पौधे को ढक लेते हैं। ये कीट मधुस्राव निकालते हैं और पौधों पर काले कवक का आक्रमण हो जाता है। तना व पत्तियाँ काली हो जाती हैं, जिससे प्रकाश संश्लेषण में बाधा आती है। इस प्रकाश यह कीट उपज व तेल की मात्रा में कमी करता है। बादालयुक्त व ठंडा मौसम वंशवृद्धि के लिए अत्यंत उपयुक्त होता है।

## समन्वित कीट प्रबंधन

जहाँ तक संभव हो सरसों की बुआई 15 अक्टूबर तक कर देनी चाहिए, इससे फसल माहूँ के प्रकोप से बच जाती है। उर्वरकों की अनुशंसित मात्रा का ही प्रयोग करना चाहिए।

माहूँ के प्राथमिक आक्रमण पर 10 दिनों के अन्तराल पर 2-3 बार माहूँ ग्रसित टहनियों को तोड़कर नष्ट कर देने से माहूँ की वंशवृद्धि को कम किया जा सकता है।

फसल में कम से कम 10 प्रतिशत पौधे माहूँ से ग्रसित हों तथा प्रत्येक पौधे पर 26 से 28 माहूँ हों, तभी छिड़काव करना चाहिए।





ऑक्सी-डेमेटान मिथाइल (मेटासिस्टाक्स) 25 पायस सांद्रण अथवा डाइमिथोएट (रोगोर) 30 पायस सांद्रण अथवा मैलाथियान 50 पायस सांद्रण की एक लीटर मात्र को 600-800 लीटर पानी में घोलकर प्रति हैक्टेयर की दर से छिड़काव करें

अथवा इमिडाक्लोप्रिड 1708 एस.एल. को 5 मि.ली. / 15 लीटर पानी की दर से घोलकर छिड़काव करें। यदि दोबारा से कीट का प्रकोप हो तब 15 दिनों के अन्तराल से पुनः छिड़काव करें।

यह भी पढ़ें कृषि शक्ति योजना-मध्यप्रदेश

## सरसों की आरा मक्खी

इस कीट की प्रौढ़ मक्खी 8-11 मि.मी. लंबी, पीले-नारंगी रंग की ततैया की तरह होती है। इसके पंख धूसर रंग के व काली शिरायें लिए हुए होते हैं। इसका अंडरोपक दांतेदार व आरिनुमा होता है इसलिए इसे आरा मक्खी कहते हैं। सर व टाँगे काली होती है। इसकी सुंडी गहरे हरे रंग की होती है, जिसकी पीठ पर पांच लंबवत धारियां होती है।

## हानि के लक्षण

यह कीट मुख्य रूप से फसल की पौधावस्था (अक्टूबर-नवंबर) में ही नुक्सान पहुंचाता है। सूंडी, पत्तियों को काटकर उनमें अनियमित आकार के छेद कर देती हैं। अधिक प्रकोप की अवस्था में पौधे को कंकालित कर देती हैं। फसल में आक्रमण पौधावस्था में अधिक होता है और 3-4 सप्ताह पुरानी फसल में ज्यादा नुक्सान होता है। मध्य जलवायु और कम आर्द्रता इसकी वंशवृद्धि के लिए अनुकूल है।

## समन्वित कीट प्रबंधन

स्वच्छ कृषि क्रियाएं (खरपतवार नियंत्रण, वैकल्पिक पोषक पौधे व फसल अवशेषों आदि को नष्ट करना) अपनाना चाहिए।

गर्मियों के दिनों (मई-जून) में खेत की मिट्टी पलटने वाले हल से गहरी जुताई करनी चाहिए।

फसल लगभग एक माह की हो जाए तब सिंचाई करनी चाहिए। इससे इस कीट की सूंडी पानी में डूबकर मर जाती है।

इस कीट के प्रकोप की अवस्था में मैलाथियान 50 पायस सांद्रण की एक लीटर मात्रा को 500 लीटर पानी में घोलकर प्रति हैक्टेयर की दर से छिडकाव करना चाहिए।

## मटर का पर्ण सुरंगक कीट

प्रौढ़ मक्खी छोटी काले रंग की होती है और इसका सिर पिला होता है। प्रौढ़ मक्खी की लंबाई 1.5 मि.मी., पंख विन्यास लगभग 4 मि.मी. व घरेलू मक्खी के समान परन्तु आकार में छोटी होती है। नए मेगेट्स कीट धूसर सफेद रंग के होते हैं और इनके मुखांग काले भूरे रंग के होते हैं। पूर्ण विकसित कीट हरा पीला रंग का लगभग 3 मि.मी. चौड़ा, जिनका मध्य भाग मोटा और आगे से चपटा होता है। कीट पत्ती में सुरंग के अंदर रहता है और सुरंग में ही कृमिकोष में चला जाता है।

## हानि के लक्षण

पौधे की पत्तियों में प्रौढ़ मादा के अन्डरोपक से अंडे देने के लिए छोटे-छोटे छेद करती है। प्रौढ़ मादा व नर इन छेदों से निकलने वाले रस को चूसते हैं। ये कीट पत्ती के पैरेनकाइमा ऊतकों को खाकर टेढ़ी-मेढ़ी सुरंग बनाते हैं। अत्यधिक ग्रसित पत्तियां पीली होकर गिर जाती है व उपज पर प्रतिकूल प्रभाव डालती है। अधिक प्रकोप की दशा में ग्रसित पत्तियां छितर जाती हैं। पौधों का ओज प्रभावित होता है और पुष्पं एवं फलन गतिविधियाँ प्रभावित होती है। इस कीट का प्रकोप प्राय-पुरानी पत्तियों पर अधिक होता है।

## समन्वित कीट

ग्रसित पत्तियों को तोड़कर जमीन में दबा देना चाहिए, ताकि पत्तियों में छिपे कीट व कृमिकोष नष्ट हो जाएं।

आँक्सी-डेमेटोन मिथाइल 25 पायस सांद्रण या डाइमिथोएट 30 पायस सांद्रण की एक लीटर मात्रा को 600-800 लीटर पानी में घोलकर प्रति हैक्टेयर की दर से छिडकाव करें अथवा इमिडाक्लोप्रिड 1708 एस.एल. को 5 मि.ली. / 15 लीटर पानी की दर से घोलकर छिड़काव करें।

## चितकबरा कीट

प्रौढ़ कीट के शरीर के ऊपर काले व चमकीले नारंगी रंग के धब्बे होते हैं। प्रौढ़ 6.5-7.0 मि.मी. चौड़ा व पूर्ण विकसित शिशु 4 मि.मी. लंबा व 2.6 मि.मी. चौड़ा होता है। इन पर भूरी धारियां पाई जाती हैं। पहली व दूसरी अवस्था शिशु कीट का रंग चमकीला नारंगी और तीसरी व चौथी अवस्था का रंग लाल होता है। मुखांग चुभाने-चूसने वाले एवं पश्चोंमुखी होते हैं।

## हानि के लक्षण

ये कीट फसल के छोटे-छोटे पौधों को या पौध अवस्था में अधिक नुक्सान पहुंचाते है। शिशु एवं प्रौढ़ दोनों ही पौधे की पत्तियों एवं प्ररोह से रस चूसकर हानि पहुंचाते हैं। फसल की दो पत्ती अवस्था में नुक्सान होने पर ग्रसित उपरी भाग मुरझाकर सुख जाता है। वानस्पतिक अवस्था में प्रकोप के समय पत्तियों पर सफेद धब्बे हो जाते हैं। पौधे का विगलन हो जाता है व पौधे पूर्णत- सुख जाते हैं। दोनों मामलों में फसल की दोबारा बुआई आवश्यक हो जाती है। यह कीट फली बनने व पकने की अवस्था में भी आक्रमण करता है, जिससे फलियाँ व दाने सिकुड़ जाते हैं। खलिहानों में कटी हुई फसल पर इन कीटों का आक्रमण व हानि को देखा जा सकता है। इस प्रकार यह कीट उपज व तेल की मात्रा में कमी करता है। मध्यम तापमान 20 से 40 डिग्री सेल्सियस व कम आर्द्रता इस कीट के गुणन के लिए उपयुक्त है।

## समन्वित कीट प्रबंधन

खेत में साफ़-सफाई रखनी चाहिए। खेतों के आसपास खरपतवार तथा फसल अवशेषों को नष्टकर देना चाहिए।

खेतों की गर्मियों के दिनों (मई-जून) में मिट्टी पलटने वाले हल से गहरी जुताई करनी चाहिए।

बुआई के 3-4 सप्ताह बाद यदि संभव हो, तो पहली सिंचाई कर देनी चाहिए।

पौधावस्था में इस कीट का आक्रमण होने पर क्यूनालफाँस 10 प्रतिशत अथवा मैलाथियान 5 प्रतिशत धुल की 20-25 किलोग्राम मात्रा प्रति हैक्टेयर की दर से भुरकाव करें।

अत्यधिक प्रकोप की अवस्था में मेलाथियान 50 पायस अथवा डाइमिथोएट (रोगोर) 30 पायस सांद्रण की एक लीटर अथवा इमिडाक्लोप्रिड 1708 एस.एल. की 150 मि.ली.मात्रा को 500 लीटर पानी में घोलकर प्रति हैक्टेयर की दर से छिडकाव करें।

फसल का रंग सुनहरा होने पर ही कटाई कर लेनी चाहिए। फसल की जल्द से जल्द मड़ाई कर लेनी चाहिए, जिसमें अधिक हानि न हो व पादप अवशेषों को तुरंत नष्टकर देना चाहिए।

# अधिक लाभ के लिए करें बेबीकॉर्न की खेती



**कृषि क्षेत्र में किसान नई फसलों एवं नई किस्मों की वैज्ञानिक तरीके से खेती कर अधिक मुनाफा कमा सकते हैं। कृषि के क्षेत्र में फसलों का चयन बाजार मांग के आनुसार करना चाहिए, जिससे किसानों को उचित भाव मिल सकें। आज के समय में लोगों के बीच स्वास्थ्य के प्रति बढ़ती जागरूकता के साथ बेबीकॉर्न की खपत में निरंतर वृद्धि हो रही है। इस वजह से इस फसल का बाजार मूल्य भी अधिक है एवं इससे बहुत से उत्पाद बनाए जाते हैं।**

बेबीकॉर्न मक्का की ही एक प्रजाति है, लेकिन इसकी उपयोगिता के आधार पर बेबीकार्न नाम दिया गया है। बाजार में मांग के अनुसार किसानों के बीच खेती की प्रतिस्पर्धा बनी हुई है। पौधे का अनिषेचित भुट्टा होता और रेशमी बाल (सिल्क) निकलने के 2-3 दिनों के अंदर तोड़कर उपयोग में लाया जाता है। यह काफी मुलायम होता है। समय बढने के साथ इसकी गुणवत्ता में गिरावट आती जाती है।

## बेबीकॉर्न से होने वाले लाभ

यह एक स्वादिष्ट व पौष्टिक आहार है, पत्तियों में लिपटा होने के कारण यह कीटनाशक दवाइयों के प्रभाव से मुक्त होता है। इस कारण यह स्वास्थ्य की द्रष्टि से एकदम सुरक्षित है। बेबीकॉर्न का उपयोग सलाद, सूप, सब्जी, अचार एवं कैंडी, पकौड़ा, कोफ्ता, टिक्की, बर्फी, लड्डू, हलवा, खीर इत्यादि के रूप में होता है। बेबीकॉर्न में फास्फोरस भरपूर मात्रा उपलब्ध होता है। इसके लिए अतिरिक्त इसमें कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, कैल्सियम, लौह व विटामिन भी उपलब्ध हैं। कोलेस्ट्रोल रहित होने एवं रेशों की अधिकता के कारण यह एक निम्न कैलोरीयुक्त आहार है। यह ह्रदय रोगियों के लिए काफी लाभदायक है।

## मृदा का चयन एवं खेती की तैयारी

बेबीकॉर्न की खेती के लिए पर्याप्त जीवांशयुक्त दोमट मृदा अच्छी होती है। पहली जुताई मिट्टी पलटने वाले हल से तथा शेष जुताई देसी हल/रोटावेटर या कल्टीवेटर द्वारा करके पाटा लगाकर खेत को तैयारी कर लेना चाहिए। बुआई के समय खेत में पर्याप्त नमी के साथ-साथ खेत पलेवा करके तैयार करना चाहिए।

## बुवाई समय एवं विधि

उत्तर भारत में बेबीकार्न फरवरी से नवंबर के मध्य कभी भी बोया जा सकता है। बुवाई मेड़ों के दक्षिणी भाग में करनी चाहिए तथा मेड़ से मेड़ एवं पौधे से पौधे की दुरी 60 से.मी. म 15 से.मी. रखनी चाहिए। विभिन्न किस्मों के बीजों के आकार के अनुसार प्रति हैक्टेयर 22-25 किलोग्राम बीज दर उपयुक्त होती है।

## उर्वरक प्रबंधन

अच्छी उपज के लिए उर्वरक का सही उपयोग होना चाहिए। फास्फोरस, पोटाश, जिंक सल्फेट एवं 1/3 भाग नाईट्रोजन, बुआई के समय एवं 1/3 भाग बुआई के 25 दिनों बाद तथा शेष 1/3 भाग नाईट्रोजन 40 दिनों बाद डालना चाहिए। फाँस्फोरस, पोटाश, जिंक सल्फेट एवं द भाग नाईट्रोजन बुआई के समय, द भाग नाईट्रोजन बुआई के 25 दिनों के बाद द भाग 60-80 दिनों के उपरांत तथा शेष नाईट्रोजन 80-110 दिनों के बाद देनी चाहिए।

## खरपतवार नियंत्रण

पहली निराई-गुडाई बुआई के 15-20 दिनों बाद तथा दूसरी 30 से 35 दिनों बाद अवश्य करनी चाहिए। इससे जड़ों में हवा का संचार होता है और ये दूर तक फैलकर भोज्य पदार्थ एकत्र करके पौधों को देती हैं। सीमाजीन 105 किलोग्राम प्रति हैक्टेयर को 500-600 लीटर पानी में घोलकर बीज के अंकुरण के पूर्व खेत में छिडकाव करने से खरपतवार नहीं जमते और फसल तेजी से बढती है।

## बेबीकॉर्न की तुड़ाई का सही समय

मक्के की बेबीकार्न की गुल्ली को 3-4 से.मी. सिल्क (जीरा) आने पर तोड़ लेना चाहिए। गुल्ली तुडाई के समय ऊपर की पत्तियों को नहीं हटाना चाहिए। पत्तियों को हटाने से ये जल्दी खराब हो जाती है। रबी में एक दो दिन छोड़कर गुल्ली की तुडाई करनी चाहिए। एकल क्रांस संकर मक्का में 3- 4 तुड़ाई जरुरी है।

## कितनी उपज प्राप्त होगी


इस तरह खेती करने से बेबीकॉर्न की छिलकारहित उपज 15-20 क्विंटल प्रति हैक्टेयर प्राप्त होती है। इसके अलावा 200-250 क्विंटल प्रति हैक्टेयर हरा चारा भी मिल जाता है ।बेबीकार्न का छिलका तुडाई के दिन उतारकर प्लास्टिक की टोकरी, थैली या कंटेनर में रखकर तुरंत मंडी में पहुंचा देना चाहिए।

## बेबी कॉर्न के साथ लगाएं अंतफसल

रबी में बेबीकॉर्न के साथ आलू, मटर, राजमा, मेथी, धनिया, गोभी, शलजम, मूली, गाजर इत्यादि अंतफसल के रूप में ली जाती है। अंतफसल से जो उपज प्राप्त होती है वह अतिरिक्त लाभ होता है।



# स्ट्राबेरी



स्ट्राबेरी एक स्वादिष्ट, लुभाने वाला तथा पौष्टिक फल है। इसमें विटामिन सी तथा लोहा बहुतायत में होते हें।

साधारणत: हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश तथा महाराष्ट्र में पैदा किया जाता है।

किस्में : चान्डलर, गुरिल्ला, टियोगा, सीस्कैप, स्वीटचार्ली, डाना, टोरे, सेल्वा, बेलरूपी, फर्न, पजारो इत्यादि।

नर्सरी तैयार करना - स्ट्राबेरी का प्रवर्धन मुख्य रनर (लता को पकड़ने वाली नोक) द्वारा किया जाता है जाकि कायिक प्रवर्धन का एक भाग है। एक पौधे से 7-10 रनर प्राप्त होते हैं। बड़े स्तर पर प्रवर्धन के लिए सूक्ष्म प्रवर्धन (ऊतक प्रवर्धन) का प्रयोग करते हैं। इस विधि से पूरे वर्ष पौधे प्राप्त करते हैं।

सस्य क्रियाएँ - भूमि को तैयार करना स्ट्रबेरी की खेती के लिए जरूरी होता है। भूमि को जोतकर सममतल बनाते हैं। रनर का रोपक समय सितम्बर-अक्टूबर है। रोपक करते समय यह ध्यान रहे कि रनर स्वस्थ,, कीट एवं बीमारी रहित होने चाहिए। चार तरीके से इसका रोपक करते हैं, जैसे- मैटिड से, स्पेस्ड से, हिल तथा प्लास्टिक फिल्म।

**उर्वरण व खाद** : भिन्न-भिन्न खद एवं उर्वरण की दर अलग-अलग राज्यों के लिए निर्धारित की गई है जिसमें हिमाचल प्रदेश के लिए खाद व उर्वरण को इस प्रकार निर्धारित किया गया है - 50 टन सड़ी हुई गोबर की खाद, 40 कि.ग्रा. फॉस्फोरस, 40 कि.ग्रा. पोटाश को भूमि तैयार करने समय डालते हैं। नत्रजन (80 कि.ग्रा.) को दो भागों में बांटका एक भाग को सितम्बर और दूसरे भाग को फुल आते समय देना चाहिए।

खरपतवार नियंत्रण - खरपतवार नियंत्रण के लिए 3-4 निराई-गुड़ाई की आवश्यकता होती है। ड्यूरान रसायन 5 कि.ग्रा./है. का एक छिड़काव फसल की गुड़ाई के बाद करें।

तुड़ाई एवं उपज - स्ट्राबेरी की तुड़ाई फलों के आधे से तीन चौथाई भाग के रंग बदलने के पश्चात् करते हैकं। फलों का पकना गर्म मौसम में शीघ्र होता है। फल की तुड़ाई डण्ठल सहित सुबह के समय करते हैं। इसकी उपज 90 क्विंटल/है. आंकी गई है। अच्छे उव्ररण प्रबंध द्वारा इसकी उपज 175-200 क्विंटल/है. तक होती है।

## तुड़ाई उपरांत प्रौद्योगिकी

फलों की सतह का 2/3 हिस्सा लाल रंग का होने पर तुड़ाई करे।

छंटाई करके फलो को प्लास्टिक की पन्नेट (200 ग्राम) में पैक करें।

पन्नेट को सिंगल लेयर सीएफबी बॉक्य में रखें।

फलों को शीत गृह मे 4-5 डिग्री से. तापमान व 85-90 प्रतिशत आर्द्रता पर 20-25 दिन के लिए भण्डारित करें।

फलों से जैम, जेली, आईसक्रीम आदि उत्पाद तैयार करें।

कीट प्रकोप एवं प्रबंधन

## 1. लाल मकड़ी माइट

ये लाल रंग के माइट पत्तों की निचली सतह से रस चूसते हैं जिससे पत्तों पर धब्बे बन जाते हैं तथा उनकी वृद्धि रूक जाने से उपज कम हो जाती है।

## 2. थ्रिप्स

थ्रिप्स पौधे के पत्तों व फलों से रस चूसकर हानि पहुँचाते हैं। इनसे फसल के बचाव के लिए एन्डोसल्फान 35 ई.सी. 2 मि.लि./लिटर या कार्बेरिल 50 डब्ल्यू.पी. 2 ग्राम/लिटर या डाइमेथेएट 30 ई.सी. 1 मि.लि./लिटर का छिड़काव करें।

## 3. पत्ती सूत्रकृमि (लीफ नेमाटोड)

यह सूत्रकृमि पौधे के नए फलों को नुसान पहुँचाता है जिससे ये टेढ़े-मेढ़े हो जाते हैं तथा इन पर स्लेटी रंग के धब्बे बन जाते हें। पौधों की वृद्धि पर बुरा प्रभाव पड़ने से ऊपर काफी कम हो जाती है।

## प्रबंधन

1. खेत की मिटटी का निर्जर्मीकरण करें।
2. रोपाई से पहले पौधे को 5 मिनट के लिए इसाजोफॉस 50 ई.सी. के 2 प्रतिशत घोल में डुबोएँ।



# हर किरदार शिद्दत से निभाती हूं, फिल्म के विजन के अनुसार खुद को ढालती हूं

# शीना चौहान

अपकमिंग फिल्म अर्जुनैन अल्लिरानी में 'रानी' का किरदार निभा रहीं अभिनेत्री शीना चौहान ने कहा कि वह हर भूमिका को पूरी ईमानदारी और गहराई के साथ निभाने में विश्वास रखती हैं। उनके अनुसार, जब भी वह किसी प्रोजेक्ट को हां कहती हैं, तो वह पूरी तरह से उस किरदार की दुनिया में खुद को ढाल लेती हैं। शीना चौहान ने बताया कि वह खुद को निर्देशक के विजन के अनुसार ढालती हैं और एक कलाकार के तौर पर खुद को खाली पन्ने की तरह मानती हैं, जिस पर निर्देशक अपनी कल्पना के अनुसार काम कर सके। उन्होंने कहा कि अभिनय के दौरान वह हर किरदार की भावनात्मक गहराई को समझने की कोशिश करती हैं ताकि दर्शक उससे जुड़ाव महसूस कर सकें। फिल्म के लिए तैयारी के दौरान शीना इन दिनों स्टिक-फाइटिंग की स्पेशल ट्रेनिंग ले रही हैं। इसके साथ ही वह ग्रामीण तमिल संस्कृति, लोक कथाओं, भाषा और बोलियों को भी समझने पर ध्यान दे रही हैं ताकि अपने किरदार को अधिक वास्तविकता के साथ पेश कर सकें। वह अपनी तमिल भाषा पर भी लगातार काम कर रही हैं।

उन्होंने कहा कि किसी भी किरदार में ढलने के लिए वह पूरी तरह उस माहौल में डूब जाती हैं। उनके अनुसार, अभिनय सिर्फ संवाद बोलने का काम नहीं है, बल्कि किरदार की सोच और भावनाओं को जीने की प्रक्रिया है। इसी वजह से वह शूटिंग के दौरान कई बार सोशल मीडिया से दूरी बना लेती हैं ताकि उनका पूरा ध्यान किरदार पर केंद्रित रहे। शीना चौहान ने यह भी बताया कि उनके लिए हर फिल्म एक सामूहिक दृष्टि का हिस्सा होती है, जिसमें कलाकार की जिम्मेदारी होती है कि वह निर्देशक के विजन का सम्मान करते हुए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दे।

उन्होंने बताया कि इससे पहले भी वह कई भूमिकाओं के लिए गहरे तरीके से तैयारी कर चुकी हैं। फिल्म संत तुकाराम में अपने किरदार के लि ए



उ न्हों ने ग्रामीण महिलाओं के जीवन को करीब से देखा था। वहीं, द ट्रायल में काम करते समय उन्होंने चर्च के वातावरण और वहां के लोगों के व्यवहार को समझने के लिए समय बिताया था। इसके अलावा, पुलिस अधिकारी के किरदार के लिए उन्होंने एक महिला पुलिसकर्मी के कामकाज और अनुशासन को भी नजदीक से देखा था।



अभिनय के दौरान वह हर किरदार की भावनात्मक गहराई को समझने की कोशिश करती हैं ताकि दर्शक उससे जुड़ाव महसूस कर सकें। फिल्म के लिए तैयारी के दौरान शीना इन दिनों स्टिक-फाइटिंग की स्पेशल ट्रेनिंग ले रही हैं।

# कॉकटेल 2 का नया गाना वल्लाह आउट, शाहिद-कृति और रश्मिका की मस्ती ने जीता फैंस का दिल

कॉकटेल 2 को लेकर फैंस बेहद एक्साइटेड हैं. जब से फिल्म का ट्रेलर रिलीज हुआ है, तब से ही फैंस इसकी रिलीज का इंतजार कर रहे हैं. दूसरी ओर शाहिद कपूर, कृति सेनन और रश्मिका मंदाना की इस फिल्म के गानों ने सोशल मीडिया पर तहलका मचाया हुआ है. वहीं, अब इस लिस्ट में एक और नया गाना वल्लाह जुड़ गया है. कॉकटेल 2 के मेकर्स ने फिल्म का नया गाना वल्लाह रिलीज कर दिया है. गाने में शाहिद कपूर, कृति सेनन और रश्मिका मंदाना की जोड़ी स्क्रीन जबरदस्त एनर्जी के साथ नजर आ रही है. तीनों सितारों का डांस, मस्ती और एक्सप्रेशन गाने को और भी दिलचस्प बना रहे हैं. बता दें ये पहली बार है जब तीनों एक साथ बड़े पर्दे पर नजर आने वाले हैं.



इस गाने को बयानी और हार्डी संधू ने ने अपनी आवाज दी है, जो सीधे दिल तक पहुंचती है. वहीं म्यूजिक प्रीतम चक्रवर्ती ने दिया है और इसके बोल अमिताभ भट्टाचार्य ने लिखे हैं. इस गाने में रोनी अजनाली और गिल मछराय ने पंजाबी टच दिया है. मैडॉक फिल्म्स और लव फिल्म्स की कॉकटेल 2 के इस नए गाने में दोस्ती, प्यार, कन्फ्यूजन, मैड जजमेंट, यादगार पल और दिल का पूरा इमोशनल देखने को मिल रहा है. गाने के बिट्स ऐसे हैं कि सुनकर ही आपके पैर डांस फ्लोर पर थिरकने लगेंगे. कॉकटेल 2 के नए गाने वल्लाह फुल ऑन एनर्जी, इमोशन और ऐसा म्यूजिक जो सीधे दिल-दिमाग में घुस जाता है. ये गाना रिलेशनशिप के हर रंग को सेलिब्रेट करता है. ये उन दोस्तों की कहानी है जो फैमिली बन जाते हैं, उन लोगों की जो जिंदगी बदल देते हैं और उस प्यार की जो सब कुछ उलझा देता है. कॉकटेल 2 की दुनिया की वही यंग, बेफिक्र और फुल-ऑन जिंदगी वाली वाइब इस गाने में पूरी तरह झलकती है. वल्लाह गाना रोड ट्रिप, बीच वेकेशन, लेट नाइट ड्राइव और अपने लोगों के साथ खड़ी हर यादगार पल का परफेक्ट बैकग्राउंड म्यूजिक बन सकता है। कॉकटेल 2 का क्रेज लोगों के बीच पहले से ही पीक पर है . फिल्म का ट्रेलर हर प्लेटफॉर्म पर ट्रेंड कर रहा है, गाने स्पॉटिफाई और यूट्यूब पर छाए हुए हैं, और मशूका गाना तो बिल्कुल चार्टबस्टर बन चुका है. वहीं, कॉकटेल 2 इस साल के सबसे ज्यादा चर्चा में रहने वाले सिनेमैटिक इवेंट्स में से एक बन चुकी है. ऐसे में फिल्म रिलीज से पहले मेकर्स म्यूजिक फेस्टिवल कर रहे हैं, जो मुंबई, नई दिल्ली और पुणे में होगा. कॉकटेल 2 होमी अदजानिया के डायरेक्शन में बनी है. इस फिल्म को दिनेश विजन, लव रंजन और अंकुर गर्ग के प्रोडक्शन में तैयार किया गया है. वहीं, इसकी कहानी तरुण जैन और लव रंजन ने लिखी है. फिल्म रिलीज की बात करे तो दर्शक इसे 19 जून से सिनेमाघरों में देख सकेंगे. इस फिल्म में शाहिद, कृति और रश्मिका मंदाना के अलावा संजय दत्त भी नजर आने वाले हैं.

# सोशल मीडिया के दबाव पर छलका कृति खरबंदा का दर्द, बोलीं- खुद को बेहतर दिखाने की होड़ में फंसे युवा



अभिनेत्री कृति खरबंदा ने सोशल मीडिया के कारण युवाओं पर बढ़ रहे मानसिक और भावनात्मक दबाव को लेकर चिंता जाहिर की। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक नोट शेयर करते हुए बताया कि हाल ही में एक कार्यक्रम के दौरान उनकी मुलाकात कुछ ऐसे युवाओं से हुई, जो इस डिजिटल दुनिया के दबाव में बुरी तरह फंसे हुए हैं। अभिनेत्री ने लिखा, आज मैं कुछ लोगों से मिली। वे सभी भावनात्मक, शारीरिक और मानसिक रूप से बुरी तरह थके हुए थे।

काम बहुत मुश्किल और अनिश्चित भरा था। वे सभी सोशल मीडिया पर मौजूद रहने और उसे बनाए रखने के दबाव के बारे में शिकायत कर रहे थे। उन सभी लोगों के मन में बड़े-बड़े सपने हैं और उन्हें पूरा करने का जज्बा भी, लेकिन सोशल मीडिया इसमें रुकावट बनता रहता है। इस बीच, मैंने एक बात महसूस की कि उन सभी में एक बात समान थी कि वे इंटरनेट पर लगातार एक्टिव रहने और खुद को बेहतर दिखाने की होड़ में फंसे हुए थे। अभिनेत्री ने आगे लिखा, युवा लगातार दूसरों से अपनी तुलना कर रहे हैं। वे न चाहते हुए भी बस कुछ न कुछ पोस्ट करने के दबाव में जी रहे हैं। इनमें से कई लोग अपनी निजी जिंदगी को सोशल मीडिया से दूर रखना चाहते थे, लेकिन उन्हें डर था कि ऐसा करने से वे दूसरों की नजरों से कम आकर्षक लगने लगेंगे। इस बात पर दुख जताते हुए कृति ने लिखा, यह देखकर मेरा दिल बैठ गया। काश लोग समझ पाते कि सोशल मीडिया जिंदगी का सिर्फ एक छोटा सा हिस्सा है, पूरी जिंदगी नहीं। अगर सोशल मीडिया न भी हो, तब भी एक खूबसूरत और सुकूनभरी जिंदगी जी जा सकती है। कृति ने युवाओं से अपनी मानसिक शांति बनाए रखने की अपील की। उन्होंने लिखा, हमें अपनी निजी बातें शेयर न करने और लोगों को अपनी जिंदगी में शामिल न करने को पूरी तरह नॉर्मल मानना चाहिए। किसी भी इंसान की कीमत उसके सोशल मीडिया एकाउंट से तय नहीं होनी चाहिए। मुझे पता है कि यह शायद शिकायत जैसा लग रहा है, लेकिन मुझे पूरा यकीन है कि बहुत से लोग ऐसा ही सोच रहे हैं।

# संजय कपूर-शहीर शेख की सीरीज अब होगा हिसाब का ट्रेलर जारी, आई रिलीज तारीख




संजय कपूर, शहीर शेख और मौनी रॉय की वेब सीरीज अब होगा हिसाब काफी समय से चर्चा में थी। अब इस रिवेंज थ्रिलर का आधिकारिक ट्रेलर जारी हो गया है। साथ में रिलीज तारीख भी आ गई है। सीरीज का निर्देशन दिव्यांशु मल्होत्रा ने किया है, जो रहस्य, विश्वासघात और बदले से भरपूर एक रोमांचक कहानी दिखाने का वादा करती है। अविनाश मिश्रा भी अहम किरदार में दिखेंगे। उनके अलावा निमरित कौर अहलूवालिया और हरमन सिंघा भी हैं। कहानी पंजाब की पृष्ठभूमि पर आधारित, 2 भाइयों बॉबी और बंटी मनोचा पर केंद्रित है। शहीर ने एनआरआई बॉबी का किरदार निभाया है, जिसे हाल ही में विदेश से डिपोर्ट कर दिया गया है। कहानी में मोड़ तब आता है, जब उसका छोटा भाई बंटी अचानक रहस्यमयी परिस्थितियों में गायब हो जाता है।

यह सीरीज भाईचारे, अपहरण, धोखे और मानव तस्करी के काले कारोबार के इर्द-गिर्द घूमेगी। इसका प्रीमियर 18 जून से एमएक्स प्लेयर पर फ्री में किया जाएगा।

# हैंड ब्लेंडर से आप झटपट बना सकते हैं ये व्यंजन, स्वाद में होते हैं लाजवाब



हैंड ब्लेंडर एक ऐसा रसोई उपकरण है, जो आपके खाना पकाने के अनुभव को काफी आसान और मजेदार बना सकता है। यह उपकरण खासतौर पर उन लोगों के लिए फायदेमंद है, जो कम समय में स्वादिष्ट और पौष्टिक व्यंजन बनाना चाहते हैं। आइए आज हम आपको ऐसे व्यंजनों की रेसिपी बताते हैं, जिन्हें आप आसानी से हैंड ब्लेंडर से बना सकते हैं। ये जल्दी बन जाते हैं और सभी को पसंद भी आते हैं।

### आम रस

गर्मी के साथ-साथ आम का सीजन भी चल रहा है। इस दौरान आप लजीज आम रस का स्वाद चख सकते हैं, जो हैंड ब्लेंडर से आसानी से बन जाएगा। इसे बनाने के लिए पहले ताजा आम की गुठली अलग करें और उन्हें हैंड ब्लेंडर से पीस लें। अब इस मलाईदार मिश्रण में इलायची पाउडर, चीनी, पानी और अन्य मसाले डालकर इसे परोसें। इसे आप पूड़ी के साथ खा सकते हैं या ऐसे ही पी सकते हैं।

### पालक की चटनी

पालक की चटनी एक सेहतमंद और स्वादिष्ट चटनी है, जिसे आप चावल या रोटी के साथ खा सकते हैं। इसके लिए आपको ताजा पालक की पत्तियों, हरी मिर्च, अदरक, लहसुन, नमक और नींबू का रस चाहिए होंगी। सभी सामग्रियों को अपने हैंड ब्लेंडर में डालकर अच्छी तरह मिलाएं, जब तक कि यह एकदम चिकना न हो जाए। यह चटनी खाने का स्वाद बढ़ाएगी और सेहत के लिए भी फायदेमंद होगी।

### आम का पन्ना

गर्मियों में आम का पन्ना एक बेहतरीन पेय है, जो आपको तरोताजा रखता है। इसके लिए कच्चे आम को उबालकर उसका गूदा निकाल लें। फिर इसमें पुदीना, काला नमक, जीरा पाउडर और चीनी डालकर हैंड ब्लेंडर से मिलाएं, जब तक कि यह एकदम चिकना न हो जाए। इसे ठंडा करके परोसें और बर्फ डालकर इसके स्वाद को और बढ़ा दें। यह पेय न केवल स्वादिष्ट है, बल्कि आपको गर्मी से भी राहत दे सकता है।

### मूंगफली की चटनी

मूंगफली की चटनी दक्षिण भारत के व्यंजनों में बहुत लोकप्रिय है। इसे बनाने के लिए भुनी हुई मूंगफली, नारियल, हरी मिर्च, अदरक और नमक चाहिए। सभी सामग्री को हैंड ब्लेंडर में डालकर अच्छी तरह मिलाएं, जब तक कि यह एकदम चिकना न हो जाए। यह चटनी इडली, डोसा या किसी भी स्नैक के साथ बहुत अच्छी लगती है। इसका अनोखा स्वाद आपके खाने का मजा बढ़ा देगा और हर व्यंजन के साथ अच्छा लगेगा।

# बर्तन धोने के लिए स्टील, प्लास्टिक या स्पंज वाला स्क्रबर?

बर्तन धोने के लिए स्क्रबर का इस्तेमाल करना आम है, लेकिन सही स्क्रबर का चयन करना जरूरी है। बाजार में स्टील, प्लास्टिक और स्पंज स्क्रबर जैसे कई विकल्प उपलब्ध हैं। इन तीनों के अपने-अपने फायदे और नुकसान हैं। इस लेख में हम इन तीनों स्क्रबर के बारे में विस्तार से जानेंगे, ताकि आप अपने बर्तनों को सही तरीके से धो सकें और उन्हें लंबे समय तक सुरक्षित रख सकें। आइए जानते हैं किसका चयन सबसे सही है।

### कब करना चाहिए स्टील स्क्रबर का इस्तेमाल?

स्टील स्क्रबर उन बर्तनों के लिए सबसे अच्छा होता है, जिनमें जिद्दी चिपचिपे दाग लग जाते हैं। यह स्क्रबर आसानी से इन दागों को हटाता है और आपके बर्तनों को चमकदार बनाता है। हालांकि, इसका उपयोग कांच या नॉन-स्टिक बर्तनों पर न करें, क्योंकि इससे खरोंच आ सकती है। स्टील स्क्रबर का चयन करते समय उसकी मोटाई पर ध्यान दें, ताकि वह लंबे समय तक टिक सके और आपके बर्तनों को सुरक्षित रख सके।

### प्लास्टिक स्क्रबर के फायदे और नुकसान

प्लास्टिक स्क्रबर हल्के होते हैं और इन्हें इस्तेमाल करना आसान होता है। ये स्क्रबर छोटे-छोटे कोनों



तक पहुंच सकते हैं और बर्तनों को अच्छे से साफ कर सकते हैं। हालांकि, प्लास्टिक स्क्रबर जल्दी गंदे हो जाते हैं और इन्हें बार-बार बदलना पड़ता है। प्लास्टिक स्क्रबर का चयन करते समय उसकी गुणवत्ता पर ध्यान दें, ताकि वह लंबे समय तक टिक सके और आपके बर्तनों को अच्छी तरह साफ कर सके।

### कब चुनना चाहिए स्पंज स्क्रबर?

स्पंज स्क्रबर नरम होते हैं और इन्हें इस्तेमाल करना बहुत आरामदायक होता है। ये स्क्रबर न केवल बर्तनों को साफ करते हैं, बल्कि उनमें खरोंच भी नहीं लगने देते। स्पंज स्क्रबर का चयन करते समय उसकी मोटाई पर ध्यान दें, ताकि वह लंबे समय तक टिक सके और आपके बर्तनों को अच्छी तरह से साफ कर सके। स्पंज स्क्रबर का उपयोग कांच और नॉन-स्टिक बर्तनों पर किया जा सकता है।

### बर्तनों को धोने का सही तरीका

बर्तन धोते समय सबसे पहले गर्म पानी का इस्तेमाल करें, क्योंकि यह चिकनाई और गंदगी को आसानी से हटाता है।

इसके बाद साबुन या बर्तन धोने वाले तरल का उपयोग करें और फिर स्क्रबर का चयन करें, जो आपके बर्तनों के प्रकार के अनुसार हो। अंत में साफ पानी से धोकर बर्तनों को सूखने दें। इस प्रक्रिया से न केवल आपके बर्तन साफ रहेंगे, बल्कि लंबे समय तक टिकाऊ भी रहेंगे।

### कौन-सा स्क्रबर है ज्यादा टिकाऊ?

तीनों प्रकार के स्क्रबर अपनी-अपनी जगह पर उपयोगी होते हैं, लेकिन स्टील स्क्रबर सबसे ज्यादा टिकाऊ होता है। हालांकि, इसका उपयोग कांच या नॉन-स्टिक बर्तनों पर न करें, क्योंकि इससे खरोंच आ सकती है। प्लास्टिक और स्पंज स्क्रबर, दोनों ही हल्के होते हैं और छोटे-छोटे कोनों तक पहुंच सकते हैं। हालांकि, प्लास्टिक स्क्रबर जल्दी गंदे हो जाते हैं, जबकि स्पंज स्क्रबर अधिक आरामदायक होते हैं। सही स्क्रबर का चयन आपके बर्तनों को लंबे समय तक सुरक्षित रख सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### पद्म पुरस्कार 2027 के लिए नामांकन शुरू, 31 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन का अवसर



Padma Vibhushan Padma Bhushan Padma Shri

**रायपुर।** देश के प्रतिष्ठित नागरिक सम्मानों में शामिल पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। भारत सरकार के गृह मंत्रालय ने वर्ष 2027 के लिए पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्मश्री पुरस्कारों के लिए योग्य व्यक्तियों के नामांकन आमंत्रित किए हैं। इच्छुक व्यक्ति और संस्थाएं 31 जुलाई 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

जानकारी के अनुसार, पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन केवल ऑनलाइन माध्यम से स्वीकार किए जाएंगे। इसके लिए उम्मीदवारों के नाम राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल के माध्यम से प्रस्तावित किए जा सकते हैं। केंद्र सरकार ने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित करने के उद्देश्य से यह प्रक्रिया शुरू की है।

छत्तीसगढ़ शासन के सामान्य प्रशासन विभाग ने भी सभी विभागों, संस्थाओं और नागरिकों से ऐसे प्रतिभाशाली व्यक्तियों के नाम भेजने की अपील की है, जिन्होंने कला, साहित्य, शिक्षा, चिकित्सा, विज्ञान, सामाजिक सेवा, खेल, लोक प्रशासन अथवा अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य किया हो। अधिकारियों के अनुसार, नामांकन प्रस्ताव भारत सरकार द्वारा निर्धारित पात्रता और मानदंडों के अनुरूप तैयार कर निर्धारित समय सीमा के भीतर जमा करना अनिवार्य होगा। सभी आवेदन और नामांकन ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे। पद्म पुरस्कार देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में गिने जाते हैं। ये सम्मान विभिन्न क्षेत्रों में असाधारण और प्रेरणादायक योगदान देने वाले व्यक्तियों को प्रदान किए जाते हैं। इच्छुक आवेदक और संस्थाएं विस्तृत दिशा-निर्देश तथा आवेदन प्रक्रिया की जानकारी राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल से प्राप्त कर सकते हैं।

आवेदन के लिए महत्वपूर्ण जानकारीः ुरस्कार श्रेणियां- पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्मश्री, नामांकन की अंतिम तिथि- 31 जुलाई 2026 आवेदन प्रक्रिया- पूर्णतः ऑनलाइन, आवेदन पोर्टल- राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल https://awards.gov.in/ पात्रता- विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट एवं उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्ति पद्म पुरस्कारों के लिए समय रहते योग्य व्यक्तियों के नामांकन भेजने की अपील की गई है, ताकि समाज और देश के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया जा सके।

### लालपुर एमएमआई हॉस्पिटल के सामने नाले पर निर्मित 10 अवैध पाटों को तोड़ा गया

**रायपुर।** आज नगर पालिक निगम रायपुर के जोन क्रमांक 10 अंतर्गत रविंद्रनाथ टैगोर वार्ड क्रमांक 55 अंतर्गत लालपुर में एमएमआई हॉस्पिटल के सामने नाले पर निर्मित बड़े आकार के लगभग 10 अवैध पाटों को थ्री डी मशीन की सहायता से तोड़कर नाला सफाई की बाधा दूर करने की कार्यवाही नगर निगम जोन 10 जोन कमिश्नर मोनेश्वर शर्मा के निर्देश पर जोन स्वास्थ्य अधिकारी अमित बेहरा की उपस्थिति में नगर निगम जोन 10 स्वास्थ्य विभाग द्वारा की गयी।

## मेडिकल कॉलेज पर रोक की खबर के बाद स्वास्थ्य मंत्री का पलटवार

# कांग्रेस ज्यादा खुश ना हो ...मैच अभी बाकी है

### खाद,बीज और डीजल की मांग को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन, आंदोलन तेज करने की चेतावनी, खड़गवां में कांग्रेस का चक्काजाम,किसानों की समस्याओं को लेकर सरकार को घेरा



लोकमाया न्यूज।

**एमसीबी, मनेंद्रगढ़,।** नेशनल मेडिकल कमिशन (ह्रस्ष्ट) द्वारा छत्तीसगढ़ के पांच नए मेडिकल कॉलेजों की मान्यता प्रक्रिया पर रोक लगाए जाने की खबर के बाद एमसीबी कलेक्ट्रेड में मीडिया के सामने कांग्रेस पर तीखी प्रतिक्रिया दी। श्री जायसवाल ने कहा कि कांग्रेस को ज्यादा खुश होने की जरूरत नहीं है, क्योंकि मैच अभी बाकी है और राज्य सरकार अपील के जरिए सभी कॉलेजों को मान्यता दिलाने के लिए पूरी ताकत से प्रयास करेगी।स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने स्पष्ट किया कि दंतेवाड़ा, कवर्धा, कुनकुरी, जांजगीर-चांपा और मनेंद्रगढ़ मेडिकल कॉलेजों का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। सरकार ने इसी शिक्षा सत्र से पढ़ाई शुरू कराने के उद्देश्य से एनएमसी के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया था। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेजों के लिए निर्धारित लगभग 99 प्रतिशत मानकों और दिशानिर्देशों का पालन किया जा चुका है तथा शेष कमियों को भी तेजी से पूरा किया जा रहा है।

मंत्री ने कहा कि एनएमसी के निर्णय के खिलाफ अपील करने के लिए निर्धारित समय उपलब्ध है और राज्य सरकार जल्द ही अपील दायर करेगी। उन्हें विश्वास है कि सभी आवश्यक मापदंड पूरे होने के बाद इन कॉलेजों को मान्यता मिल जाएगी और इसी सत्र से छात्रों का प्रवेश भी शुरू हो सकेगा।

कांग्रेस द्वारा सरकार को घेरने के प्रयासों पर जवाब देते हुए जायसवाल ने कहा कि विपक्ष को पहले अपने कार्यकाल का आकलन करना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार अपने पांच वर्षों के कार्यकाल में एक भी नया मेडिकल कॉलेज शुरू नहीं कर सकी, जबकि वर्तमान सरकार एक साथ पांच मेडिकल कॉलेज शुरू करने की दिशा में काम कर रही है।

पूर्व स्वास्थ्य मंत्री टी.एस. सिंहदेव पर निशाना साधते हुए जायसवाल ने कहा कि दूसरों पर सवाल उठाने से पहले कांग्रेस नेताओं को अपने कार्यकाल की उपलब्धियों पर नजर डालनी चाहिए। उन्होंने दावा किया कि भाजपा सरकार स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने के लिए लगातार निवेश कर रही है और दूरस्थ क्षेत्रों तक बेहतर चिकित्सा सुविधाएं पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

दवाओं में कमीशनखोरी और भ्रष्टाचार के कांग्रेस के आरोपों को खारिज करते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि यह कांग्रेस की पुरानी सोच का प्रतिबिंब है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने पूर्ववर्ती शासनकाल से जुड़े कथित वित्तीय अनियमितताओं की जांच एजेंसियों को सौंपी है और संदिग्ध भुगतानों पर रोक लगाने जैसी कार्रवाई भी की है।

जायसवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। मेडिकल कॉलेजों के लिए शिक्षकों की नियुक्तियां की जा चुकी हैं तथा अन्य आवश्यक स्टाफ की भर्ती प्रक्रिया जारी है। सरकार का लक्ष्य सभी मापदंडों को पूरा कर प्रदेश के पांचों नए मेडिकल कॉलेजों को जल्द शुरू करना है।

उन्होंने दोहराया कि एनएमसी की आपत्तियां प्रक्रिया का हिस्सा हैं और राज्य सरकार उनका समाधान कर मान्यता प्राप्त करने के लिए पूरी तरह आश्वस्त है। अभी मैच खत्म नहीं हुआ है, हम पूरी तैयारी के साथ मैदान में हैं और मेडिकल कॉलेज शुरू होकर रहेंगे, मंत्री ने कहा।

## सीएम की तारीफ का बड़ा असर रायपुर से जीपीएम पहुंचे ग्राहक, खरीदा 50 किलो विष्णु भोग चावल



लोकमाया न्यूज।

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय द्वारा छत्तीसगढ़ के स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के प्रयासों का असर अब जमीनी स्तर पर दिखने लगा है। सुशासन तिहार के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले के पारंपरिक विष्णु भोग चावल की तारीफ किए जाने के बाद इसकी लोकप्रियता तेजी से बढ़ रही है। हालत यह है कि अब जिले के बाहर से भी लोग इस विशेष सुगंधित चावल को खरीदने के लिए उत्पादकों तक सीधे पहुंच रहे हैं।

सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो बना जरिया

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने मरवाही विकासखंड की ग्राम पंचायत निमधा में आयोजित जनचौपाल के दौरान स्थानीय किसानों और महिला समूहों द्वारा उपजाए गए विष्णु भोग चावल की विशेष सराहना की थी। मुख्यमंत्री के इस संबोधन का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ। इसी वीडियो को देखकर रायपुर निवासी अजय कुमार इस पारंपरिक चावल की विशेषताओं और गुणवत्ता से इतने प्रभावित हुए कि वे अपने साथियों के साथ सीधे गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले पहुंच गए।

जिले में पहुंचे इन ग्राहकों ने कलेक्टर डॉ. संतोष कुमार देवांगन की विशेष उपस्थिति में तिपान महिला फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड से सीधे 50 किलोग्राम विष्णु भोग चावल की खरीदी की। इस खरीदी की कुल कीमत 7 हजार रुपये रही। रायपुर से आए ग्राहकों ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा उत्पाद की तारीफ किए जाने के बाद ही उनकी रुचि इस चावल के प्रति जगी थी और वे खुद इसकी सुगंध और स्वाद का अनुभव करना चाहते थे। उन्होंने भविष्य में भी इस चावल की खरीदी जारी रखने की बात कही।

## रायपुर की शराब दुकानों में ब्रांड का अकाल ग्राहकों को नहीं मिल रही पसंदीदा बोतलें

लोकमाया न्यूज।

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के सरकारी विदेशी शराब दुकानों में इन दिनों कई लोकप्रिय ब्रांडों की अनुपलब्धता शराब उपभोक्ताओं के लिए परेशानी का कारण बन गई है। शहर के विभिन्न इलाकों में संचालित दुकानों पर ग्राहकों को उनकी पसंद के ब्रांड नहीं मिल पा रहे हैं, जिससे लगातार शिकायतें सामने आ रही हैं।जानकारी के अनुसार, पिछले कुछ सप्ताह से कई चर्चित विदेशी शराब ब्रांडों के क्वार्टर और कुछ मामलों में बड़ी बोतलों की आपूर्ति प्रभावित हुई है। दुकानों में कार्यरत कर्मचारियों का कहना है कि मांग के बावजूद पर्याप्त स्टॉक नहीं पहुंच रहा है, जिसके कारण ग्राहकों को वैकल्पिक ब्रांड खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

आबकारी विभाग से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, कुछ शराब निर्माता कंपनियां कांच की छोटी बोतलों की जगह प्लास्टिक पैकेजिंग में उत्पाद उपलब्ध कराने की तैयारी कर रही हैं। इसके लिए उत्पादन इकाइयों में नई मशीनें स्थापित की जा रही हैं। इसी बदलाव के चलते कई ब्रांडों की आपूर्ति प्रभावित हुई है और बाजार में उनकी उपलब्धता कम हो गई है। अधिकारियों का कहना है कि वर्तमान में जिन क्वार्टर बोतलों की बिक्री हो रही है, उनमें अधिकांश पुराना स्टॉक शामिल है। नई खेप आने में समय लगने के कारण दुकानों पर मांग और उपलब्धता के बीच अंतर बना हुआ है। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि शराब आपूर्ति करने वाली कंपनियों को मांग के अनुरूप स्टॉक उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

## गृहमंत्री विजय शर्मा से मिले शौर्य चक्र से सम्मानित इंस्पेक्टर लक्ष्मण केवट



लोकमाया न्यूज।

**रायपुर।** शौर्य चक्र से सम्मानित इंस्पेक्टर लक्ष्मण केवट, इंस्पेक्टर रामेश्वर प्रसाद और राइफलमैन भोजराम साहू गृहमंत्री विजय शर्मा से मिले। एक्स पोस्ट कर गृहमंत्री विजय शर्मा ने बताया, शौर्य चक्र से सम्मानित होने वाले हमारे छत्तीसगढ़ के गौरव इंस्पेक्टर लक्ष्मण केवट , इंस्पेक्टर रामेश्वर प्रसाद देशमुख एवं राइफलमैन भोजराम साहू (असम राइफल्स) के परिजनों से आज निवास में आत्मीय भेंट हुई। इस दौरान उनके साथ स्वल्पाहार कर स्नेहपूर्ण संवाद किया।

## गंदगी फैलाने पर इंडियन बिरयानी और फिरोज बिरयानी पर जुर्मा

**रायपुर।** नगर पालिक निगम के जोन 5 स्वास्थ्य विभाग में प्राप्त गन्दगी फैलाये जाने से सम्बंधित जनशिकायत को तत्काल संज्ञान में लेते हुए रायपुर नगर पालिक निगम आयुक्त संबित मिश्रा द्वारा दिए गए निर्देशानुसार नगर पालिक निगम रायपुर की स्वास्थ्य अधिकारी डॉ तृप्ति पाणीग्रही और नगर निगम जोन 5 जोन कमिश्नर खीरसागर नायक के मार्गनिर्देशन में नगर निगम जोन 5 स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा नगर निगम जोन 5 क्षेत्र के अंतर्गत जी ई मार्ग में स्वामी विवेकानंद आश्रम चौक के समीप मुख्य बाजार क्षेत्र में दुकानों की स्वच्छता व्यवस्था का औचक निरीक्षण करने पर गंदगी फैलाये पाए जाने और स्थल पर प्राप्त जनशिकायत सही पाए जाने पर इंडियन बिरयानी और फिरोज बिरयानी दुकान के सम्बंधित संचालकों को भविष्य के लिए कड़ी चेतावनी देते हुए 500-500 रूपये का ई जुर्माना किया।

## वादा 'विश्वगुरु' बनाने का, लेकिन देश को मिला पेपर लीक और बेतहाशा महंगाई : बैज

लोकमाया न्यूज।



**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने केंद्र में बीजेपी के नेतृत्व वाली सरकार के 12 साल पूरे होने के मौके पर आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने भारत को विश्वगुरु बनाने का वादा किया था, लेकिन 12 वर्षों में देश आर्थिक बदहाली, महंगाई, बेरोजगारी, पेपर लीक और सामाजिक विभाजन जैसी चुनौतियों से घिर गया। जनता के जीवन में बदलाव के सिर्फ प्रचार किया जा रहा है, जबकि लोगों के जीवन में कोई सार्थक बदलाव नहीं आया।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने केंद्र सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि भारत को विश्वगुरु बनाने का वादा किया गया था, लेकिन आज हकीकत सामने है और साफ दिख रहा है कि क्या हालात हैं और दुनिया के एक हिस्से में चल रहे युद्ध का भारत पर कितना असर पड़ रहा है। उन्होंने दावा किया, भारत खाद उत्पादन में आत्मनिर्भर होने वाला है, लेकिन सच्चाई यह है कि एलएनजी का उत्पादन 25 प्रतिशत कम हो गया है और यूरिया का उत्पादन काफी हद तक घट गया है।प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने आरोप लगाया कि पिछले 12 वर्षों में वादों के साथ-साथ बड़ी घोषणाएं, बड़े-बड़े बयान और सुर्खियां भी जुड़ी हैं, लेकिन वास्तविकता यह है कि लोगों के जीवन में सार्थक बदलाव नहीं आया। कहा गया था कि लोगों को महंगाई से राहत मिलेगी, लेकिन सच्चाई यह है कि 2014 से अब तक एलपीजी का दाम 123 प्रतिशत बढ़ा है। पेट्रोल का दाम 44 प्रतिशत और डीजल का 73 प्रतिशत बढ़ा है। दूध के दाम में 71 प्रतिशत और दाल की कीमत 84 प्रतिशत बढ़ी है।

## साय के टेलीफोन और एक कॉल में जनता के दुःख-दर्द दूर

लोकमाया न्यूज।

साय के टेलीफोन और एक कॉल में जनता के दुःख-दर्द दूररायपुर। प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय द्वारा सीएम हेल्पलाइन 1076 को लेकर बड़ा कदम उठाया गया है। राज्य सरकार ने आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए इस हेल्पलाइन सेवा को 24म7 संचालित करने की तैयारी की है। टोल-फ्री नंबर 1076 के माध्यम से लोग अपनी शिकायतें सीधे दर्ज करा सकेंगे और समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शिकायतों के पंजीयन, निगरानी और निपटारे की प्रक्रिया को देखा तथा अधिकारियों को पारदर्शी और तेज समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने हेल्पलाइन पर आई कॉल को स्वयं रिसीव कर एक नागरिक की समस्या भी सुनी। सरकारी अधिकारियों के अनुसार यह प्रणाली सभी विभागों को जोड़कर शिकायतों के समाधान को और प्रभावी बनाएगी। मुख्यमंत्री ने इसे सुशासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया, जिससे प्रशासन और जनता के बीच संवाद मजबूत होगा।सरकार की इस नई प्रणाली में हर शिकायत को एक यूनिक आईडी दी जाएगी, जिससे उसकी ट्रैकिंग और मॉनिटरिंग आसानी से की जा सकेगी। इससे शिकायतों के समयबद्ध और प्रभावी समाधान को सुनिश्चित किया जाएगा। नई व्यवस्था में यह भी प्रावधान किया गया है कि यदि किसी नागरिक को दिए गए समाधान से संतुष्टि नहीं होती है, तो वह अपनी शिकायत की पुनः समीक्षा की मांग कर सकता है। इससे सिस्टम में जवाबदेही और पारदर्शिता और मजबूत होगी। इसके साथ ही नागरिक अब राज्य के विकास से जुड़े सुझाव भी सीधे सरकार तक पहुंचा सकेंगे।सरकार का उद्देश्य जनता की भागीदारी को बढ़ाना और नीतिगत निर्णयों में जनमत को शामिल करना बताया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सुशासन का मूल उद्देश्य जनसमस्याओं का संवेदनशील, पारदर्शी और समयबद्ध समाधान करना है। इसी दिशा में CM Helpline – 1076 एक महत्वपूर्ण कदम है, जो शासन और जनता के बीच विश्वास को और मजबूत करेगी। अधिकारियों के अनुसार यह प्रणाली जनसेवा को अधिक सुलभ, जवाबदेह और प्रभावी बनाने में मदद करेगी। इससे विभिन्न विभागों की कार्यप्रणाली पर भी बेहतर निगरानी संभव हो सकेगी।




## प्रॉपर्टी टैक्स वसूली में रायपुर निगम का रिकॉर्ड प्रदर्शन

# एक दिन में 1 करोड़ से ज्यादा राजस्व प्राप्त

लोकमाया न्यूज।

**रायपुर।** रायपुर शहर में प्रॉपर्टी टैक्स संग्रहण को लेकर चलाए जा रहे विशेष अभियान का सकारात्मक परिणाम सामने आया है। रायपुर नगर निगम ने एक दिन के भीतर 500 से अधिक करदाताओं से एक करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि वसूल कर राजस्व संग्रहण में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। निगम प्रशासन का मानना है कि इससे विकास कार्यों के लिए वित्तीय संसाधन और मजबूत होंगे।

नगर निगम के अनुसार, विशेष वसूली अभियान के दौरान 515 संपत्ति मालिकों ने अपने बकाया कर का भुगतान किया। इस प्रक्रिया में कुल 1.13 करोड़ रुपए से अधिक की राशि निगम को प्राप्त हुई। अधिकारियों का कहना है कि लगातार संपर्क, जागरूकता और सख्ती की रणनीति का असर अब दिखाई देने लगा है।




### लक्ष्य आधारित रणनीति से बढ़ी वसूली

नगर निगम आयुक्त संबित मिश्रा द्वारा राजस्व विभाग को प्रतिदिन एक करोड़ रुपए की वसूली का लक्ष्य सौंपा गया था। इसके बाद विभागीय टीमों ने बड़े बकायादारों की पहचान कर उनके खिलाफ विशेष अभियान शुरू किया। नियमित समीक्षा और फील्ड स्तर पर निगरानी के चलते राजस्व संग्रहण में तेजी आई है।

### 30 जून तक मिल रही टैक्स में राहत

नगर निगम की राजस्व शाखा की उपायुक्त डॉ. अंजलि शर्मा ने बताया कि नागरिकों को समय पर कर भुगतान के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विशेष छूट योजना लागू की गई है। इसके तहत 30 जून तक प्रॉपर्टी टैक्स जमा करने वाले करदाताओं को 6.25 प्रतिशत की छूट प्रदान की जा रही है।

### सभी जोनों में चल रहा जागरूकता अभियान

निगम प्रशासन ने छूट योजना और कर भुगतान अभियान को शहर के सभी जोनों तक पहुंचाया है। इसके चलते बड़ी संख्या में नागरिक निर्धारित समय सीमा के भीतर टैक्स जमा कर रहे हैं। अधिकारियों को उम्मीद है कि आगामी दिनों में राजस्व संग्रहण का आंकड़ा और बढ़ेगा।

### विकास कार्यों को मिलेगा लाभ

नगर निगम का कहना है कि कर संग्रहण से प्राप्त राशि का उपयोग सड़क, नाली, पेयजल, सफाई और अन्य नागरिक सुविधाओं के विस्तार में किया जाएगा। प्रशासन का मानना है कि समय पर टैक्स भुगतान से शहर के विकास कार्यों को गति देने में मदद मिलेगी और शहरी सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार आएगा।

## डॉक्टर और स्टाफ की कमी से 60 प्रतिशत मरीजों की मौत शर्मनाक : शुक्ला

- सरकार की प्राथमिकता के लोगों को स्वास्थ्य और इलाज नही

लोकमाया न्यूज।



**रायपुर।** भाजपा की सरकार बनने के बाद राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था बदहाल हो गयी है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि यह बेहद चिंता का विषय है कि छत्तीसगढ़ में जिन मरीजों की मौते हो रही है। उनमें से 60 प्रतिशत से अधिक मरीजो की मौत केवल इसलिये हो रही है कि उनका समय पर ईलाज एक प्रशिक्षित डॉक्टर और स्टाफ से नहीं हो पाता है। सेंपल रजिस्ट्रेशन सिस्टम (एसआरएस) की हालिया रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि छत्तीसगढ़ में होने वाली कुल मौतो के पीछे एक बड़ा कारण ग्रामीण क्षेत्रों में प्रशिक्षित डॉक्टरो की कमी है। पूरे देश में छत्तीसगढ़ इस प्रकार की मौतो के मामलो में बिहार और झारखंड के बाद तीसरे स्थान पर है।प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा सरकार की प्राथमिकता में लोगो का ईलाज है ही नही, भाजपा सरकार के लिये स्वास्थ्य विभाग केवल भ्रष्टाचार करने का अड्डा मात्र बना हुआ है। प्रदेश के वर्तमान 10 मेडिकल कालेजो में 2660 स्वीकृत पदो में से 1290 पद लगभग आधे खाली पड़े है। ऐसे में मरीजो का कैसे ईलाज होगा। स्वास्थ्य केन्द्र, उपस्वास्थ्य केन्द्रो में 65 प्रतिशत स्थानों तथा जिला अस्पतालो में 60 प्रतिशत पद खाली पड़े है।